पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 04.12.2023 | वर्ष 10, अंक 328 | RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

सफलता का मिलना तय है, देखना तो यह है कि आप उसकी कितनी कीमत चुकाने को तैयार हैं।

## क्विक न्यूज

### पुलिस की गोलीबारी में ड्रग्स तस्कर की मौत

**कामरूप (असम) :** अमीनगांव में पुलिस की गोलीबारी में एक कुख्यात ड्रग्स तस्कर की मौत हो गई।पुलिस ने बताया कि अमीनगांव के पास अगियाठुरी में पुलिस की गोलीबारी में उक्त ड्रग्स तस्कर मारा गया। आज एक स्विफ्ट (एएस 01-एफक्यू-8535) कार पर सवार होकर तीन सदस्यीय ड्रग्स तस्करों की एक टीम जा रही थी।पुलिस को इस बारे में पता चला और उसने तस्करों को वाहन रोकने का इशारा किया। लेकिन, टीम ने पुलिस के इशारे पर ध्यान नहीं दिया और उनमें से एक ने वाहन से पुलिस पर गोली चला दी। जवाब में, पुलिस को गोली चलाने के लिए मजबूर होना पड़ा और गिरोह का एक तस्कर मारा गया।वाहन में सवार अन्य दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इस बीच पुलिस फायरिंग में एक आम व्यक्ति को भी गोली लगने की खबर है। इस घटना को लेकर इलाके में तनाव का माहौल है।

### अतिक्रमण पर गरजा बुलडोजर, 44 दुकानें ध्वस्त

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी में रामपुर रोड स्थित फॉरेस्ट की जमीन पर बनी 44 दुकानों से अतिक्रमण हटाया गया है। आज सुबह से ही प्रशासन का बुलडोजर 44 दुकानों पर एक तरफ से गरजना शुरू हुआ तो अतिक्रमणकारियों की एक ना चली। पीला पंजा धड़ाधड़ चलता गया और अतिक्रमण ध्वस्त होता रहा।सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी के मुताबिक वन विभाग की जमीन पर 44 दुकानें थी, जिनकी लीज समाप्त हो गई थी। वन विभाग ने इन दुकानों को हटाने के लिए पहले भी नोटिस जारी किया था, लेकिन दुकान स्वामी इस मामले को लेकर नैनीताल हाई कोर्ट चले गए थे। नैनीताल हाईकोर्ट ने दुकान स्वामियों को 4 महीने का समय दिया था। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक 30 नवंबर को दुकान स्वामियों को मिली समय अवधि समाप्त हो गई थी। इसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है, हालांकि प्रशासन का बुलडोजर चलने से पहले कुछ दुकान स्वामियों ने दुकानों को खुद ही खाली करना शुरू कर दिया था।

### अहमदनगर में अनियंत्रित कंटेनर ने तीर्थयात्रियों को कुचला, तीन श्रद्धालुओं की मौत

**मुंबई :**अहमदनगर जिले में घरगांव शिवरा के पास शिरडी से आलंदी जा रहे तीर्थयात्रियों के समूह में रविवार को अनियंत्रित कंटेनर घुस जाने से तीन श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में 10 तीर्थयात्री घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने घायल तीर्थयात्रियों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की गहन छानबीन जारी है। पुलिस के अनुसार आज तीर्थयात्रियों का समूह शिरडी से आलंदी की ओर जा रहे थे। अचानक संगमनेर तहसील के घरगांव शिवरन के पास हाईवे पर एक कंटेनर चालक की गलती से अनियंत्रित हो गया और तीर्थयात्रियों के समूह में घुस गया। इस घटना में तीन तीर्थयात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व मंत्री बालासाहेब थोरात मौके पर पहुंचे और घायलों के इलाज में मदद कर रहे हैं।

### उप राष्ट्रपति आईएसएम के दीक्षांत समारोह में शामिल होने 10 को पहुंचेंगे धनबाद

**रांची :**राज्य के धनबाद स्थित आईआईटी (आईएसएम) के 98वें स्थापना दिवस और 43वें दीक्षांत समारोह की तैयारी जोरों पर हैं। स्थापना दिवस समारोह नौ दिसंबर को है जबकि दीक्षांत समारोह 10 दिसंबर को है। दीक्षांत समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। उप राष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर डीसी वरुण रंजन, एसएसपी संजीव कुमार समेत अन्य अधिकारी रविवार को बरवाअड्डा स्थित एयरपोर्ट का निरीक्षण किया और विशेष निर्देश दिए।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28° |
| न्युनतम | 16° |

## तीन राज्यों की जीत 2024 में हैट्रिक की गारंटी : भाजपा

# छत्तीसगढ़, राजस्थान व एमपी में बीजेपी की शानदार जीत

एजेंसी

**नई दिल्ली :** देश के मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में बीजेपी अपना परचम लहराने में सफल रहा। वहीं तेलंगाना में कांग्रेस इतिहास रचते हुए पहली बार सरकार बनाने जा रही है.छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को पछाड़ते हुए बीजेपी ने बहुमत का आंकड़ा छू लिया.छत्तीसगढ़ के गठन के बाद इस राज्य में हुए विधानसभा चुनावों में पहली बार भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी जीत है। भाजपा ने 54 सीट पर बढ़त बना ली है। यह साल 2000 में राज्य गठन के बाद से हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा की अब तक की सबसे बड़ी जीत है।राजस्थान विधानसभा चुनाव में बीजेपी को स्पष्ट बहुमत मिल गया. बीजेपी 102 सीटें जीत चुकी हैं और 12 पर अभी बढ़त बनाए हुए है. बीजेपी को 114 सीटें मिलने का अनुमान है.इस बीच चर्चा सीएम चेहरे को लेकर होने लगी है.इस चर्चा में कुछ नाम प्रमुख तौर पर सामने हैं. पहला नाम दो बार मुख्यमंत्री रह चुकीं वसुंधरा राजे का है. लिस्ट में दीया कुमारी भी हैं.भारत का दिल कहे जाने वाले मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर बीजेपी की आंधी कांग्रेस की उम्मदों को उड़ा ले गई। शुरुआती रुझानों में ही बीजेपी प्रचंड बहुमत लेते दिख रही थी और फिर आंकड़ा 160 के पार पहुंच गया।जोरदार जीत दर्ज करते नजर आती पार्टी के कार्यकर्ता जश्न में डूब गए। तेलंगाना के रुझानों के मुताबिक राज्य में कांग्रेस को 65 सीटों पर और बीआरएस को 40 सीटों पर बढ़त मिली है. जबकि यहां बीजेपी के वोटिंग परसेंटेज में पिछले बार की तुलना में बढ़ोतरी हुई है.

### * तेलंगाना में कांग्रेस ने केसीआर को दी पटखनी

#### जनता-जनार्दन को नमन : पीएम मोदी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री मोदी ने बीजेपी की बंपर जीत पर सभी कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई दी. उन्होंने लिखा,जनता-जनार्दन को नमन! मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम बता रहे हैं कि भारत की जनता का भरोसा सिर्फ औ जीवीर सिर्फ सुशासन और विकास की राजनीति में है, उनका भरोसा भाजपा में है. भाजपा पर अपना स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद बरसाने के लिए मैं इन सभी राज्यों के परिवारजनों का, विशेषकर माताओं-बहनों-बेटियों का, हमारे युवा वोटर्स का हृदय से धन्यवाद करता हूं. मैं उन्हें भरोसा देता हूं कि आपके कल्याण के लिए हम निरंतर अथक परिश्रम करते रहेंगे. इस अवसर पर पार्टी के सभी परिश्रमी कार्यकर्ताओं का विशेष रूप से आभार! आप सभी ने अद्भुत मिसाल पेश की है. भाजपा की विकास और गरीब कल्याण की नीतियों को आपने जिस तरह लोगों के बीच पहुंचाया, उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वो कम है. हम विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं. हमें ना रुकना है, ना थकना है. हमें भारत को विजयी बनाना है. आज इस दिशा में हमने मिलकर एक सशक्त कदम उठाया है.



#### तेलंगाना की जनता को शुक्रिया खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तेलंगाना की जनता का शुक्रिया अदा किया.उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा,मैं तेलंगाना के लोगों को उनसे मिले जनादेश के लिए धन्यवाद देता हूं.मैं उन सभी को भी धन्यवाद देता हूं जिन्होंने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में हमें वोट दिया.इन तीन राज्यों में हमारा प्रदर्शन निस्संदेह निराशाजनक रहा है। लेकिन दृढ़ संकल्प के साथ, हम इन तीन राज्यों में खुद को पुनर्निर्माण और पुनर्जीवित करने के अपने मजबूत संकल्प की पुष्टि करते हैं. कांग्रेस पार्टी ने इन चारों राज्यों में जोरदार चुनाव प्रचार किया. मैं हमारे लाखों कार्यकर्ताओं के प्रयासों को स्वीकार करता हूं और उनकी सराहना करता हूं. हम अस्थायी असफलताओं से उबरेंगे और इंडिया की पार्टियों के साथ आगामी लोकसभा चुनावों के लिए खुद को पूरी तरह से तैयार करेंगे.

#### गहलोत ने दिया सीएम पद से इस्तीफा

राजस्थान विधानसभा चुनाव में बीजेपी को मिले स्पष्ट बहुमत और कांग्रेस की हार के बाद अशोक गहलोत ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया है. गहलोत शाम करीब सवा छह बजे इस्तीफा देने के लिए राजभवन पहुंचे. उन्होंने राज्यपाल कलराज मिश्र को अपना इस्तीफा सौंप दिया. राज्यपाल ने तत्काल प्रभाव से उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है. अब तक घोषित हुए परिणामों में बीजेपी बहुमत के आंकड़े 101 सीट से 11 सीटें ज्यादा जीत चुकी है. इसके अलावा 2 सीटों पर वह लीड बनाए है. वहीं कांग्रेस 71 सीटों पर सिमट गई है. वह 70 सीटें जीत चुकी हैं और एक पर बढ़त बनाए हुए है.

## तेलंगाना : रेवंत रेड्डी सीएम की रेस में सबसे आगे



एजेंसी

**हैदराबाद :** मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस को करारी हार मिली, लेकिन तेलंगाना के नतीजों ने उसे थोड़ी राहत जरूर दी है. तेलंगाना में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलता दिख रहा है. कांग्रेस की तरफ से तेलंगाना में चुनाव प्रचार का जिम्मा उसके कई बड़े नेताओं और कर्नाटक के नेताओं ने जमकर संभाला, लेकिन कांग्रेस की इस जीत का बड़ा श्रेय वहां के प्रदेश अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी को दिया जा रहा है. कई लोग जानना चाहते हैं आखिर कौन हैं रेवंत रेड्डी, जिन्होंने बीआरएस के किले में इस तरह सेंध लगा दी. तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी तेलंगाना में कांग्रेस की जीत के सबसे बड़े हीरो बनकर उभरे हैं.बता दें कि वर्ष 2017 में रेवंत रेड्डी टीडीपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए. 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर कोडांगल सीट से चुनाव लड़े, लेकिन हार का सामना करना पड़ा.2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने मलकाजगिरि सीट से टिकट दिया. मोदी लहर में भी तेलंगाना से कांग्रेस के जो तीन सांसद जीते उनमें इनका भी नाम था. साल 2021 में रेवंत रेड्डी को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली.।इस चुनाव में टिकट बंटवारे में भी रेड्डी ने कई कड़े कदम उठाए.

### तीन राज्यों में आप का नहीं खुला खाता

एजेंसी

**नयी दिल्ली:** एमपी, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जहां बीजेपी ने शानदार प्रदर्शन किया, वहीं तेलंगाना में कांग्रेस पहली बार सरकार बनाएगी.दिल्ली-पंजाब की सत्ताधारी पार्टी आम आदमी पार्टी ने भी एमपी, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में पूरे दमखम से चुनाव लड़ा था. खुद अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान ने कई रैलियां और रोड शो किए थे. हालांकि, चुनाव नतीजों में पार्टी कोई खास छाप छोड़ने में सफल होती नहीं दिख रही है.दिल्ली और पंजाब में सरकार बनाने के बाद केजरीवाल हिंदी बेल्ट के तीनों राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में आप का जनाधार बढ़ाने की कोशिश में लगे हुए हैं. इसी के तहत मध्य प्रदेश में आप ने 70 से ज्यादा सीटों पर,



राजस्थान में 88 और छत्तीसगढ़ में 57 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे. केजरीवाल ने दिल्ली-पंजाब की तरह इन राज्यों में भी मुफ्त बिजली-पानी और शिक्षा का वादा किया था. कई रैलियों और रोड शो के बावजूद आप को कोई फायदा मिलता नहीं दिख रहा है.आम आदमी पार्टी ने तेलंगाना में प्रत्याशी नहीं उतारे थे. चुनाव आयोग के मुताबिक, आम आदमी पार्टी को छत्तीसगढ़ में 0.97फीसदी वोट मिलता दिख रहा है. जबकि मध्यप्रदेश में 0.42फीसदी और राजस्थान में 0.37 फीसदी वोट मिल रहा है.

# चुनाव आयोग ने तेलंगाना के डीजीपी को किया सस्पेंड

**नतीजों से पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से की थी मुलाकात**



एजेंसी

**हैदराबाद :** तेलंगाना के चुनावी नतीजे आ गए. यहां कांग्रेस को बहुमत मिला है. एक तरफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है तो वहीं दूसरी ओर वोटिंग के दौरान राज्य कांग्रेस अध्यक्ष से मुलाकात करना डीजीपी को भारी पड़ गया है. सूत्रों का कहना है कि चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के लिए तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अंजनी कुमार को सस्पेंड कर दिया है.

चुनाव आयोग ने चीफ सेक्रेट्री को पत्र भेजकर तेलंगाना के डीजीपी अंजनी कुमार को निलंबित करने की सिफारिश की है.

सीएस बर्खास्तगी की कार्रवाई जारी करने की प्रक्रिया में हैं. दरअसल, रविवार सुबह डीजीपी ने राज्य पुलिस के नोडल अधिकारी संजय जैन और नोडल अधिकारी (व्यय) महेश भागवत के साथ वोटों की गिनती के बीच हैदराबाद में राज्य कांग्रेस अध्यक्ष अनुमुला रेवंत रेड्डी से मुलाकात की और फूलों के गुलदस्ता भेंट किया. सूत्रों के मुताबिक इस मुलाकात वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया है. इसके बाद चुनाव आयोग ने डीजीपी कुमार को निलंबित करने का आदेश दिया है.

# गैंगस्टर अमन सिंह की जेल में गोली मारकर हत्या

### * 24 घंटे पहले ही कोर्ट ने दिया था रिहाई का आदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जेल में बंद शूटर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि जेल में बंद कैदियों के बीच मारपीट हुई। जिसके बाद बजी पगली घंटी बजी। घटना की सूचना मिलते ही डीसी वरुण रंजन, धनबाद एसएसपी संजीव कुमार समेत तमाम आलाधिकारी जेल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। बताया जा रहा है कि जेल के अंदर गोली मारने की घटना के बाद आनन-फानन में अन्य कैदियों के बीच हड़कंप मच गया और कैदियों ने तत्काल इसकी सूचना जेल प्रशासन को दी। बताया जा रहा है कि मौके पर ही गैंगस्टर अमन सिंह की मौत हो गई। बता दें कि महज 24 घंटे पहले यानी शनिवार को ही धनबाद की कोर्ट ने अमन सिंह को कोर्ट ने रिहा करने का आदेश दिया था। लेकिन जेल से बाहर निकलने



से पहले ही उसकी हत्या कर दी गई। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी शिवम चौरसिया की अदालत ने अमन सिंह को रिहा करने का आदेश दिया था। हालांकि अमन सिंह धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या एवं अन्य आपराधिक मामलों में संलिप्त होने के कारण जेल से उनका बाहर निकलना मुमकिन नहीं था। धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड में यूपी एसटीएफ ने मिर्जापुर जेल के बाहर से मई, 2021 में अमन सिंह को गिरफ्तार कर धनबाद पुलिस को सुपुर्द किया था। वहीं धनबाद पुलिस ने अमन सिंह की प्रेमिका सहित दस कुख्यात अपराधियों को बीते जून महीने में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसके अलावा जून महीने में ही चासनाला में कोयला ट्रांसपोर्टर प्रवीण राय उर्फ पलटू राय की हत्या मामले में भी अमन सिंह का नाम सामने आया था। अमन सिंह का गैंग सिर्फ धनबाद व बोकारो के व्यापारियों से रंगदारी ही नहीं वसूल रहा है, बल्कि सुपारी लेकर लोगों की हत्या की घटनाओं को भी अंजाम दे रहा था।

**बताया जा रहा है कि मौके पर ही गैंगस्टर अमन सिंह की मौत हो गई। बता दें कि महज 24 घंटे पहले यानी शनिवार को ही धनबाद की कोर्ट ने अमन सिंह को कोर्ट ने रिहा करने का आदेश दिया था। लेकिन जेल से बाहर निकलने से पहले ही उसकी हत्या कर दी गई।**

# एमपी : शिवराज की वापसी में लाड़ली बहन योजना का अहम रोल

एजेंसी

**भोपाल :** मध्यप्रदेश की सत्ता पर एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी काबिज हो गया। प्रदेश से शिवराज सिंह चौहान के विदाई का रास्ता देख रहे विरोधियों को भी करारा जवाब मिला है। चौहान एक बार फिर प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी किए हैं। चुनाव में भले ही केंद्रीय नेतृत्व ने शिवराज को चेहरा न बनाया हो, बावजूद इसके शिवराज ही केंद्र में नजर आए। 230 विधानसभा सीटों में से 160 सीटों पर उन्होंने ताबड़तोड़ रैलियां और सभाएं कीं। शिवराज सिंह चौहान की लाड़ली बहन योजना चुनाव में गेम चेंजर साबित हुई। इस बंपर जीत के पीछे महिला वोटरों की भूमिका बेहद अहम मानी जा रही है।

**महिलाओं में शिवराज ही लोकप्रिय:** शिवराज की वापसी में सबसे अहम रोल लाड़ली बहन योजना ने निभाया। इस योजना ने चौहान की राजनीतिक किस्मत बदल कर रख दी है। लाड़ली बहना योजना के तहत मध्यप्रदेश की 1.31 करोड़ महिलाओं को 1250 रुपये हर महीने दिये जा रहे हैं। एमपी की 7 करोड़ आबादी में लाड़ली बहना योजना की लाभार्थियों ने शिवराज को भर भर कर वोट दिया है। महिलाओं और लड़कियों के लिए शिवराज का नाम एक भरोसा था, इस पर उन्होंने यकीन किया। इस चुनाव में शिवराज ने न सिर्फ अपने इस स्कीम को प्रचारित किया बल्कि



अपने पुराने रिकॉर्ड का भी हवाला दिया और अपने 18 साल के शासन की दुहाई दी। मध्यप्रदेश में भाजपा ने सीएम चेहरा किसी को घोषित नहीं किया था, लेकिन शिवराज सिंह चौहान चुनाव को लीड कर रहे थे। शिवराज बनाम कमलनाथ के बीच यह जंग मानी जा रही थी। ऐसे में शिवराज की लोकप्रियता कमलनाथ पर भारी पड़ी है। एग्जिट पोल सर्वे में भी शिवराज पहली पसंद बनकर उभरे हैं। इसी का भाजपा को चुनाव में फायदा मिल। महिलाओं के बीच शिवराज की अपनी एक लोकप्रियता है, जबकि कमलनाथ की उस तरह से पकड़ नहीं है।

**मामा का इमोशनल कार्ड:** इस चुनाव में भाजपा ने मध्यप्रदेश में शिवराज को बतौर सीएम उम्मीदवार नहीं उतारा। चुनाव प्रचार के दौरान इस बात के कयास लगाये जा रहे हैं कि अगर एमपी में भाजपा जीतती भी है, तो शिवराज सीएम नहीं बनेंगे। इससे ये संदेश गया कि शिवराज की स्थिति कमजोर है। लेकिन इस मुद्दे पर शिवराज इमोशनल कार्ड खेल गए। शिवराज ने प्रचार के दौरान साफ साफ मतदाताओं-महिलाओं से पूछा कि क्या आप नहीं चाहते हैं कि आपका मामा, आपका भाई मुख्यमंत्री बने? शिवराज के इस सवाल पर वोटर्स ने भारी शोर के साथ उनके पक्ष में जवाब दिया। अब तो आंकड़े ये भी बता रहे हैं कि न सिर्फ मतदाताओं ने जवाब दिया, बल्कि शिवराज को भारी वोट दिया।

**शिवराज खुद बने ब्रांड:** मध्यप्रदेश में 16 साल तक मुख्यमंत्री रहने वाले शिवराज वोटर के सामने खुद भी ब्रांड बन गए। इस दौरान उन्होंने एमपी को बीमारू राज्यों की कैटेगरी से बाहर निकला है। कई शहरों का कायाकल्प किया। लोगों ने काम करने के इस तरीके को पसंद किया, उन्हें ब्रांड शिवराज पर भरोसा नजर आया, इसलिए लोगों ने शिवराज को वोट दिया। यहां भाजपा का डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर का सिद्धांत शिवराज के काम आया। जब योजनाओं का फायदा सीधे जनता के हाथ में पहुंचता है, तो सरकार और सिस्टम पर उनका यकीन बढ़ जाता है।

### राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का को दी श्रद्धांजलि

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को परमवीर चक्र विजेता शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। राज्यपाल ने अल्बर्ट एक्का चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

असर्फी कैंसर संस्थान, धनबाद
असर्फी हॉस्पीटल
वही तरीका वही ईलाज
संभव है, कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
मुँह और गले का कैंसर | अंडाशय का कैंसर | पित्ताशय का कैंसर
स्तन कैंसर | फेफड़ा का कैंसर | हड्डी का कैंसर
गर्भाशय के मुँह का कैंसर | पेट का कैंसर | मलाशय का कैंसर
आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना और अन्य विभिन योजनाओ द्वारा ईलाज की सूविधा
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road,Bhuli,Dhanbad-828105

**संक्षिप्त खबरें**

### शादी की तैयारी, अगले सुबह शोक में बदल गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सगमा प्रखंड के मकरी गांव निवासी 80 वर्षीय भाजपा के पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष बसंत लाल जयसवाल का निधन रविवार को हो गया ।बसंत लाल जयसवाल के घर से सुबह 10 बजे उनके पोते सुभम जयसवाल की बारात यूपी के गोपीगंज जाना था। इसके लिए घर मे सभी मेहमानों की उपस्थिति में शानिवार की शाम को प्रीति भोज का आयोजन किया गया था। शादी की तिथि व तैयारी को देखते हुए दूल्हा बने सुभम को भरे मन से अपने सहयोगियों के साथ बारात लेकर गोपीगंज जाना पड़ा । इधर बसंत लाल के निधन के बाद पूरा गांव सोक में डूब गया जबकि परिजनों को रोने से कोहराम मचा हुआ है। इसकी सूचना पर मकरी गाँव निवासी मृतक के भतीजे भाजपा के ब्यापार प्रकोष्ट के जिला संयोजक राजेश जयसवल ने बताया कि इस घटना के बाद आनन फानन में कुछ लोगो के साथ सादी की बारात भेज दिया गया है जबकि दूल्हा सुभम के पिता व मृतक बसंत लाल के छोटे पुत्र नागेंद्र जयसवल को अपने एकलौते पुत्र सुभम की सादी में सामिल नहीं होने का मलाल है।

# तीन राज्यों में मिले बंपर जीत से उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला जुलूस

## पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी भी जुलूस में हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** तीन राज्यों में मिले बंपर जीत से उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को बिश्रामपुर में विजय जुलूस निकाला। जुलूस की शुरुआत थाना चौक से हुआ। जुलूस के दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मिठाई खिलाया। नगर भ्रमण के बाद सोरडिहा में जुलूस का समापन हुआ। जुलूस में पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी भी शामिल हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया। चंद्रवंशी ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री मोदी के गारंटी की जीत है। जुलूस में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष बबन राम, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, शिवबंश मिश्रा, किरण शर्मा, संजय ठाकुर, संजय शाह, देवनारायण सिंह खरवार, मनीष कुमार, संतोष राम, अर्चना देवी, धर्मेंद्र कुमार, उखमेजी यादव, इदरीश हवारी, सत्यनारायण सोनी सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता शामिल थे।

# हरिहरगंज में भाजपा कार्यालय में मना जश्न, तीन राज्यों में सरकार बनती देख मिठाइयां बंटी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज, पलामू :** देश के तीन राज्य छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में भाजपा की जीत पर भाजपा नेताओं ने जश्न मनाया। मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम के नेतृत्व में आतिशबाजी कर मिठाई बांटकर जीत की खुशी मनायी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने कहा कि जीत पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह के कुशल नेतृत्व का सबूत है, कहा कि चार राज्यों के चुनाव में तीन राज्यों में बीजेपी की जीत के रुझान में यह साबित कर दिया है कि जनता जागरुक हो गयी है। जनता ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताने के साथ-साथ उनके वादे पर भी भरोसा जताया है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, मुन्ना विश्वकर्मा, सनी गुप्ता, भीमसेन शर्मा, अशोक सिंह, रघुनंदन साव, लखन साव, कारण राजवीर, मनोज मेहता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता वह लोग मौजूद थे।

# 100 वर्षीय महाबीर साव कश्यप के निधन से शोक



**हुसैनाबाद, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत वार्ड 8 जवाहिर साव गली निवासी 100 वर्षीय महाबीर साव कश्यप का सुबह 5 बजे निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये। उनका अंतिम संस्कार सोन नदी में किया गया। उनके निधन पर हुसैनाबाद के राजनीतिक एवं सामाजिक लोगो ने शोक संवेदना व्यक्त किया है जिनमे भा ज पा के रविन्द्र कु सिंह, कर्नल संजय सिंह, अजय गुप्ता, विनोद कु सिंह, संजय कु सिंह यादव, धनन्जय तिवारी, दिनेश कश्यप, लोक नाथ केशरी, अशोक कश्यप, ओमप्रकाश गुप्ता, देवेन्द्र नाथ गुप्ता, राजकुमार कश्यप, दिनेश आनन्द, राजू गुप्ता, सुबोध कश्यप, राजेन्द्र पाल, श्रवण कुमार, सूरज कुमार का नाम प्रमुख है।

# तीन राज्यों में बीजेपी को भारी बहुमत, पीएम मोदी पर लोगों का भरोसा कायम : कर्नल संजय



**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जीत की सभी को बधाई देते हुए कहा कि तीन राज्यों में भाजपा को जीत दिलाकर लोगों ने यह साबित कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उनका भरोसा कायम है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कर्नल संजय सिंह ने कहा कि यह जीत केवल तीन प्रदेशों की नहीं बल्कि इसका असर पुरे देश पर पड़ेगा। लोग आज भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को स्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस जीत में सभी का मिला-जुला प्रयास है, मगर अगुवाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कर रहे है तो इसलिए इस जीत को इसलिए इस जीत को मोदी फैक्टर ही कहा जाएगा। उन्होंने समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी है।

# चुनाव के जीत की खुशी में निकाला जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर बाजार मोहल्ला में तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में मिली प्रचंड जीत से उत्साहित भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी चैनपुर मंडल अध्यक्ष श्री शशि भूषण पांडे एवं मनोज दास के अध्यक्षता में भाजपा के तीन राज्यों में जीत के खुशी में विजय जुलूस निकाला गया।अबीर गुलाल लगाते हुए एक दुसरे को लड्डू खिलाया गया और विजय जुलूस निकाला गया।जुलूस में जिला सांसद प्रतिनिधि श्री आनंद कुमार सिंह भाजपा मंडल महामंत्री श्री मनीष कुमार पांडे रूपेश कुमार भाजपा उपाध्यक्ष धीरज कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष नानक चौधरी युवा मोर्चा अध्यक्ष सुद्रेश्वर चौधरी लालमणि पासी केदार राम पासी रामलाल प्रसाद अशोक प्रसाद अमित प्रसाद बंदुवा मुखिया दीनानाथ मांझी दीपक कुमार गुप्ता दिनेश कुमार कश्यप नंदकिशोर प्रसाद गुप्ता ईश्वरी प्रसाद दिनेश प्रसाद कश्यप धनंजय कुमार गुप्ता अमन मालाकार दिनेश प्रजापति प्रीतम कुमार श्याम कुमार दास छोटू कुमार अमित कुमार सोनी सही सैकड़ो कार्यकर्ता एवं आम लोग मौजूद थे। खुशी का इजहार करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडे ने कहा कि सनातनियो की उपेक्षा कर तुष्टिकरण की जो राजनीतिक करेंगे उसको करारा जवाब देश की जनता जरूर देगी। यशवी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। देश में हो रहे विकास एवं जनकल्याण के लिए किये जा रहे कार्य के बल पर भाजपा 2024 में भी राष्ट्रीय स्तर पर विजई होगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश का नेतृत्व करेंगे और भारत का डंका राजनीतिक आर्थिक सांस्कृतिक एवं अन्य क्षेत्र में दुनिया में बजाएंगे। कार्यकर्ताओं ने बीजेपी जिंदाबाद नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी पटाखे छोड़े और लोगों के बीच मिठाई बांटी।

# सहायक अध्यापकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** भवनाथपुर विधानसभा के सहायक अध्यापकों ने वर्तमान सरकार द्वारा चुनावी घोषणा पत्र का अनुपालन ना करने की स्थिति में वादा पूरा करो हेमंत सरकार, सहायक अध्यापक आपके द्वार सांगठनिक कार्यक्रम के तहत स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही को 5 सूत्री मांग पत्र सौंप वेतनमान दिलाने की मांग की।विधायक को दिए पत्र में बताया गया कि जेएमएम एवं कांग्रेस के महागठबंधन ने गत विधानसभा चुनाव के पूर्व वादा किया था कि सरकार बनने के तीन माह के अन्दर सभी पारा शिक्षकों को वेतनमान दिया जाएगा।समान काम के समान वेतन के तहत पारा शिक्षकों को वेतनमान का तोहफा दिया जाएगा। मगर सरकार बनने के चार वर्ष गुजर जाने के बाद भी वेतनमान सहित अन्य मुद्दों पर सकारात्मक पहल नहीं की गई। मौके पर विधायक भानु प्रताप शाही ने पारा शिक्षकों की इस स्थिति के लिये संघ के पूर्व नेता विक्रांत ज्योति को जिम्मेदार बताते हुए कहा सरकार आप सबो में केवल उन्माद भरकर सत्ता में लौटी है। पारा शिक्षको की समस्या निराकरण को लेकर मैं ही नही पूरी पार्टी संवेदनशील है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आपकी मांगो को पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा। इस मौके पर भवनाथपुर प्रखण्ड अध्यक्ष अनिल कुमार यादव, प्रिय रंजन यादव, संतोष कुमार, अशोक गुप्ता, विवेकानंद पाठक वंशीधरनगर से बिनीद ठाकुर, आलम अंसारी, हृदया गुप्ता, अनूप विश्वकर्मा, उस्मान अंसारी, आबिद हुसैन, कृष्णानंद, प्रवीण शुक्ला, नकछेदी महतो, बाबूलाल सिंह, देवचंद सिंह, ज्ञान प्रकाश, अरविंद ठाकुर सहित भवनाथपुर विधानसभा के दर्जनों पारा शिक्षक उपस्थित थे।

# अनिल कुमार ने लगाई न्याय की गुहार



**हरिहरगंज, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिजली विभाग के मानव दिवस कर्मी अनिल कुमार सिंह ने झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष को पत्र लिखकर न्याय देने की गुहार लगाई है, न्याय नहीं मिलने पर आत्मदाह करने की चेतावनी भी दिया है। दिए गए पत्र में छतरपुर के कार्यपालक विद्युत अभियंता रामगोपाल राम के द्वारा मनमानी ढंग से काम करने का आरोप लगाया है, विरोध करने पर सरकारी काम में बाधा डालने के मामला मे केस कर अंदर करने की धमकी भी देते हैं। अनिल सिंह ने बताया कि सात वर्षो से विभाग में काम करते आ रहे हैं लेकिन कार्यपालक पदाधिकारी मौखिक रूप से अभी काम नहीं करने का भी निर्देश दिया है जबकि विभाग का कार्य पूरे निष्ठा के साथ करते आ रहे है। दस दिन पहले भेजे गये पत्र में कार्यपालक पदाधिकारी के खिलाफ कई गंभीर आरोप भी लगाए है जिसमे गलत तरीके से क्रशर प्लांट में कनेक्शन देने, विभागीय सामग्री का धड़ल्ले से उगाही करने, निगम को करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंचाने आदि आरोप लगाए गए हैं। सिंह ने बताया कि विभाग से उचित न्याय नही मिलता है तो आत्मदाह करने को मजबूर हो जायेगें जिसकी सारी जवाबदेही कार्यपालक पदाधिकारी कि होगी।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया बहन शैक्षणिक परिभ्रमण पर सासाराम गये



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज, पलामू :** हरिहरगंज सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया बहन रविवार को एक दिवसीय शैक्षणिक परिभ्रमण पर सासाराम गये। सासाराम में ऐतिहासिक शेरशाह सूरी का मकबरा, पायलट बाबा का आश्रम एवं ताराचंडी मंदिर का दर्शन किया। भैया बहनों को शेरशाह सूरी का इतिहास एवं उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आचार्य संजय कुमार सिंह ने भैया बहनों को बताया कि वर्ष 1545 में शेरशाह सूरी के पुत्र इस्लाम साह के शासन काल में शेर साह का मकबरा बनाया गया था, साथ ही कई जानकारियां देने का काम किया। प्रधानाचार्य विजेंद्र प्रसाद ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण से भैया बहनों को काफी कुछ सीखने को मिलता है, पढ़ाई के साथ शैक्षणिक भ्रमण भी जरूरी है। आचार्य नीलिमा मेहता, हंसराज गुप्ता ,मोहन ठाकुर शैक्षणिक भ्रमण में शामिल थे।

# किसी भी परिस्थिति में विद्यालय ना हो बंद : बीईईओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** किसी भी परिस्थिति में विद्यालय बंद ना हो इसका ध्यान रखें उक्त बातें पंडवा के नव प्रतिस्थापित बीईईओ हरि प्रसाद ठाकुर ने कही वे शनिवार को पंडवा बीआरसी में योगदान के पश्चात उपस्थित बीआरसी कर्मियों को संबोधित कर रहे थे। कहा कि पीएम पोषण योजना के तहत संचालित बच्चों का मध्याह्न भोजन किसी भी परिस्थिति में बंद ना हो इसका भी ध्यान रखें। कहा कि विद्यालय में अध्यनरत बच्चों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत मिले यह सुनिश्चित करें। इस मौके पर राहुल त्रिपाठी, शिक्षक राजीव तिवारी, संतोष कुमार मेहता, सीआपी दिनेश कुमार सिंह, राजन कुमार, धिरज मोहन, बीआरपी सुभाष चन्द्र ओझा, ओमप्रकाश सिंह, संजय मेहता, इंद्रजीत कुमार, सत्येंद्र मेहता, आनंद पांडेय, शशि कांत मेहता उपस्थित थे।

# तीन राज्यों में बीजेपी की जीत नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व का नतीजा : कमलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** देश के तीन राज्यों छत्तीसगढ़ राजस्थान व मध्य प्रदेश में भाजपा की जीत ने नरेंद्र मोदी व अमित शाह के कुशल नेतृत्व का सुबूत है। यह बात राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजीत गुट) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कही। श्री सिंह ने कहा कि चार राज्यों के चुनाव में तीन राज्यों में बीजेपी की जीत ने यह साबित कर दिया है कि जनता जागरूक हो गई है। जनता ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वाश जताने के साथ साथ उनके वायदे पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वाश पाने में बीजेपी कामयाब रही है, आगे और आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले लोक सभा चुनाव में बीजेपी गठबंधन प्रचंड बहुमत लेकर आयेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की सभी लोकसभा सीटें बीजेपी गठबंधन के खाते में डालने के लिए गठबंधन पूरी ताकत के साथ जुटा है। उन्होंने तीन राज्यों की जीत पर एनडीए के देश व झारखंड राज्य के नेताओं को बधाई दी है। उधर एनसीपी के हुसैनाबाद कार्यालय में भी जश्न का माहौल है। कार्यकर्ता एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं और मिठाई बांट रहे हैं। हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी पांच प्रखंडों में भी एनसीपी कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है।

# पिपरा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाइयां



**पिपरा, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पिपरा बाजार स्थित भाजपा कार्यालय पर मध्य प्रदेश राजस्थान छत्तीसगढ़ के नतीजो के रुझान भाजपा पार्टी के पक्ष में आता हुआ दिखाई देने के साथ ही दिन भर लोगों का आना-जाना पार्टी कार्यालय पर लगा रहा। भाजपा प्रखंड अध्यक्ष संजय मेहता युवा मोर्चा अध्यक्ष अनिल प्रजापति महिला मोर्चा अध्यक्ष संजू सिंह के नेतृत्व में बाजार क्षेत्र मे मिठाइयां लोगों को खिलाया गया। प्रखंड अध्यक्ष संजय मेहता ने कहा कि तीनों राज्यों मध्य प्रदेश राजस्थान छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत की सरकार बना रही है। मोदी सरकार पर लोगों का भरोसा है नतीजो से यह साबित होता है कि सरकार भी लोगों के भरोसे पर लगातार खरा उतर रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मिठाइयां खिलाया। वहीं जिला कार्य समिति सदस्य लाल बहादुर सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में भी बीजेपी पार्टी का झंडा लहराएगा। यह पार्टी के साथ-साथ कार्यकर्ताओं की भी जीत है। मौके पर ऋषभ रंजन गुप्ता भोला सोनी अवधेश पासवान प्रमिला देवी गायत्री देवी तेतरी देवी रूपवंती देवी मीना देवी सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# एसपीडी कॉलेज में इग्नू की अभिप्रेरणा बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** स्थानीय सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज स्थित इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) स्टडी केन्द्र में रविवार को इग्नू की अभिप्रेरणा बैठक संपन्न हुयी। इस मौके पर स्टडी केन्द्र के नए सत्र जुलाई 2023 में नामांकित शिक्षार्थियों को इग्नू के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। मौके पर अभिप्रेरणा बैठक को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे ने कहा कि इग्नू द्वारा जारी किये गये पाठ्यक्रम स्वयं में बहुत ही प्रभावशाली है। यह पाठ्यक्रम प्रतियोगी परीक्षा में सहायक होता है। साथ ही यह लेखन शैली को विकसित करने में भी सहायक होता है। इसकी स्थापना महान् उददेश्यों के साथ हुई थी जिसमें विभिन्न आधुनिक साधनों के माध्यम से ज्ञान तथा अधिगम में वृद्धि करना तथा उसका प्रसार करना, दूरस्थ शिक्षा व्यवस्था को औपचारिक शिक्षा के पूरक के रुप में स्थापित करना आदि शामिल है। मौके पर इग्नू स्टडी केन्द्र के समन्वयक डा. अरुण कुमार तिवारी ने शिक्षार्थियों के बीच इग्नू के विभिन्न कोर्स से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी रखी। उन्होने कहा कि इग्नू एक संवैधानिक तथा राष्ट्रीय संस्था है। इसके अध्ययन केन्द्र आवश्यकता के अनुरुप सम्पूर्ण देश में स्थापित है। शिक्षार्थियों के लिए जो अपने समय अनुसार सीखना चाहते हैं, उनके लिए इग्नू एक अच्छा चयन है। यह एक विस्तृत विषय सूची प्रदान करता है, ताकि छात्र अपने रुचियों के अनुसार कोर्स चुन सकें। इग्नू उन छात्रों के लिए एक बेहतर विकल्प है जो विभिन्न कारणों अपने काम, परिवार या स्थान सीमाओं के कारण रेगुलर विश्वविद्यालयों में शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकते हैं। प्रो. विवेकानंद उपाध्याय ने शिक्षार्थियों को असाईन्मेंट के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी रखी। उन्होने शिक्षार्थियों को इस ओर ध्यान देने की बात कही। वहीं प्रो. भरत उपाध्याय, प्रो. परवेज आलम, प्रो. अर्जुन प्रसाद ने इग्नू की परीक्षा में प्राप्त होने वाले अंक, टर्म इंड परीक्षा, असाईनमेंट के अंक आदि के संबंध में विस्तृत रुप से व्याख्या की। अभिप्रेरणा बैठक का संचालन प्रो. अरविन्द कुमार गुप्ता व धन्यवाद ज्ञापन प्रो. कमलेश सिन्हा ने किया। इस मौके पर अखिलेश कुमार तिवारी, मनोहर राम, चन्द्रकान्त सिंह आदि उपस्थित थे।

# आवागमन को लेकर चालक के साथ मारपीट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार थाना क्षेत्र अंतर्गत पाचाडुमर गांव में रविवार को सड़क पर आवागमन को लेकर मामूली विवाद हुआ जिसमें गांव के ही चंद्रकांत मेहता और बसंत मेहता की पत्नी ने एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। उक्त घायल युवक मुकुन्दपुर गांव के मायर टोला निवासी सतीश सिंह पिता कृष्णा सिंह घायल हो गया। घायलावस्था में उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के पश्चात घायल युवक ने केतार थाना में आवेदन देकर उक्त लोगों पर गाली गलौज करते हुए लाठी, डंडे और टांगी से मारपीट करने और 700 रू लूट लेने का आरोप लगाते हुए उक्त लोगो पर कारवाई के लिए आवेदन दिया है। वहीं घायल युवक सतीश कुमार ने प्रसाशन से न्याय की गुहार लगाई है।

# तीन राज्यों में भाजपा के प्रचंड जीत के बाद भाजपाईयों ने मनाया जश्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विशुनपुरा :** भारतीय जनता पार्टी मंडल बिशुनपुरा के कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश में भाजपा के प्रचंड जीत के बाद बम-पटाखे फोड़ कर एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक होते हुए चक- चक मोड़, शंकर मोड़ तक भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, जेपी नड्डा जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद, बाबूलाल मरांडी जिंदाबाद, विष्णु दयाल राम जिंदाबाद, भानु प्रताप शाही जिंदाबाद के नारा लगाते हुए जश्न मनाया। पार्टी के वरिष्ठ नेता कृष्णा विश्वकर्मा ने बताया कि यह तीन राज्यों का प्रचंड जीत का श्रेय जनता तथा पार्टी के कार्यकर्ता के बदौलत संभव हो सका जो दिन रात अथक प्रयास और जी तोड़ मेहनत करते हुए पार्टी को जीत दिलाई इस बड़ी खुशी के लिए समस्त जनता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी द्य उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान में कांग्रेस के कुशासन का अंत हुआ। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया प्रतिनिधि अशोक पासवान, विधायक प्रतिनिधि सह जिला सोशल मिडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, मण्डल उपाध्यक्ष अशोक मेहता, मिडिया प्रभारी मंटू पाण्डेय उर्फ़ सुधीर पाण्डेय, रामलखन मेहता, राजेंद्र प्रसाद, दया शंकर बैठा, पंकज गुप्ता, कुलदीप बैठा, संतोष गुप्ता, अयोध्या यादव, जवाहर सिंह, मनोज देव, विश्वनाथ गुप्ता, विनायक दुबे आदि कई कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा के तीन राज्यों में बहुमत से जीत हासिल करने पर रंका भाजपाईयों ने निकाला जुलूस



**रंका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के तीन राज्य में बहुमत से जीत हासिल करने पर आज रंका भाजपाइयों ने भव्य जुलूस निकाल कर किया खुशी का इजहार इस संबंध में है रंका भाजपा उतरी मंडल अध्यक्ष बसंत प्रसाद गुप्ता ने बतलाया कि भाजपा छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश और राजस्थान में बहुमत से जीत हासिल की है जिसके खुशी में आज रंका भाजपा की ओर से लोगों के मुंह मीठा एवं पटाखे फोड़ कर जुलूस निकाली गई है उन्होंने बताया कि वह दिन दूर नहीं जब झारखंड में भी भाजपा की लहर देखी जाएगी और बहुमत से हमारी पार्टी सरकार बनाएगी जिसकी खुशी में आज भारतीय जनता पार्टी जुलूस निकालकर पटाखे फोड़ कर एवं लोगों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार कर रहे हैं इस मौके पर राजू राज तिवारी उत्तम पांडे संतोष चंद्रवंशी भोला ठाकुर अशोक कमलापुरी बलराम यादव मनोज कुमार ठाकुर, मुरारी यादव आदि भाजपा कार्यकर्ता इस जुलूस में उपस्थित थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## मोदी की गारंटी पर देश की जनता ने विश्वास जताया : संजय सेठ

**रांची।** सांसद संजय सेठ छत्तीसगढ़ के सूरजपुर संभाग के प्रभारी के तौर पर तीनों विधानसभा के प्रत्याशी की जीत हुई। सांसद संजय सेठ ने तीन राज्यों के प्रचंड जीत पर बधाई दी है। सांसद सेठ ने कहा देश की जनता ने नरेंद्र मोदी की गारंटी पर अपना विश्वास जताया। सांसद सेठ ने इस जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित बीजेपी के सभी कार्यकर्ता और तीनों राज्य की जनता का आभार जताया है। जिनके कुशल नेतृत्व में भाजपा ने तीनों राज्य में प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की। सांसद संजय सेठ ने छत्तीसगढ़ के सूरजपुर संभाग के तीनों विधानसभा के प्रभारी के रूप में काम किया। तीनों विधानसभा में भाजपा के प्रत्याशी भटगांव विधानसभा, प्रेम नगर, प्रतापपुर में प्रचंड बहुमत के साथ जीत हासिल की। इस जीत के लिए संसद ने तीनों प्रत्याशी को बधाई दी और सूरजपुर संभाग के जनता वहां के भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया।

## डेंटल कॉलेज रिम्स के पीडोडोंटिक डिपार्टमेंट में पीडोडोंटिक दिवस संपन्न

**रांची :** डेंटल कॉलेज रिम्स के पीडोडोंटिक डिपार्टमेंट में पीडोडोंटिक दिवस मनाया गया। दांतों की सही देखभाल एवं ब्रश सही से करने की जानकारी दी गई। बाल दंत रोग विशेषज्ञ डॉ निशिता, डॉ स्वाती, डॉ. सायनी डॉ संगीता हीमोफीलिया सोसायटी से विशेष रूप से आए बच्चों का चेक-अप व इलाज किया। इस दिवस पर एक ड्राइंग कंपटीशन भी सभी इलाज के लिए आए बच्चों से कराया गया। सभी बच्चों में टूथपेस्ट और इसटेशनरी सेट गिफ्ट किया गया। इंटर्न- शालिनी, शुभम, शालिनी। अनिकेत, संस्कार, अदिति, आस्था, अनामिका, पिंकी, संगीता ,मानिक ने बच्चों के इलाज में सहयोग किया। प्रभारी प्राचार्य डा विरेन्द्र प्रजापति ने बच्चों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर डॉ अजय शाही, डॉ ओम प्रकाश, डॉ सुभाष चन्द्रा, डॉ अभय जैन, डॉ विष्णुपति , मुक्ता जायसवाल उपस्थित रहे।

# संविधान नहीं बचा तो यह देश टूट जायेगा : फुरकान अंसारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद संविधान सभा के अध्यक्ष थे। उसके जनतांत्रिक अधिकार पर चर्चा हुई। संविधान का पहला पन्ना इस पन्ने को कोई बदल नहीं सकता है। तानाशाह हिटलर भी चुनाव जीत कर आया था। यहां जो शासन है एलेकशन कमीशन के गठन पर सुप्रिम कोर्ट ने भी सवाल उठाया है। कहा की एलेकशन कमीशन में अपोजीशन व एक सरकार के मंत्री होना चाहिये। सुप्रिम कोर्ट के फैसले को मोदी ने बदल दिया। नोट बंदी कर संविधानी ढांचे को ठेंगा दिखाया। आजादी के बाद संविधान की बोलने, लिखने, न्याय मांगने की आजादी खत्म हो गई। वह रविवार को संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ महाअधिवेश में बतौर मुख्य अतिथि अपने उद्गार व्यक्त कर रहे थे। इसका आयोजन मुस्लिम मजलिस ए उलेमा



झारखंड के तत्वावधान पर मेन रोड स्थित सिटी प्लाजा सभागार में किया गया था।

**संविधान नहीं बचा तो यह देश टूट जायेगा : फुरकान** पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने कहा कि संविधान नहीं बचा तो यह देश टूट जायेगा। देश बचाने के लिये इस अभियान को चलाना होगा।

**अमीर-गरीब सभी के लिये संविधान में समान अधिकार : मुफ्ती अजहर:** मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने कहा कि भारत के खुबसूरत गुलदस्ते के हर धर्म के लोगों को एक साथ खूबसूरत जिंदगी गुजारने का संविधान में अधिकार है।

**लोकतंत्र को खत्म करने वाले को ही खत्म कर देंगे : मेहता:** पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता ने कहा कि आज देश का संविधान संकट में है। लोकतंत्र संकट में है। भारत की आजादी में हिंदू, मुसलिम, सिख, इसाई सभी ने अपनी शहादत दी है। वहीं आंदोलनकारी प्रभाकर तिर्की ने कहा कि जमीन का लिखित खतीयान है, उसी तरह हर नागरिक का लिखित संविधान है। इसे सभी को जानना जरूरी है। इस मौके पर सात साल के बच्चे मो जैन ने संविधान पर इंग्लीश में स्पीच दिया । मौके पर सुधीर गोप, आबिद अली अंसारी, कैलाश यादव, मौलाना यासीन कासमी, आजम अहमद, भुवनेश्वर केवट, फरहाना खातून, हाजी मो मजहर, मोख्तार अहमद ने भी अपने अपने विचार रखा। मौके पर अनवर खान, मो जबिउल्लाह, मो नसीम, मास्टर मुजम्मिल, अकीलुर्रहमान, शोएब अंसारी, अब्दुल खालिक, बदरु मलिक, आदिल रशीद, इम्तियाज अहमद, दानिश अय्याज, गुलाम सरवर रिजवी, शकील अहमद, महमूद आलम, अरशद कमाल, सैयद नेहाल, अब्दुल खालिक, इंजिनियर इकबाल हसन, निजाम अली अंसारी, मौलाना शाकिर, रिजवान अंसारी, मास्टर सिद्दीक, गुलाम सरवर, मिन्हाज गद्दी, मंसूर खान, हाजी इकबाल, शाहीन मरयम, अकरम नवाज, आदि शामिल थे।

# राष्ट्रीय प्रदूषण रोकथाम दिवस की पूर्व संध्या पर डॉक्टरों ने तत्काल स्वास्थ्य सलाह जारी किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रीय प्रदूषण निवारण दिवस की पूर्व संध्या पर, स्विचऑन फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रमुख चिकित्सा पेशेवरों द्वारा वायु प्रदूषण और जनता पर इसके हानिकारक प्रभावों के बारे में बढ़ती चिंताओं को संबोधित करते हुए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सलाह जारी की गई है, जिससे नागरिक, स्कूल, कॉलेज और सरकार वायु प्रदूषण के प्रभाव को रोक सकते हैं। स्वास्थ्य सलाहकार कई तरीके प्रदान करता है जिससे नागरिक, स्कूल, कॉलेज और सरकार वायु प्रदूषण के प्रभाव को रोक सकते हैं, इसके अलावा निवारक उपायों और प्रथाओं को भी अपनाने की सलाह दी जाती है।

स्विचऑन फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक विनय जाजू ने कहा,स्वास्थ्य पेशेवर वायु प्रदूषण को स्वास्थ्य आपातकाल बता रहे हैं। यह स्वास्थ्य सलाह कार्रवाई के लिए सामूहिक आह्वान के रूप में कार्य करती है, जो वायु प्रदूषण से उत्पन्न



बढ़ती चुनौतियों से निपटने में व्यक्तियों, समुदायों और नीति निर्माताओं की साझा जिम्मेदारी पर जोर देती है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डॉ. सुप्रोवा चक्रवर्ती, सलाहकार पल्मोनोलॉजिस्ट, राज अस्पताल ने कहा-बीमारियों के वैश्विक बोझ के अनुसार वायु प्रदूषण दुनिया में मृत्यु दर का चौथा प्रमुख कारण है और वायु प्रदूषण के कारण हम हर साल 90 लाख लोगों को खो देते हैं। वायु प्रदूषण के खिलाफ यह जंग जागरूकता से ही लड़ी जा सकती है।

इस राष्ट्रीय वायु प्रदूषण दिवस पर, हम सभी से आग्रह करते हैं कि वे अपने पर्यावरण के प्रति सचेत रहें और अपने श्वसन स्वास्थ्य की रक्षा के लिए उपाय करें।वायु प्रदूषण के स्वास्थ्य परिणाम प्रदूषण के स्तर और जोखिम की अवधि के आधार पर भिन्न होते हैं। जनसांख्यिकीय कारकों और मौजूदा स्वास्थ्य स्थितियों के कारण व्यक्तियों में इन प्रभावों के प्रति संवेदनशीलता अलग-अलग होती है। प्रख्यात डॉक्टरों द्वारा जारी स्वास्थ्य सलाह में वायु प्रदूषण की सुरक्षा और रोकथाम के लिए नागरिकों, स्कूलों, कॉलेजों और सरकार की भूमिका को गिनाया गया है।

## साइंस पॉइंट में स्कॉलरशिप का आयोजन हुआ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** डांगरा टोली स्थित साइंस पॉइंट में प्रयास 2024 का आयोजन संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज में हुआ। इस टेस्ट में 11वीं कक्षा के बच्चों को 12वीं कक्षा में स्कॉलरशिप दी जाएगी। ताकि पैसे की अभाव से कोई भी विद्यार्थी शिक्षा से वंचित न रह जाए। और सही समय पर कोर्स शुरू हो जाए। और बोर्ड एग्जाम के समय से पहले कोर्स पूरी कंप्लीट हो जाती है जिस बच्चे का रिजल्ट बहुत अच्छा होता है। साइंस पॉइंट पॉइंट रिजल्ट देने के लिए जाना जाता है यहां से हर एक वर्ष बच्चे झारखंड टॉपर और स्कूल टॉपर बनते हैं। यहां पर जिन बच्चों का बेस कमजोर रहता है उनको अलग से क्लास करवाई जाती है। अभी 12वीं कक्षा के स्कूल एग्जाम के हर एक विद्यालय में बच्चे टॉप किए हैं। उर्सलाइन से हर्षिता कुमारी, संत जेवियर से सुधांशु केशव टॉप किए हैं। आज प्रयास 2024 में कल 1274 बच्चों ने स्कॉलरशिप में भाग लिया और स्कूल में संस्थान के अध्यक्ष डॉक्टर एस अख्तर, डायरेक्टर फैयाज सर, शिक्षक संदीप सर, अविनेश, जितेंद्र, काशिफ, शादाब, नवीन, शकील,आदिल,साहिल,सकलेन,मुकुल, निशा मैम, गुड़िया, दानिश, समीर सर इत्यादि मौजूद थे। जो विद्यार्थी टेस्ट से वंचित हो गए हैं उनके लिए टेस्ट 10 दिसंबर को होने वाला है उसमें आकर अपना रजिस्ट्रेशन फ्री में संस्थान में करा सकते हैं ।

## याद किए गए लांस नायक शहीद अल्बर्ट एक्का

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पाकिस्तान के खिलाफ जंग लड़ने वाले झारखंड के गुमला जिला के जारी गांव के रहने वाले वीर सपूत लांस नायक शाहिद अल्बर्ट एक्का का 3 दिसंबर 1971 को लड़ाई के दौरान उन्हें शहादत प्राप्त हुई थी। उन्हीं की याद में रांची के सुप्रसिद्ध शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर उनके शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । इस मौके पर शहिद अल्बर्ट एक्का चौक का सौंदर्यीकरण भी कराया गया। जहां राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन सहित कई नेता मंत्री विधायकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि शहिद अल्बर्ट एक्का किसी नाम के मोहताज नहीं है । उनका योगदान अविस्मरणीय है और जिस तरह से उन्होंने पाकिस्तान को धूल चटाया और शाहदत प्राप्त की हम सबके प्रेरणा स्रोत हैं और उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है । इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह से शहीद अल्बर्ट एक का चौक का सुंदरीकरण कराया गया है फुट ब्रिज बनाया जाएगा , आसपास ट्रैफिक जाम को भी खत्म किया जायेगा।




## चेन स्नेचर साकिब उर्फ देवा रिम्स से फरार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** बीते दिनों और अरगोड़ा थाना क्षेत्र के अरगोड़ा चौक से चेन स्नेचिंग कर भाग रहे चेन स्नेचर साकिब उर्फ देवा को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके साथी को भी गिरफ्तार किया गया था और उसे जेल भी भेज दिया गया। लेकिन साकिब का पैर फ्रैक्चर हो गया था , इसलिए पुलिस उसे बेहतर उपचार के लिए रिम्स में भर्ती कर दिया था । जहां इसका इलाज चल रहा था। लेकिन मौका ही देखते साकिब ने रविवार को रिम्स से फरार हो गया। पुलिस इसकी छानबीन में जुटी है। बता दे कि इससे पहले भी कई आरोपी जो रांची होटवार जेल में बंद है या फिर झारखंड के किसी जेल में बंद था और बेहतर इलाज के लिए रिम्स लाए जाते हैं और यहां पर इलाज के दौरान ही वह फरार हो जाता है।



हालांकि इस मामले में कई पुलिसकर्मी भी निलंबित हो चुके हैं । लेकिन सवाल यह नहीं है कि इलाज के दौरान अपराधी रिम्स से फरार हो जा रहा है। बल्कि सवाल यह है कि आखिर जो सिपाही उसके सुरक्षा में तैनात में रहते हैं वे क्या कर रहे होते हैं , जो आरोपी उसे चकमा देकर फरार हो जाते हैं। ऐसे सिपाहियों को निलंबित करने के साथ-साथ वरीय पुलिस पदाधिकारी पर भी गाज गिरनी चाहिए तभी आने वाले समय में इलाज के दौरान सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी जो भी रहेंगे वह भी लापरवाही करने से बचेंगे।

## दिव्यांगों को समाज और संस्कृति से जोड़ना जरूरी है : जितेंद्र सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** विश्व दिव्यांग दिवस के पूर्व संध्या पर एक शाम दिव्यांगजनों के नाम संस्कृति सह सम्मान समारोह लोक स्वास्थ संस्थान ऑडिटोरियम (आरसीएच) में हुआ। संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि इस तरह कार्यक्रम का मकसद है कि दिव्यांगों को एक सही प्लेटफॉर्म और उनकी जरूरत को पूरा करना है , उनकी कला को निखारना है। झारखंड दिव्यांग स्पोर्ट्स एंड वेलफेयर अकैडमी ,रांची विकलांग राहत सेवा संस्था के द्वारा संस्कृति कार्य




निदेशालय ,पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम समय-समय पर करते रहना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री बंधु तिर्की , झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के डिप्टी चेयरमैन शमशेर आलम, पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शाहदेव मौजूद रहें। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगों को समाज और संस्कृति से जोड़ना । दिव्यांग अपनी कला का भी इस मौके पर शानदार प्रदर्शन किया। आफताब आलम ने कहा कि झारखंड के संस्थान जो दिव्यांग के उत्थान के लिए लगातार काम कर रहे हैं। इस मौके पर झारखंड दिव्यांग स्पोर्ट्स एंड वेलफेयर अकैडमी के उपाध्यक्ष अर्चित आनंद ,उपाध्यक्ष सरफे आलम, जग्गू, जाहिद , मुकेश समेत कई लोग मौजूद थे।

## पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने भरे कल्पना के रंग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** ढाई आखर प्रेम झारखंड समिति की ओर से यूनियन क्लब रांची में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी इसमें कई नन्हे-मुन्हे बच्चों और युवाओं ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों को दो समूहों में बांटा गया था। ग्रुप ए में एलीना सरकार को प्रथम, श्रीका अग्रवाल को द्वितीय तथा दिव्यांश अग्रवाल को तृतीय पुरस्कार मिला। ग्रुप बी में श्रेयोशी पॉल को पहला, प्राची कुमारी को दूसरा और सबा को तीसरा स्थान



मिला। विजेताओं को साथी सुबीर लाहिड़ी ने सम्मानित किया। आप सब अवगत होंगे कि इप्टा के राष्ट्रीय पहल पर विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों के साथ मिलकर हम सब एक सांस्कृतिक पैदल यात्रा समता, बंधुता और एकता के नाम निकाल रहे हैं, जिसका नाम है ढाई आखर प्रेम'। 28 सितंबर 23 से शुरू हुई यह यात्रा 6 राज्यों के सैकड़ों गांव, कस्बों और चौराहों से होते हुए 8 दिसंबर से 12 दिसंबर तक अपने झारखंड में रहेगी। यह यात्रा जन-सहयोग से चल रही है और 30 जनवरी तक चलेगी। उक्त जानकारी रांची इप्टा की सचिव सुमेधा मल्लिक ने दी। इस। मौके पर श्यामल मल्लिक, प्रवीण करमाकर, विनय भूषण, दुनी दा, हिमांशु बोस, श्यामल चक्रवर्ती,परवेज कुरैशी सहित कई लोग शामिल थे।

## पारस अस्पताल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पारस अस्पताल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राँची के विभिन्न स्कूलों के 500 से भी ज़्यादा बच्चों ने भाग लिया। तीन वर्गों में विभाजित था। ग्रुप ए कक्षा 3 से कक्षा 5 तक के बच्चों के लिए था, ग्रुप बी कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के बच्चों के लिए तथा ग्रुप सी कक्षा 9 से कक्षा 10 तक के बच्चों के लिए था। इस सुअवसर पर डॉ और फ़िज़ियोथेरपिस्ट के बीच हेल्थ टॉक भी हुआ। प्रतियोगिता के ग्रुप ए में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पानेवाले दोनों बच्चे बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल के रहे। 5वीं कक्षा की सुभ्रोनील सर्बोधि कैरी प्रथम और 5वीं कक्षा की ही शरण्या चक्रवर्ती द्वितीय स्थान प्राप्त की। तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से कैरली स्कूल की 4थी कक्षा की छात्रा शिवंशिको भार्गवी और परनजीत रहे । ग्रुप बी में ऑक्सफ़ोर्ड पब्लिक स्कूल की 6ठी कक्षा की छात्रा इन्दु शर्मा ने प्रथम स्थान पाया। डीएवी पब्लिक स्कूल की 7वीं कक्षा की छात्रा अदिति मिंज़ ने द्वितीय स्थान हासिल किया। तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से प्रभात तारा स्कूल की 8वीं की छात्रा ज्योति मार्दी एवं कैरली स्कूल की 8वीं की छात्रा अन्वेषा मजूमदार रहीं। ग्रुप सी में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की 9वीं की छात्रा पालक कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

संत एलोईस स्कूल का 8वीं का छात्र आयुष कुमार सोनी ने द्वितीय स्थान पाया। तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से कैरली स्कूल का 7वीं का छात्र अर्णव गुप्ता और केंद्रीय विद्यालय का 7वीं की छात्रा सुहानी सिंह रही।सभी विजेताओं को पुरस्कृत कर उन्हें प्रमाणपत्र दिया गया। इस अवसर पर पारस अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि पारस अस्पताल पिछले तीन वर्षों से लगातार इस तरह का आयोजन करता आ रहा है। डायरेक्टर डॉ. नीतेश कुमार, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ कौशिक रॉय, मुख्य नर्सिंग पदाधिकारी नीलवानी, डॉ. राजीव रंजन, डॉ प्रीतम सहित पारस अस्पताल की डायटीशियन सुपर्णा दत्ता , जी एम मार्केटिंग कुमार यशवन्त इस अवसर पर उपस्थित थे।

## ट्रैफिक पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान चलाया



**रांची।** ट्रैफिक पुलिस ने देर रात ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान चांदनी चौक, बिरसा चौक, मुंडा चौक और लालपुर चौक के पास ड्रिंक एंड ड्राइव का चेकिंग अभियान चलाया गया। शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए छह वाहन चालकों के खिलाफ न्यायालय में अभियोजन समर्पित कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## मस्जिद जाफरिया में मजलिस ए जिक्र इमाम हुसैन का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** मस्जिद जाफरिया रांची में आज 3 दिसंबर 2023 को प्रख्यात वरिष्ठ पत्रकार व मर्सिया निगार, शायर सैयद अमीर हुसैन रिजवी के चेहल्लुम के मौके पर एक मजलिस जिक्र इमामे हुसैन का आयोजन किया गया। मजलिस का आगाज तिलावत कुरान ए पाक से हुआ। इस मौके पर नज़्म ताजीयत हिंदुस्तान के मशहूर शायर मौलाना जहीन हैदर दिलकश गाजीपुर ने पढ़ा। सोज ख्वानी सैयद अता इमाम रिजवी ने किया। कलाम पेश करने वालों में कासिम अली, आमोद अब्बास, बाकर राजा, सैयद निहाल हुसैन सरियावी ने किया। कार्यक्रम का संचालन ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के अध्यक्ष व मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम खतीब हजरत मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने की। इस मजलिस को दिल्ली से आए हुए मेहमान खतीब हजरत मौलाना सैयद इमाम हैदर जैदी ने संबोधित करते हुए कहा के इस्लाम मजहब लोगों को अमन व शांति का पैगाम देता है। एक दूसरे का एहतराम(इज्जत) करो ताकि तुम्हारा भी एहतराम किया जाए। मोहब्बत में वह ताकत है जिससे दुश्मन भी कमजोर हो जाता है। मजलूमों के साथी बानो, जुल्म करने वालो से नफरत करो, जुल्म सिर्फ नफरत के मोहब्बत नहीं फैलाता। नफरत को बढ़ावा बदगुमानी से होता है। आज जमाने को और जिम्मेदारान को चाहिए कि वह किरदार ए मोला अली को अपने जिंदगी के लिए नमूना बनाएं। नफरत दूर हो जाएगी और मोहब्बत आम हो जाएगी। इससे पूर्व शनिवार रात्रि को एक मजलिस सैयद अमीर हुसैन रिजवी की पत्नी की बरसी मजलिस को मौलाना सैयद तस्लीम रजा नकवी ने संबोधित करते हुए कहा के माता-पिता के लिए औलाद जिंदगी में क्या करें और मरने के बाद क्या करें। मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा की यह मजलिस सैयद अमीर हुसैन रिजवी की चेहल्लुम की मजलिस है। वो एस एच रिजवी जिसे झारखंड रांची कभी भुला नहीं सकती। जिनको कौम व मिल्लत की फिक्र थी। वो एक शख्स नहीं शख्सियत थे। अशरफ हुसैन रिजवी ने पढ़ा की दो दिन की जिंदगी भी बड़ा काम कर गई, सो नक्श पा बना गए और खुद गुजर गए। वहीं सैयद जसीम रिजवी ने बताया कि चेहल्लुम के पूर्व लोक सेवा समिति द्वारा सैयद अमीर हुसैन रिजवी को मरणोपरांत झारखंड रत्न अवार्ड दिल्ली में दिया। इस मौके पर सैयद जसीम रिजवी, सैयद नदीम रिजवी, शहजाद रिजवी, जीशान रिजवी, इकबाल हुसैन, डॉक्टर सैयद जावेद काजमी, अशरफ हुसैन रिजवी, एस एच फातमी, डॉक्टर मुबारक अब्बा, सैयद जावेद हैदर, इकबाल फातमी, मेहंदी इमाम, सैयद समर अली, सैयद फराज अब्बास, एस एम खुर्शीद, एस एम आसिफ, एस एम जावेद, सैयद अयान अहमद, सैयद रयान रिजवी, समेत अन्य गण मान्य लोग उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन सैयद नदीम रिज़वी ने की।

## दिव्यांगजनों की शत-प्रतिशत सहभागिता का किया जा रहा प्रयास : के. रवि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर रविवार को राज्य के सभी जिलों में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर कई जागरूकता अभियान चलाए गए। इस दौरान दिव्यांग मतदाताओं तक पहुंच कर अधिकारियों ने न केवल उनका सम्मान किया बल्कि मतदाता सूची में उनका नाम सुनिश्चित करने के लिए अपने स्तर से जरूरी उपाय किये।कुछ जिलों में इस संबंध में विशेष कैंप भी लगाए गए। अभियान के दौरान सक्षम मोबाइल एप को लेकर भी जागरूकता फैलाई गयी। भारत निर्वाचन आयोग का उक्त मोबाइल एप दिव्यांग मतदाताओं की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया गया है। हजारीबाग जिले के जिला स्तरीय आयोजन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार प्रमुख रूप से मौजूद रहे। यहां उन्होंने उपायुक्त तथा अन्य पदाधिकारीयों की मौजूदगी में दिव्यांग मतदाताओं से संवाद किया तथा निर्वाचन संबंधी उनकी आवश्यकताओं को जाना। वहीं संथाल परगना में मुख्यालय के प्रतिनिधि के रूप में गीता चौबे, लातेहार में देवदास दत्ता, रांची जिले में संजय कुमार ने विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।



**कुछ जिलों में इस संबंध में विशेष कैंप भी लगाए गए। अभियान के दौरान सक्षम मोबाइल एप को लेकर भी जागरूकता फैलाई गयी। भारत निर्वाचन आयोग का उक्त मोबाइल एप दिव्यांग मतदाताओं की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया गया है।**

## निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारा का आयोजन हुआ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** संस्था के संस्थापक एव संरक्षक संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिज़) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा(श्री राधा-कृष्ण)जी भगवान संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज प्रणामी समाज के गुरुजनो के आशीर्वाद एवं संस्था के सेवाभावी सदस्यो एवं समाज के सेवाभावी धर्म प्रेमीजनो के सौजन्य से अभी तक लगातार 122 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण किया जा चुका है। आज रविवार 03 दिसम्बर 2023 को 123 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण कर सफलतापूर्वक संचालन किया गया।गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में आज रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवा आश्रम) के प्रांगण में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी एवं अन्नापूर्णा भंडारे के संयोजक ओमप्रकाश सरावगी की देखरेख में सह संयोजक पवन पोद्दार,नन्द किशोर चौधरी संस्था के सदस्य सुरेश चौधरी के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद एव अभावग्रस्त ग्रामीणों मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ, जरुरतमंद परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 123 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## महाराष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ आयोजन



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कारगिल पेट्रोल पंप के निकट होटल रिंग्स एंड रोजेस में महाराष्ट्र एसोसिएशन, झारखंड प्रदेश के तत्वाधान में महाराष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ आयोजन कार्यक्रम में महाराष्ट्र के सांगली के सांसद संजय काका पाटील मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. इनके अलावा पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग मनोज रतन चोथे, वित्त विभाग में संयुक्त सचिव विजया जाधव, वन प्रमंडल पदाधिकारी, जामताड़ा श्रीमान अजिंक्य बनकर, एसीएफ चतरा पवन वाघ विशिष्ट अतिथि* के रूप में शामिल हुए.इस कार्यक्रम में झारखंड राज्य के सभी जिलों में कार्यरत सोना गलाई एसोसिएशन के पदाधिकारी एवम् सदस्यगण अपने परिवारजनों के साथ उपस्थित रहे. इस कार्यक्रम के आयोजन में हजारीबाग गलाई एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष रविराज मधुकर चव्हाण, अध्यक्ष प्रताप सालुंखे तथा सचिव रामहरि सालुंखे द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.सांसद संजय काका पाटील द्वारा बताया गया कि इस आयोजन में महाराष्ट्र एवम् झारखंड राज्यों के संस्कृतियों का संगम देखने को मिला है. साथ ही उनके द्वारा गलाई एसोसिएशन को आश्वस्त किया गया कि गलाई कर्मियों को होने वाले परेशानियों को दूर करने में उनके द्वारा हरसंभव मदद की जाएगी.

## सुजीत रंजन बने पिपरवार के नये स्टाफ ऑफिसर सिविल

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के स्टॉफ ऑफिसर सिविल सुमन कुमार का तबादला कर दिया गया है।सुमन कुमार का तबादला सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के सिविल विभाग मे हुआ है।वही एनके एरिया के स्टॉफ आफिसर सिविल सुजित कुमार रंजन को पिपरवार क्षेत्र का नया स्टॉफ ऑफिसर सिविल बनाया गया है।वही आम्रपाली-चन्द्रगुप्त के सिविल अधिकारी अभिरूप आद्रीयन को एनके एरिया का स्टॉफ आफिसर सिविल बनाया गया है। सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के द्वारा इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई है।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :**पंचायत चतरा में आपकी योजना ,आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन सफल रूप से संचालित रहा ।कार्यक्रम में खिजरी के लोकप्रिय विधायक राजेश कच्छप जी के आगमन पर जयपाल हजाम, किस्ट्रो कुजूर ने स्वागत किया । माननीय विधायक शिविर में लगे स्टॉलों का निरीक्षण कर सरकार के महत्वकांक्षी योजनाओं से अवगत कराया ।साथ ही छः माह के बच्चे का मुंह जुठी गोद भराई रस्म को पूरा किए ,आपको ज्ञात हो कि प्रखण्ड अध्यक्ष श्री एतवा उरांव जी हर पंचायत के शिविरों में जाकर योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करने में सहयोग कर रहे हैं ,वही कांग्रेस नेत्री सरीता देवी, अनीता देवी अबुआ आवास से संबधित फार्म भरने में आम जानों की सहायता कर रहें है एव संगीता कैथा विभागीय पशु पालन से संबधित फार्म भरने में लोगों की मदद कर रहें है। साथ ही दशरत पाहन आमजनों को सही जानकारी उपलब्ध करा रहें हैं ।

## इनो ने ईनो च्यूई बाइट्स लॉन्च किया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हेलॉन के अग्रणी डाइजेस्टिव ब्रांड ईएनओ ने अपनी तरह का पहला चबाने योग्य एंटासिड, ईनो च्यूई बाइट्स दो स्वादिष्ट स्वादों, टैंगी लेमन और जेस्टी ऑरेंज में लॉन्च किया है। चबाने योग्य एंटासिड में प्राकृतिक तत्व और 1000 मिलीग्राम खटिका चूर्ण होता है, जो 1 मिनट के भीतर एसिडिटी पर काम करता है। यह पेट के लिए कोमल होता है और इसका सेवन वयस्कों और 12 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों द्वारा किया जा सकता है। ईनो च्यूई बाइट्स तीन एसकेयू में उपलब्ध है- सिंगल पिलो पाउच, 10S का पैक, और 30S का पैक। नया उत्पाद आधुनिक जीवनशैली को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे उपयोगकर्ता एसिडिटी होने पर ईएनओ के भरोसेमंद तेज़ और प्रभावी राहत का आनंद ले सकते हैं।

## तीन राज्यों में प्रधानमंत्री मोदी का करिश्मा : धीरज महतो

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर सिल्ली विधानसभा के कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर जश्न मनाया गया। सिल्ली विधानसभा के राहे, सिल्ली, सोनाहातू पतराहातू सहित पूरे क्षेत्र में मिठाईयां बांटी गई।भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर नारेबाजी की गई।लगातार दागे जा रहे पटाखों की गूंज ने दीवाली होने का एहसास कराया। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने सभी कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी।धीरज महतो ने कहा कि राजस्थान,मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में भाजपा की यह शानदार विजय आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति असीम श्रद्धा और अकाट्य विश्वास है। मोदी द्वारा दी गई गारंटी जनता के दिलों को छू गईं और उसी के कारण यह ऐतिहासिक परिणाम आये हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जो ऐतिहासिक एवं लोककल्याणकारी कार्य किये हैं उसी का परिणाम आज देखने को मिला।वहीं महतो ने कहा कि देश की जनता ने इस चुनाव द्वारा अपना मूड व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने जो नीतियां अपनाई थी, जनता ने उसे अपना समर्थन देकर हमें(भाजपा) सपोर्ट किया है।2024 में पुनः केंद्र में मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी और झारखंड में भी कमल खिलेगा।

## एक्सिस इंडिया मैन्युफैक्चरिंग फंड लॉन्च

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एक्सिस म्यूचुअल फंड ने एक्सिस इंडिया मैन्युफैक्चरिंग फंड लॉन्च किया है, जो एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो भारत की बढ़ती विनिर्माण थीम का प्रतिनिधित्व करती है। फंड, जिसे निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग टीआरआई के मुकाबले बेंचमार्क किया जाएगा, का लक्ष्य निवेशकों को भारत के विनिर्माण विषय की क्षमता का लाभ उठाने में सक्षम बनाना है, जिसके आने वाले वर्षों में बढ़ने की उम्मीद है। यह फंड भारत की बढ़ती गति को भुनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है जो भारत के औद्योगिक स्वरूप को फिर से परिभाषित करने के लिए खड़े हैं।

## फ्लिपकार्ट समूह भारत में बढ़ती लैंडफिल की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** फ्लिपकार्ट समूह की चार सुविधाओं ने अपनी शून्य अपशिष्ट पहल के लिए कुल संसाधन उपयोग और दक्षता (TRUE) गोल्ड मान्यता प्राप्त की, और केवल एक वर्ष में, कंपनी ने लगभग 3000 टन गैर-खतरनाक ठोस कचरे को सफलतापूर्वक हटा दिया। ये 1.8 मिलियन वर्ग फुट सुविधाएं फर्रुखनगर, उलुबेरिया, मालूर और पुनर्जागरण में फैली हुई हैं। शून्य कचरा नीति को अपनाकर और एक चक्रीय अर्थव्यवस्था के प्रति अपने समर्पण का प्रदर्शन करके, फ्लिपकार्ट ने सभी चार सुविधाओं में 97त से अधिक कचरा कटौती हासिल की है। फ्लिपकार्ट समूह एक स्थायी भविष्य के निर्माण और भारत के जलवायु लक्ष्यों में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है, जैसा कि इसकी शून्य अपशिष्ट पहल के लिए सत्य गोल्ड प्रमाणपत्रों से प्रमाणित है।

## फिल्म तिरंगा हमारे दिल में पार्ट-2 की शूटिंग जल्द

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :**राज आर्यन प्रोडक्शन के बैनर तले एक देशभक्ति...शॉर्ट फिल्म तिरंगा हमारे दिल में पार्ट-2 का शूटिंग बहुत ही जल्द शुरू किया जाएगा। निर्देशक राज आर्यन उर्फ छोटी ने बताया कि इस फिल्म को बरही के लिए ऐतिहासिक शॉर्ट फिल्म बनाया जाएगा जो राज आर्यन प्रोडक्शन के बैनर तले पहले शॉर्ट फिल्म बन चुके तिरंगा हमारे दिल में पार्ट-01 में जो आर्टिस्ट काम कर चुके हैं, वह तिरंगा हमारे दिल में पार्ट 2 में फिर से नजर आएंगे। यह शॉर्ट फिल्म में आप सभी को देशभक्ति, पारिवारिक, एक्शन, ड्रामा, एवम भाईचारे का जबरदस्त संदेश देखने को मिलेगा, सारा शूटिंग बरही के लोकल लोकेशन में ही किया जाएगा। इस फिल्म का बजट लगभग रू200000 रूपये के लागत से बनाई जाएगी।

# सरना धर्म समंवय समिति, खूंटी का भारत बंद को लेकर डाक बंगला परिसर खूंटी में बैठक का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** सरना धर्म समंवय समिति, खूंटी के तत्वावधान में स्थानीय ढाक बंगला में सरना कोड संबंधी विशेष बैठक हुई और सर्व सहमति से 30 दिसंबर 2023 को सरना धर्म की मांग हेतु प्रस्तावित भारत बंद तथा रेल रोड चक्का जाम का समर्थन किया है. इस अवसर पर पड़हा राजा सोमा मुंडा ने कहा कि सरना धर्म कोड भारत के लाखों प्रकृति पूजकों अस्तित्व, पहचान, हिस्सेदारी का जीवनरेखा है. आजाद भारत में सरना धर्मावलंबियों को उनकी धार्मिक आजादी से वंचित करना बेहद दुर्भाग्य पूर्ण है. 1951



की जनगणना तक आदिवासियों के लिए अलग धर्म कोड का प्रावधान था जिसे बाद में भारत सरकार ने हटा दिया और वर्तमान केंद्र सरकार भी इस चिर परिचित मासले पर मौन है. 2011 की जनगणना में 50 लाख लोग सरना धर्म लिखने के बावजूद अन्य पर दर्ज करने लिए मजबूर हैं जबकि जैनों की संख्या 44 लाख होने के पर धर्म कोड आवंटित है. अतः सरना धर्मावलंबियों को मौलिक अधिकार से वंचित करना संवैधानिक अपराध जैसा है. सरना धर्म कोड के बगैर आदिवासियों को जबरन हिंदू, मुसलमान, ईसाई आदि बनाना धार्मिक गुलामी को मजबूर करना है. सरना धर्म कोड की मान्यता मानवता और प्रकृति-पर्यावरण की रक्षार्थ भी अनिवार्य है. उपरोक्त तथ्यों के आलोक में सरना धर्म समंवय समिति खूंटी 30 दिसंबर 2023 को सांकेतिक एकदिनी भारत बंद और रेल-रोड चक्का जाम को मजबूर है. भारत बंद में हजारों सरना धर्मावलंबी एवं अन्य सभी सरना धर्म संगठन अपने-अपने गांव निकलकर एकजुट प्रदर्शन करेंगे.

## आजसू पार्टी रांची जिला समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** आजसू पार्टी रांची जिला समिति की आवश्यक बैठक रांची जिला अध्यक्ष श्री संजय कुमार महतो जी के अध्यक्षता में वाई बी एन यूनिवर्सिटी राजाउलातु नामकोम रांची के सभागार में की गई। संचालन वीणा कुमारी ने की मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री सुदेश कुमार महतो जी के द्वारा रांची ज़िला के 18 प्रखण्ड के प्रत्येक पंचायत प्रभारीयों के द्वारा सुपुर्द किए गए सूची पत्र की समीक्षा की गयी। सभी पंचायत प्रभारीयों को निर्देश देते हुऐ पार्टी सुप्रीमों ने कहा कि सभी पंचायत प्रभरी अपने अपने पंचायत में ग्राम कमिटी बना कर समीक्षा बैठक कराएं,तथा पार्टी संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिए।

साथ हीं नामकोम प्रखण्ड के कार्य वाहक अध्यक्ष रतन लाल सिंह होण्डा एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष अनिता देवी को बनाया गया।

## पथ के राइडिंग क्वालिटी में सुधार व मजबूती करण कार्य का शिलान्यास किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रविवार के दिन रामपुर चौक पर रामपुर से हलमाद 9.70 कीलोमीटर पथ का राइडिंग क्वालिटी में सुधार एवं मजबूती करण कार्य का शिलान्यास स्थानीय विधायक श्री सुदेश कुमार महतो ने किया! इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष विणा चौधरी प्रमुख जितेंद्र बडाईक, उप प्रमुख आरती देवी, हरिपद महली ,जयपाल सिंह , गौतम कृष्णा साहू, विनोद साहू, सुशील महतो, बलराम साहू, सम्बत साहू समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे!

# राय में 21 दिसम्बर से होगा शहीद बिरसा मुण्डा स्मारक फुटबॉल टूर्नामेन्ट का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के राय अंबेडकर मैदान में रविवार को ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राय में शहीद बिरसा मुंडा स्मारक फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया।बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 21 दिसंबर से लेकर 25 दिसंबर तक राय अंबेडकर मैदान में शहीद बिरसा मुंडा स्मारक फुटबॉल टूर्नामेंट करने का निर्णय लिया गया।टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए



समिति का गठन किया गया,जिसमें अध्यक्ष पूर्व मुखिया प्रदीप उरांव,सचिव लखनलाल महतो और कोषाध्यक्ष सरवन कुमार को बनाया गया।संरक्षक लालेश्वर महतो, नागेश्वर महतो,ऐतवारा महतो,अशोक महतो,दीपक महतो,तुलसी भुईया,बेगी महतो,राजा खान,राजू खान, मनोज महतो,दिनेश महतो, जगन्नाथ महतो, शंकर सिंह, उदय सिंह,इटेक्स मद्रासी, रामा भुईयां, राजेश महतो, पवन महतो, झरी महतो, धर्मनाथ महतो,विजय उरांव, दिलीप महतो,विश्वनाथ महतो,बिजय मुंडा को बनाया गया है।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि खेल जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है,साथ ही खेल के क्षेत्र में प्रतिभावान खिलाड़ियों की प्रतिभा सामने आती है।खेल से अनुशासन और एकता की सीख मिलती है।टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 60 हजार रुपए और एक ट्रॉफी,द्वितीय पुरस्कार 40 हजार रूपये और तृतीय पुरस्कार 15 हजार रूपये दिया जाएगा।एंट्री फीस 65 सो रुपये रखी गई है।

## आजसू पार्टी रांची जिला समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** आज दिनांक 03/12/2023 को आजसू पार्टी राँची जिला समिति की आवश्यक बैठक राँची जिला अध्यक्ष श्री संजय कुमार महतो जी के अध्यक्षता में वाई बी एन यूनिवर्सिटी राजाउलातु नामकोम राँची के सभागार में की गई। संचालन वीणा कुमारी ने की मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री सुदेश कुमार महतो जी के द्वारा राँची ज़िला के 18 प्रखण्ड के प्रत्येक पंचायत प्रभारीयों के द्वारा सुपुर्द किए गए सूची पत्र की समीक्षा की गयी। सभी पंचायत प्रभारीयों को निर्देश देते हुऐ पार्टी सुप्रीमों ने कहा कि सभी पंचायत प्रभरी अपने अपने पंचायत में ग्राम कमिटी बना कर समीक्षा बैठक कराएं,तथा पार्टी संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिए। साथ हीं नामकोम प्रखण्ड के कार्य वाहक अध्यक्ष रतन लाल सिंह होण्डा एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष अनिता देवी को बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से आजसू पार्टी केन्द्रीय मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत,हसन अन्सारी,राजेंद्र मेहता,बीरेन्द्र निर्मला भगत,रामजी यादव,सुनील सिंह,राजेंद्र शाही मुण्डा,प्रकाश लकड़ा,पारसनाथ उराँव,जितेन्द्र सिंह,भरत कासी जी,रामधन वेदिया,सरिता देवी, अनीता देवी,पार्वती देवी,वीणा चौधरी, रोशन लाल मुण्डा,जलनाथ चौधरी, प्रकाश चौधरी आदिल अज़ीम, रंजीत गंझू,रिता रंजनी कुजूर,दिगम्बर महतो,जगरनाथ महतो, धर्मेन्द्र सिंह,उमेश महतो, बीरबल बैठा,आतिश महतो,राजू नायक, कुदरत अंसारी ,राजू उरांव, बीरेंद्र भोगता,तथा सैकड़ो जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पिपरवार के होसिर में किरण विद्या मंदिर स्कूल का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के होशिर गांव में किरण विद्या मंदिर नामक विद्यालय का शुभारंभ किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पिपरवार थाना के अवर निरीक्षक रूपेश कुमार महतो एवं रांची एयरपोर्ट के महाप्रबंधक मनोज नायक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर स्कुल का उदघाटन किया।स्कूल के संचालक संतोष कुमार नायक ने मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत किया।मुख्य अतिथि रूपेश कुमार महतो ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के अभिभावकों को शिक्षा के प्रति विशेष रूप से ध्यान देकर बच्चों को पढ़ाना होगा तभी समाज में सुधार आयेगा।गांव के जागरूक व्यक्ति को शिक्षा के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि गांव के बच्चों को भी शहर के बच्चों की तरह शिक्षित किया जा सके। मौके पर उन्होंने किरण विद्या मंदिर के संस्थापक को बधाई दी।मौके पर भोला महतो, महतो,मनु महतो, बालमुकुंद महतो,सुरेंद्र महतो, अर्जुन मुंडा, बलजीत महतो,शुकर महतो, जगदीश महतो,संजय शुक्ला, रामवृक्ष नायक,संजय नायक, शिवकुमार नायक, आदर्श नायक सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर पिपरवार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में राजस्थान,छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश चुनाव में प्रचंड जीत पर पिपरवार भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी में बचरा नंबर चौक मे जश्न मनाया।भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और बम पटाखे फोड़ कर खुशियां मनाई और एक दुसरे को बधाई दी।मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि देश के तीन राज्यों में यह जीत



यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ उन आदिवासीयो की जीत है, जिन्होंने प्रचंड बहुमत से राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनाई है।इस जीत से यह साबित होता है कि भाजपा ने सभी वादे पूरे किए हैं।साथ ही यह साबित होता है कि 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर से देश के प्रधानमंत्री बनेंगे और इस अकड़े से तय किया जा सकता है कि झारखंड में भी डबल इंजन की सरकार बनेगी।झारखन्ड राज्य में बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व ने नया सुशासन लागू करेगी।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा,टंडवा प्रमुख रीना कुमारी,महामंत्री राधा देवी,पूजा देवी, सांसद प्रतिनिधि अजय सिंह,अश्विनी दराद, बिजय लाल,रामप्रसाद महतो,उदय शर्मा, अजय रजक,मुकेंद्र पासवान,फलींद्र भोगता, मुकेश राणा,लक्षमण मंडल,नंद किशोर कुमार, रामबच्चन यादव सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजुद थे।

## अड़की में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में जन जागरुकता कार्यक्रम संपन्न



**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड परिसर के सभागार भवन में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रुप से उपस्थित डालसा सेक्रेट्री मनोरंजन कुमार,डिप्टी एलएडीसी नम्रता कुमारी, पैनल एडवोकेट मदन मोहन राम, पैनल एडवोकेट कुंदन कुमार पाण्डेय ने लोगो को अंधविश्वास डाईन बिसाही,बाल विवाह,जन शोषण, गृह हिंसा, मानव तस्करी के संबध में जानकारी दी वहीं पीड़ीत लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार में अपना आवदेन देकर सुचना दें ताकि सभी के लिए न्याय मिल सके ।कार्यक्रम मे प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो के सहयोग से लोगो के बीच परिसम्पतियों का भी वितरण किया गया।

# ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए रेलवे के द्वारा ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** रविवार को इटकी रेलवे-स्टेशन में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के नेतृत्व में ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर रेलवे के अधिकारियों के साथ एक बैठक हुई. बैठक में श्री तिर्की ने रेलवे अधिकारियों से साफ तौर पर कहा की ग्रामीणों की समस्याओं का निदान करना ही हमारा कर्तव्य है इसीलिए बातों को इधर-उधर ना कर के ओवर ब्रिज कैसे बनेगी इस पर बातें की जाए. बैठक के दौरान पूर्व से बने हुए अंडरपास का निरीक्षण भी किया गया निरीक्षण के दौरान पाया गया की अंडरपास में पानी का जमाव अभी भी जारी है और ग्रामीणों का उपयोग लाइक भी नहीं है. बैठक में बातें नहीं बनी इसीलिए पूर्व मंत्री के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल बनाया गया है जिसमें रेलवे



के अधिकारियों सहित क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों को रखा गया है.

जो आज डीआरएम से मिलकर बैठक करेंगी और ओवर ब्रिज बनाने पर विचार विमर्श कर निर्णय लेगी. ज्ञात हो कि रेलवे द्वारा अंडरपास बनाने को लेकर ग्रामीणों के द्वारा विरोध प्रदर्शन कर शनिवार को राँची टोरी मेमो ट्रेन को 10 मिनट के लिए रोक दी गई थी और ग्रामीणों के द्वारा अंडरपास को न बनाकर ओवर ब्रिज बनाने की मांग की गई थी. इसी के मद्देनजर रेलवे के अधिकारियों ने पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के समक्ष ओवर ब्रिज निर्माण में आ रहे परेशानियों को रखा गया लेकिन ग्रामीणों का साफ तौर पर कहना है की रेलवे के द्वारा अंडरपास बनाने का हर हाल में हम लोग विरोध करेंगे इसीलिए रेलवे के द्वारा ओवर ब्रिज का ही निर्माण करने की मांग ग्रामीणों के द्वारा की गई. मौके पर रेलवे के अभियंता, सहायक मंडल अभियंता, जीआरपी इंस्पेक्टर, अंचल अधिकारी विजय कुमार थाना प्रभारी अमित प्रशांत, उरूज अंसारी, अबु माज आजसू जिला सचिव मुर्तजा आलम सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

## विधायक द्वारा शिलान्यास किया गया

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखण्ड, हुवांगहातु पंचायत के उलातू गांव में उत्क्रमित उच्च विद्यालय प्रांगण में 3 कमरा एवं 91 मीटर चारदीवारी निर्माण कार्य का



शिलान्यास खिजरी के माननीय विधायक श्री राजेश कच्छप के हाथों किया गया । इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि नामकुम सतीश पंडा,जिला परिषद रीता होरो, प्रखण्ड प्रमुख नामकुम आशा कच्छप, माधो कच्छप,कल्याण लिंडा, हुवांगहातु मुखिया विवेक मुंडा ,प्रधान हरिहर मुंडा,कृष्णा मुंडा,पंचायत समिति गुरुसहाय मुंडा, सुखलाल मुंडा, सोमरा लोहरा,सुग्रीव मुंडा,महावीर नाग,एतवा संडिल,हरीश मुंडा,दयानंद मुंडा,धनंजय मुंडा, करण मुंडा,संतोष बड़ाइक,खुदिया कच्छप,विनोद लोहरा एवम उस क्षेत्र के सभी सम्मानित लोग उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## तीन राज्यों में मिली जीत पर भाजपा नेता प्रमोद मिश्रा ने दी बधाई



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी को तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में मिली बम्पर जीत पर बारीडीह मंडल के मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह जीत भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की जनता के प्रति गारंटी की जीत है। देश के गृह मंत्री अमित शाह, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल नेतृत्व एवं सामूहिक प्रयास का जीत है। प्रमोद मिश्रा ने वहां के प्रबुद्ध मतदाताओं को इस ऐतिहासिक जीत के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए देते हुए कहा कि यह चुनाव 2024 के लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल है। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में मजबूत सरकार का गठन होगा।

## तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई



**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के तीन राज्यों में विधान सभा चुनाव की जीत पर ईचागढ़ विधान सभा के कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेत्री सारथी महतो के नेतृत्व में नीमडीह एवं कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र में मिठाई बांटी। इस अवसर पर सारथी महतो ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास की नीति पर चलती है। इसलिए जनता का रूझान भारतीय जनता पार्टी की तरफ है। इस अवसर पर ईचागढ़ विधनसभा सांसद प्रतिनिधि मदन सिंह सरदार, जिला कार्यसमिति सदस्य बलराम महतो, पुनम रजक, कल्पना गोस्वामी, प्रखंड महामंत्री भक्त रंजन मंडल, समीर मंडल, कान्हु दास उर्फ कृष्ण चंद्र गोस्वामी, पुर्ण महतो, प्रखंड युवा महामंत्री रमेश महतो, कुकड़ू प्रखंड अध्यक्ष भरत महतो, जिला आईटी सेल सह प्रभारी सुमन मुखर्जी, प्रखंड महामंत्री वासुदेव गोप,आदि उपस्थित थे।

## जेबीकेएसएस के जिला संयोजक मंडली की बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले पूर्वी सिंहभूम इकाई की जिला संयोजक समिति की पहली बैठक डिमना लेक मैदान में संपन्न हुई। संगठन को किस प्रकार जन-जन तक पहुंचाया जाये एवं प्रखंड स्तर से लेकर पंचायत तथा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कैसे किया जाये इस विषय पर चर्चा किया गया। जिला संयोजक समिति के सर्वसम्मति से निम्न प्रस्तावों पर सहमति बनीः जिला कमिटी द्वारा प्रखंडवार नियुक्त प्रभारियों को तीन दिनों के अंदर सभी प्रखंड कमिटी के साथ समन्वय स्थापित कर संगठन विस्तार हेतु मीटिंग करना आवश्यक है। पंचायत एवं बूथ कमिटी का गठन जल्द से जल्द किया जाये। बैठक में मुख्य रूप से जिला संयोजक मंडली के स्वपन कुमार, विश्वनाथ महतो, मानिक चंद्र बेसरा, शैलेंद्र महतो, दिनेश महतो, राम महतो, आदि उपस्थित थे ।

## घाटशिला के शिक्षा सहायता केंद्र युक्तिडीह में वार्षिक उत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**घाटशिला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** घाटशिला प्रखंड अंतर्गत भादुआ पंचायत के युक्तिडीह में आरडीए द्वारा संचालित शिक्षा सहायता केंद्र युक्तिडीह में वार्षिक उत्सव का आयोजन रविवार को किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू शामिल हुई। मौके पर देवयानी मुर्मू ने कहा कि शिक्षा से ही सभ्य समाज का निर्माण संभव है। आरडीए ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगा रहा है। बालिकाओं की शिक्षा को लेकर अभिभावकों में जागरूकता आई है। गरीब व कमजोर बच्चों को विशेष शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। प्रतिवर्ष मैट्रिक का परीक्षाफल बेहतर रहा है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच का संचालन शिखा गोप व पूजा मांडी ने किया। मौके पर घाटशिला प्रखंड प्रमुख सुशीला टुडू, कंचन कर, तपन वर्मन, बेला कर, हरिशंकर भकत, संजय हांसदा, दुष्यंत पाल, प्रशांत दास, दुर्गा दंडपाट, भादो मांडी, दीपक विशोय, सुखदेव सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## भाजपा सोनारी मंडल ने तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत पर मनाया जश्न



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड बहुमत की जीत पर सोनारी राममंदिर अटल चौक से आतिशबाजी के साथ मौनी बाबा मंदिर रुपनगर चौक तक पटाखे फोड़ते एवं लड्डू वितरण करते हुए पथ यात्रा की गई। मौके पर मुख्य रूप में सुनील सिंह, रीता सिंह, विरेंद्र प्रताप सिंह पुरण वर्मा, सुदीप चौधरी, अभिजित दत्ता, कृष्णा यादव, सुशील हेसा, राजपाल सिंह, शंकर सिंह, ओपी सिंह,भरत भुषण, मुन्ना सिंह, अमरेश सिंह, भोला सिंह, व पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता एवं समर्थक विजय जुलूस में शामिल हुए।

## झामुमो बोड़ाम प्रखंड समिति की बैठक संपन्न

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को बोड़ाम प्रखंड के चिरुडीह सामुदायिक भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा बोड़ाम प्रखंड समिति की बैठक प्रखंड अध्यक्ष श्यामापदो महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन सचिव छुटूलाल हांसदा ने किया। बैठक में झामुमो पूर्वी सिंहभूम जिला समिति के ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक के रूप में झामुमो नेता महाबीर मुर्मू एवं अजय रजक उपस्थित थे। बैठक में तय हुआ कि बूथ कमिटी को सशक्त करने एवं पुनर्गठन हेतु आगामी 8 दिसंबर को माधवपुर में बैठक कर पोखरिया, माधवपुर व गौरडीह पंचायत के अंतर्गत सभी बूथ कमेटियों का पुनर्गठन किया जाएगा। प्रत्येक बूथ कमेटी में 15 सदस्यों को शामिल किया जाएगा जिसमें 10 पुरुष और 5 महिलाएं होंगी। 9 को मुकुरुडीह, रसिकनगर व भूला पंचायत की बैठक रसिकनगर पंचायत भवन में होगी। 10 को बेलडीह, बोड़ाम, कुईयानी व पहाड़पुर पंचायत की बैठक बोड़ाम में होगी। 11 को लायलम व बोंटा पंचायत की बैठक बोंटा में होगी। मौके पर हिमांशु महतो, रानू मुर्मू, जलन मार्डी, मोतीलाल महतो, सुकुमार बेसरा, विद्या गोराई आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री का 6 व 7 दिसंबर को पूर्वी सिंहभूम दौरे को लेकर तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन

### जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने जिला स्तरीय पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ के साथ बैठक कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 7 दिसंबर को पोटका प्रखंड के सावनाडीह फुटबॉल मैदान में जिला स्तरीय आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेना प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम के तहत 6 दिसंबर को मुख्यमंत्री का जिला में आगमन संभावित है। मुख्यमंत्री का जिला में आगमन एवं कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आहूत की गई। बैठक में कार्यक्रम की सम्पूर्ण रूपरेखा की विस्तृत रूप से समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री द्वारा पोटका प्रखंड के मानपुर पंचायत स्थित सावनाडीह फुटबॉल मैदान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया जाना है। बैठक में उपायुक्त ने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं संबंधितों को कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, निदेशक एनईपी ज्योत्सना सिंह, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, एसओआर दीपू कुमार, डीसीएलआर रविन्द्र गागराई, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, नगर निकायों के पदाधिकारी, सभी तकनीकी विभागों के पदाधिकारी व अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## तीन राज्यों के जीत पर चक्रधरपुर में भाजपाइयों ने मनाया जशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से जीत का जश्न भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा चक्रधरपुर नगर पवन चौक में जमकर आतिशबाजी की गई और कार्यकर्ताओं द्वारा आम नागरिकों के बीच लड्डू का वितरण किया गया। मौके पर अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक सारंगी, जिला उपाध्यक्ष ललित मोहन गिलुवा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष पवन शंकर पांडे, शेष नारायण लाल, नगर संयोजक राजू कसेरा, नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, जिला कार्य समिति सदस्य संजय पासवान, पिछड़ा मोर्चा नगर अध्यक्ष विनोद शर्मा, राजेश कुमार राय, गौतम रवानी, मोहन यादव, राजेश प्रसाद, महंगी प्रजापति, शेखर प्रसाद रवानी, राजू शर्मा,दुर्गा महतो, गोल्डी सिंह, वीरेंद्र राय, महेश दास, देवेन मंडल, श्रवण ठाकुर, विकास रवानी, कबीर पांडे, बजरंग महानंद, विनोद प्रधान, पंडित जी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तीन राज्यों में जीत की खुशी में भाजपाइयों ने निकाला विजय जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** तीन राज्यों में विधानसभा की चुनाव में भाजपा के बहुमत से जीत की खुशी में सरायकेला में भाजपाइयों द्वारा विजय जुलूस निकाला गया। भाजपा नगर अध्यक्ष सरायकेला बद्री दरोगा की अध्यक्षता में निकाले गए विजय जुलूस में भाजपा नेता गणेश माहली, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजा सिंह देव, राजकुमार सिंह, सुमित चौधरी, गणेश मोहंती, दुखराम साहू, बिजू दत्त, परशुराम कवि, चिरंजीव महापात्र, तुषारकांत दुबे, रीता दुबे, अविनाश कवि, कृष्ण राणा, देवराज सारंगी, मलय आचार्य, अविनाश मोहंती, मंटू आचार्य, रवि सतपति एवं कालू पटनायक सहित काफी संख्या में भाजपाई उपस्थित रहे। विजय जुलूस में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं ने अबीर गुलाल के साथ, गाजे बाजे सहित आतिशबाजी करते हुए शहरी क्षेत्र के विभिन्न सड़कों से होकर गुजरा।

## महिला अधिवक्ता के घर चोरी, अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के डीवीसी मोड़ के समीप स्थित साई आंचल अपार्टमेंट में बीते शनिवार को दिनदहाड़े चोरों द्वारा तीन मकानों का ताला तोड़कर नकद समेत लाखों रुपए के गहनों की चोरी कर ली गई। उक्त अपार्टमेंट के ब्लॉक संख्या तीन के फ्लैट संख्या ए/106 निवासी जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय की अधिवक्ता कुसुमलता कुमारी के मकान का ताला तोड़कर चोरों द्वारा 30 हजार नगद समेत करीब साढ़े पांच लाख के आभूषणों की चोरी कर ली गई। इस बाबत गृहस्वामिनी कुसुमलता कुमारी द्वारा आदित्यपुर थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराई गई है।

## रघुनाथपुर वन विश्रामगार में दिव्यांग दिवस समारोह आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** नीमडीह प्रखंड के रघुनाथपुर वन विश्रामागार परिसर में रविवार को दिव्यांग दिवस समारोह आयोजित की गई। बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो ने अपने हाथों से 215 दिव्यांगों को कंबल देकर सम्मानित किया। मौके पर महतो ने कहा कि आप सभी की मांगों को पूरा करने के लिए सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के माध्यम से संसद में आवाज बुलंद किया जायेगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष वैद्यनाथ महतो, समाजसेवी अमूल्य महतो, झारखंड विकलांग संरक्षण समिति के अध्यक्ष डा. अरुणेंद्र कुमार सिन्हा, सलाहकार सलिल महतो, डा. चंद्र मोहन गोराई, सुरेंद्र नाथ महतो, आनंद प्रमाणिक, ग्राम प्रधान रघुनाथ महतो, गुणधर गोप, खगेन मोदी व सुरजीत महतो आदि उपस्थित थे।

## तीन लैंपस कर्मियों पर केस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** मनोहरपुर थाना में धान के क्रय-विक्रय मामले में मनोहरपुर लैम्पस के तीन कर्मचारियों पर केस दर्ज हुआ है। इससे उन लैम्पस कर्मियों में दहशत है। मामला 1 करोड़ 9 लाख 52 हजार 740 रुपए की खरीफ फसल के क्रय-विक्रय का है। मनोहरपुर पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। कभी भी उन तीन लैम्पस कर्मियों की गिरफ्तारी हो सकती है। विदित हो की जिला अधिकारी के निर्देश पर मनोहरपुर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मनोहरपुर लैंपस के अध्यक्ष ज्योतिष ओड़ेया ने बताया कि धान क्रय विक्रय को लेकर उपरोक्त राशि की बात जो सामने आई है। सारा धान लैम्पस के विभिन्न गोदामों में उपलब्ध है।

# मऊभंडार मैदान में क्रिकेट महाकुंभ का हुआ आगाज

### पहले मैच में आयुष इलेवन व दूसरे मैच में चैम्पस इलेवन दाहीगोड़ा की टीम दूसरे चक्र में किया प्रवेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घाटशिला :** मऊभंडार स्पोर्ट्स क्लब मैदान में खेले गए पहले मैच में आयुष इलेवन मऊभंडार की टीम ने आईसीसी इलेवन मऊभंडार की टीम को 6 विकेट से हराकर दूसरे राउंड में प्रवेश कर गई। पहले बल्लेबाजी करते हुए आईसीसी इलेवन की टीम ने 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 67 रन बनाए। जवाबी पारी में खेलते हुए आयुष इलेवन की टीम ने लक्ष्य को पार करते हुए 5.2 ओवर में चार विकेट खोकर 68 रन बनाकर मैच को अपने कब्जे में कर लिया। इस मैच के अंपायर एके राय और चेतन सिंह थे जबकि स्कोरर संदीप भट्टाचार्य एवं उद्घोषक गुरु बच्चन सिंह व नरेंद्र राय थे। दूसरे मैच में टॉस जीतकर पेंटर सुरदा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 76 रन बनाकर 10 ओवर में 7 विकेट खो दिया। जवाबी पारी में लक्ष्य का पीछा करते हुए चैम्पस 11 दाहीगोड़ा की टीम ने मात्र 7.2 ओवर में ही चार विकेट खोते हुए 82 रन बनाकर मैच को अपने कब्जे में कर लिया। इस मैच में अंपायर के रूप में ए चटर्जी और संजय कुमार जबकि स्कॉरर एस भल्ला तथा उद्घोषक एन के राय व गुरु वचन सिंह थे।

**आज का मैच**

1. एसबीसी गोलमुरी जमशेदपुर एवं लोकल स्टार धालभूमगढ़ के बीच खेली जाएगी। 2. सिस्टम इलेवन पारडीह जमशेदपुर एवं इरफान इलेवन राउरकेला के बीच खेली जाएगी। 3. जय श्री राम जमशेदपुर और एसवाईबीसी सिलडूंगरी के बीच भिड़ंत होगी।

## चित्रगुप्त महासमिति ने मनाई डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** चित्रगुप्त महासमिति की ओर से समारोह आयोजित कर देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 139वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। बड़ा गम्हरिया के चित्रगुप्त भवन में आयोजित समारोह में उपस्थित चित्रांशों ने सर्वप्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नमन किया। इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भी श्रद्धासुमन अर्पित की गई। समारोह की अध्यक्षता करते हुए समिति के उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी श्रीवास्तव ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजेन्द्र बाबू भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नेताओं में से एक थे। उन्होंने गांधीजी के साथ मिलकर ब्रिटिश शासन के खिलाफ लगातार संघर्ष किया। समिति के महासचिव संजय कुमार वर्मा ने कहा कि राजेन्द्र बाबू भारतीय गणराज्य के पहले राष्ट्रपति के रूप में देश को नेतृत्व प्रदान किया। मौके पर समिति के कोषाध्यक्ष अभय लाभ, वाईके सिन्हा, कौशल किशोर सहाय, पूर्व अध्यक्ष रत्नेश्वर सहाय, आदि थे।

## गरीब, असहाय व जरूरतमंदों के बीच सांसद गीता कोड़ा ने किया कम्बल वितरित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा ने रविवार को अपने जगन्नाथपुर पताहातु स्थित निजी आवास में लगभग डेढ़ सौ जरूरतमंदों के बीच कम्बल वितरित किया। मौके पर सांसद ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार गिरावट आने से राज्य में कड़ाके की सर्दी पड़ने लगी है, इसलिए जरूरी है वैसे लोगों के बीच राहत का कार्य किया जाए, जिन्हें जरूरत है। कोड़ा ने कहा कि हमारा हमेशा से प्रयास रहता है कि जरूरतमंदों की सेवा की जाए।

### 29वें बासुकी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का एचसीएल के यूनिट हेड ने किया उद्घाटन

# मजदूर नेता बासुकी सिंह को दी गई श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घाटशिला :** घाटशिला के मऊभंडार स्पोर्ट्स क्लब मैदान में रविवार को हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के तत्वावधान में आयोजित 29वें बासुकी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत मजदूरों के मसीहा, गोपालपुर के पूर्व मुखिया स्वर्गीय बासुकी सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गई। मुख्य अतिथि एचसीएल/आईसीसी के यूनिट हेड श्याम सुंदर सेठी एवं विशिष्ट अतिथि उप महाप्रबंधक श्रवण कुमार झा, डीजीएम माइंस दीपक कुमार श्रीवास्तव, बीके माझी, स्व. बासुकी सिंह की धर्मपत्नी इंदु देवी, अध्यक्ष बीएन सिंहदेव समेत अन्य लोगों ने स्वर्गीय बासुकी सिंह को श्रद्धांजलि दी। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा बल्लेबाजी व गेंदबाजी कर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। पहला मैच आयुष इलेवन मऊभंडार तथा आईसीसी इलेवन मऊभंडार के बीच खेला गया। मौके पर क्रिकेट टूर्नामेंट के अध्यक्ष बीएन सिंहदेव, महासचिव जयंत उपाध्याय, सचिव ओम प्रकाश सिंह, एनके राय, शक्ति प्रसाद धल, गुरुवचन सिंह, चेतन सिन्हा, दिनेश साव, कालटू चक्रवर्ती, मोहमूद अली, उप मुखिया रूपेश दुबे, प्रदीप शाह (पिंटू), संतोष दास, विजय पांडे समेत काफी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

# पटमदा टीम ने जीता विजय बोस मेमोरियल ग्रामीण टूर्नामेंट का खिताब




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बहरागोड़ा के वीणापाणि स्टेडियम में रविवार को 16वें विजय बोस मेमोरियल ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच घाटशिला और पटमदा के बीच खेला गया। पटमदा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में 10 विकेट पर 176 रन बना कर घाटशिला टीम को 177 रन का लक्ष्य दिया। पटमदा टीम के बल्लेबाज अभिजीत दत्ता ने 39 और मानस दत्ता ने 44 रन की पारी खेली। घाटशिला टीम के गेंदबाज प्रवीण कुमार पटेल और चिरंजीत प्रधान ने 2- 2 और ऋतिक गोड़ तथा सोनू सिंह ने 1- 1 विकेट लिया। जवाबी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी घाटशिला टीम ने भी 30 ओवर में 8 विकेट 176 रन बनाया। इस प्रकार रोमांचक मैच टाई हो गया। घाटशिला टीम के बल्लेबाज रिशु कुमार साहू ने 44 रन और ललित ने 34 रन की पारी खेली। पटमदा के गेंदबाज उद्धव मिश्रा और शुभम नाग ने 2-2 और अभिजीत दत्ता तथा प्रदीप कुमार ने 1- 1 विकेट लिया। सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए घाटशिला टीम ने 1 ओवर में 1 विकेट पर 5 रन बनाया। जिसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पटमदा टीम ने 4 गेंद पर ही बिना विकेट खोए 6 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

## भाजपा नेता लखन मार्डी ने तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर बांटे लड्डू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घाटशिला :** छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश व राजस्थान में हुए विधानसभा चुनाव में बंपर जीत से भाजपा कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष कौशिक कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी लखन मार्डी ने घाटशिला के गोपालपुर चौक में शामिल होकर कार्यकर्ताओं के साथ लड्डू वितरित कर खुशियां बांटे। मार्डी ने कहा कि यह प्रचंड जीत यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की है। कार्यक्रम में मंटू प्रजापति, विजय पांडे, सुबोध सिंह, आकाश दत्ता, आदि थे।

# बाकारकुड़ी में हाथी के हमले से युवक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरूलडीह :** सरायकेला - खरसावां जिले के कुकडु प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथी एक बार फिर अपना कहर बरपाने लगा है। इधर रविवार की सुबह शौच के लिए गए कुकडू प्रखंड के बाकारकुड़ी गांव के बांका कुमार के पुत्र गणेश कुमार को जंगली हाथी ने कुचल कर मार डाला। इसके बाद वहां के ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। बताया जा रहा है गणेश कुमार शौच के लिए बैठने ही वाला ही था कि अचानक एक झुंड से बिछड़ा हाथी सामने आ गया, इसके बाद वह डर से भागने का प्रयास के दौरान जंगली हाथी ने पकड़कर उन्हें कुचल डाला। इधर गणेश की मौत के बाद ग्रामीण आक्रोशित हैं। मालूम हो कि पिछले करीब दो सप्ताह से जंगली हाथियों के झुंड का आतंक कुकडू क्षेत्र में है और विभिन्न गांवों में विचरण भी कर रहा है। दिन दहाड़े जंगली हाथी का झुंड खुलेआम घूम रहा है लेकिन वन विभाग हाथियों को भगाने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं कर रहा है। सूचना पाकर भाजपा नेता विनोद राय मृतक के घर पहुंचे और जायजा लिया और वन विभाग पर जमकर बरसे। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग खाली पैसा कमाने का जरिया बन गया है और आमजनों की कोई चिंता नहीं है।

## गम्हरिया में पंचायत स्तरीय पान तांती समाज का गठन, छूटु तांती बने अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** रविवार को गम्हरिया पंचायत भवन के समीप कोल्हान प्रमंडल तांती समाज का पंचायत स्तरीय समिति का गठन किया गया। अध्यक्षता समाज के प्रखंड अध्यक्ष सूरज तांती ने की। मौके पर मुख्य रूप से तांती समाज के प्रखंड कोषाध्यक्ष सुखदेव तांती, वीरेंद्र तांती आदि मौजूद रहे। वहीं गम्हरिया पंचायत में पंचायत अध्यक्ष छोटू तांती, सचिव उर्मिला तांति, कोषाध्यक्ष धनपति तांती को बनाया गया। मौके पर संतोष पात्रो, छोटू तांती, मंगल तांती, नरेश तांती, नित्यानंद, रथू, सुरेश, अनिल धनपति, राधिका, उर्मिला, शांति, सुमित्रा एवं तांती समाज के कई सदस्य उपस्थित थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




संपादकीया

## अयोध्या, काशी और अब मथुरा

**हमारे** नेताओं में हिन्दू धर्म को लेकर किस प्रकार का संकोच रहा है, यह इस बात से पता चलता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना करनेवाले पहले प्रधानमंत्री हैं। यानी उनसे पहले कोई प्रधानमंत्री श्री कृष्ण की जन्मभूमि पर बने मंदिर में दर्शन करने नहीं गया है। हम जानते हैं कि जिस प्रकार मुस्लिम आक्रांताओं ने भगवान श्रीराम की जन्मस्थली पर बने राममंदिर को तोड़कर वहाँ मस्जिद का ढांचा बनाया और काशी में भगवान विश्वनाथ मंदिर पर भी हमला करके वहाँ भी अतिक्रमण किया, उसी तरह मथुरा में भी श्री कृष्ण की जन्मभूमि पर मंदिर को नुकसान पहुँचाकर अतिक्रमण किया गया है। हिन्दू समाज लंबे समय से मुस्लिम समुदाय से प्रार्थना कर रहा है कि ये तीन स्थानों से अपने अतिक्रमण हटा ले लेकिन कट्टरपंथी एवं हिन्दू विरोधी तत्वों के कारण मुस्लिम समाज कभी यह उदारता दिखा नहीं सका। तीनों ही स्थानों पर विवाद बना रहा। संभवतः इसीलिए पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री अपनी सेकुलर छवि को बचाने के लिए यहाँ नहीं आए होंगे। इस बात को समझने के लिए सोमनाथ मंदिर का उदाहरण हमारे सामने हैं, जहाँ तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने स्वयं भी आने से परहेज किया और तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को भी सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार समारोह में शामिल होने से रोकने का प्रयास किया। बहरहाल, वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस प्रकार का ढोंग नहीं करते हैं। वे जैसे हैं, वैसे ही दिखते हैं। उनका जीवन हिन्दू संस्कृति में रचा-बसा है और वे उस पर गर्व करते हैं। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी मंदिर-मंदिर जाते हैं और विधिपूर्वक पूजा-अर्चना भी करते हैं। यही नहीं, प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से अयोध्या और काशी का कायाकल्प हो गया है। मोदी सक्रियता के कारण सर्वोच्च न्यायालय से श्रीराम जन्मभूमि के मामले में वर्षों से अटका हुआ निर्णय हो सका और उसके बाद सरकार ने बिना देरी किए वहाँ भव्य मंदिर निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू करा दी। इसी तरह काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनाकर भगवान विश्वनाथ मंदिर को भव्यता प्रदान करने के साथ ही श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध करा दी हैं। हिन्दू समाज को विश्वास है कि जिस प्रकार अयोध्या और काशी के मंदिरों का विकास हुआ है, उसी तरह मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर का निर्माण भी होगा। ये तीनों स्थान एवं देवता, हिन्दू समाज के आराध्य हैं। इस कारण हम कह सकते हैं कि तीनों ही स्थान भारतीय स्वाभिमान के मानबिन्दु भी हैं। विदेशी आक्रांताओं ने इसलिए ही इन तीनों स्थानों को अपनी सांप्रदायिकता का निशाना बनाया। मथुरा का प्रकरण न्यायालय में लंबित है। विश्वास है कि इस प्रकरण में भी हिन्दुओं के पक्ष में निर्णय आएगा। क्योंकि सच तो यही है कि मथुरा में वर्षों से श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर था। उल्लेखनीय है कि आजकल कांग्रेस हिन्दू हितैषी दिखने का प्रयास कर रही है लेकिन हिन्दुओं को विश्वास नहीं होता है। कांग्रेस चाहे तो मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर की मुक्ति के लिए आंदोलन चला सकती है। हालांकि इसकी गुंजाइश शून्य ही है कि कांग्रेस ऐसा कोई निर्णय ले पाएगी। हिन्दू हित में आवाज बुलंद करने का साहस तो भाजपा में ही दिखायी देता है। बहरहाल, मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत में जिस प्रकार तेजी से सांस्कृतिक अभ्युदय की लहर चल रही है, उसे देखकर यह भी विश्वास होता है कि न्यायालय का निर्णय जब आएगा, तब आएगा, लेकिन उससे पहले महाकाल लोक और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तरह श्रीकृष्ण लोक का निर्माण हो जाएगा।


हिन्दू समाज लंबे समय से मुस्लिम समुदाय से प्रार्थना कर रहा है कि ये तीन स्थानों से अपने अतिक्रमण हटा ले लेकिन कट् टरपंथी एवं हिन्दू विरोधी तत्वों के कारण मुस्लिम समाज कभी यह उदारता दिखा नहीं सका। तीनों ही स्थानों पर विवाद बना रहा। संभवत : इसीलिए पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री अपनी सेकुलर छवि को बचाने के लिए यहाँ नहीं आए होंगे। इस बात को समझने के लिए सोमनाथ मंदिर का उदाहरण हमारे सामने हैं, जहाँ तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने स्वयं भी आने से परहेज किया और तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ . राजेन्द्र प्रसाद को भी सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार समारोह में शामिल होने से रोकने का प्रयास किया। बहरहाल, वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस प्रकार का ढोंग नहीं करते हैं। वे जैसे हैं, वैसे ही दिखते हैं। उनका जीवन हिन्दू संस्कृति में रचा-बसा है और वे उस पर गर्व करते हैं। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी मंदिर-मंदिर जाते हैं और विधिपूर्वक पूजा-अर्चना भी करते हैं। यही नहीं, प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से अयोध्या और काशी का कायाकल्प हो गया है। मोदी सक्रियता के कारण सर्वोच्च न्यायालय से श्रीराम जन्मभूमि के मामले में वर्षों से अटका हुआ निर्णय हो सका और उसके बाद सरकार ने बिना देरी किए वहाँ भव्य मंदिर निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू करा दी। इसी तरह काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनाकर भगवान विश्वनाथ मंदिर को भव्यता प्रदान करने के साथ ही श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध करा दी हैं। हिन्दू समाज को विश्वास है कि जिस प्रकार अयोध्या और काशी के मंदिरों का विकास हुआ है, उसी तरह मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर का निर्माण भी होगा।


### गुरुनानक देव जयन्ती- 27 नवम्बर 2023 के उपलक्ष्य में

## ढोंगी साधुओं के लिये एक आईना हैं गुरुनानक देव

ललित गर्ग


गुरु नानकदेवजी सर्वधर्म सद्भाव एवं साम्प्रदायिक सौहार्द के प्रेरक संतपुरुष एवं हिन्दू-मुसलमानों के बीच एक सेतु थे। हिन्दुओं के लिये वे गुरु एवं मुसलमानों के लिये पीर थे। समस्त मानवता के लिये वे एक फरिश्ता थे। दीपावली के पन्द्रह दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा को जन्में गुरु नानक देव इंसानियत की प्रेरक मिसाल है। वे अपने व्यक्तित्व में दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्म-सुधारक, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त एवं विश्वबंधु – सभी गुणों को समेटे हैं। उनमें प्रखर बुद्धि के लक्षण बचपन से ही दिखाई देने लगे थे। वे किशोरावस्था में ही सांसारिक विषयों के प्रति उदासीन हो गये थे। गुरु नानकदेवजी सर्वधर्म सद्भाव एवं साम्प्रदायिक सौहार्द के प्रेरक संतपुरुष एवं हिन्दू-मुसलमानों के बीच एक सेतु थे।


**परम** सत्ता या संपूर्ण चेतन सत्ता के साथ तादात्म्य स्थापित कर समस्त प्राणी जगत्को एकता के सूत्र में बांधने वाले 'सिख' समुदाय के प्रथम धर्मगुरु नानक देव ने मानवता का पाठ पढ़ाया, धर्म का वास्तविक स्वरूप स्थापित किया। समाज-सुधारक एवं रहस्यवादी संत नानकदेवजी ने समाज में समानता का उद्घोष करते हुए ईश्वर को पिता कहा। उनके अनुसार हम हम सब ईश्वर के बच्चे हैं, जिनकी निगाह में कोई छोटा-बड़ा नहीं है, कोई ऊंच-नीच नहीं है, कोई जाति-पाती नहीं है। अपनी गुरुवाणी 'जपुजी साहब' में वे कहते हैं कि 'नानक उत्तम-नीच न कोई' अर्थात ईश्वर की निगाह में सब समान है। उन्होंने जात-पात को समाप्त करने एवं सभी को समान दृष्टि से देखने के लिये ही 'लंगर' की प्रथा प्रारंभ की, जहां सब छोटे-बड़े एवं अमीर-गरीब एक ही पंगत में बैठकर भोजन करते हैं। गुरु नानकदेवजी सर्वधर्म सद्भाव एवं साम्प्रदायिक सौहार्द के प्रेरक संतपुरुष एवं हिन्दू-मुसलमानों के बीच एक सेतु थे। हिन्दुओं के लिये वे गुरु एवं मुसलमानों के लिये पीर थे। समस्त मानवता के लिये वे एक फरिश्ता थे। दीपावली के पन्द्रह दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा को जन्में गुरु नानक देव इंसानियत की प्रेरक मिसाल है। वे अपने व्यक्तित्व में दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्म-सुधारक, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त एवं विश्वबंधु – सभी गुणों को समेटे हैं। उनमें प्रखर बुद्धि के लक्षण बचपन से ही दिखाई देने लगे थे। वे किशोरावस्था में ही सांसारिक विषयों के प्रति उदासीन हो गये थे। प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा के दिन नानक देव का जन्मोत्सव मनाया जाता हैं। इस वर्ष गुरु नानक जयंती 27 नवंबर को मनाई जा रही। गुरु नानक जयंती को सिख समुदाय बेहद हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाता है। यह उनके लिए दीपावली जैसा ही पर्व होता है। इस दिन गुरुद्वारों में शबद-कीर्तन किए जाते हैं। जगह-जगह लंगरों का आयोजन होता है और गुरुवाणी का पाठ किया जाता है। उनके लिये यह दस सिक्ख गुरुओं के गुरु पर्वों या जयन्तियों में सर्वप्रथम है। नानक का जन्म 1469 में लाहौर के निकट तलवंडी में हुआ था। नानक जयन्ती पर तीन दिन का अखण्ड पाठ, जिसमें सिक्खों की धर्म पुस्तक 'गुरु ग्रंथ साहिब' का पूरा पाठ बिना रुके किया जाता है। मुख्य कार्यक्रम के दिन गुरु ग्रंथ साहिब को फूलों से सजाया जाता है और एक बेड़े (फ्लोट) पर रखकर जुलूस के रूप में पूरे गांव या नगर में घुमाया जाता है। शोभायात्रा में पांच सशस्त्र गार्ड, जो 'पंज प्यारों' का प्रतिनिधित्व करते हैं, अगुवाई करते हैं। निशान साहब, अथवा उनके तत्व को प्रस्तुत करने वाला सिक्ख ध्वज भी साथ में चलता है। पूरी शोभायात्रा के दौरान गुरुवाणी का पाठ किया जाता है, अवसर की विशेषता को दर्शाते हुए, धार्मिक भजन गाए जाते हैं। गुरुनानक देव एक महापुरुष व महान धर्म प्रवर्तक थे जिन्होंने विश्व से



सांसारिक अज्ञानता एवं धर्मगत संकीर्णताओं को दूर कर आध्यात्मिक शक्ति को आत्मसात्करने हेतु प्रेरित किया। उनका कथन है- रैन गवाई सोई कै, दिवसु गवाया खाय। हीरे जैसा जन्मु है, कौड़ी बदले जाय। उनकी दृष्टि में ईश्वर सर्वव्यापी है और यह मनुष्य जीवन उसकी अनमोल देन है, इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। उन्हें हम धर्मक्रांति के साथ-साथ समाजक्रांति का प्रेरक कह सकते हैं। उन्होंने एक तरह से सनातन धर्म को ही अपने भीतरी अनुभवों से एक नये रूप में व्याख्यायित किया। उनका जोर इस बात पर रहा कि एक छोटी-सी चीज भी व्यक्ति के रूपांतरण का माध्यम बन सकती है। वे किसी भी शास्त्र को नहीं जानते थे, उनके अनुसार जीवन ही सबसे बड़ा शास्त्र है। जीवन के अनुभव ही सच्चे शास्त्र है। शास्त्र पुराने पड़ जाते हैं, लेकिन जीवन के अनुभव कभी पुराने नहीं पड़ते। नानक के बचपन में ही अनेक अद्भुत घटनाएँ घटित हुईं जिनसे लोगों ने समझ लिया कि नानक एक असाधरण बालक है। पुत्र नानक को गृहस्थ जीवन में लगाने के उद्देश्य से पिता ने जब उन्हें व्यापार हेतु कुछ रुपए दिए तब उन्होंने समस्त रुपए साधु-संतों व महात्माओं की सेवा-सत्कार में खर्च कर दिए। उनकी दृष्टि में साधु-संतों की सेवा से बढ़कर लाभकारी सौदा और कुछ नहीं हो सकता था। नानक देवजी का धर्म और अध्यात्म लौकिक तथा पारलौकिक सुख-समृद्धि के लिए श्रम, शक्ति एवं मनोयोग के सम्यक नियोजन की प्रेरणा देता है। आपका न केवल बाहरी व्यक्तित्व बल्कि आंतरिक व्यक्तित्व भी विलक्षण एवं अलौकिक है। वे इस देश के ऐसे क्रांतद्रष्टा धर्मगुरु हैं, जिन्होंने देश की नैतिक आत्मा को जागृत करने का भगीरथ प्रयत्न किया। सामाजिक कुरूढ़ियों को बदलने के लिए किए गए उनके सत्प्रयत्न सदैव स्मरण किए जायेंगे। समाज के साथ उन्होंने राष्ट्र की भावात्मक एकता को सुदृढ़ करने के लिए अनेक उल्लेखनीय प्रयत्न किये। उन्होंने जड़ उपासना एवं अंध क्रियाकाण्ड तक सीमित मृतप्रायः धर्म को जीवित और जागृत करके धर्म के शुद्ध, मौलिक और वास्तविक स्वरूप को प्रकट करने में अपनी पूरी शक्ति लगाई। धर्म के बंद दरवाजों और खिड़कियों को खोलकर उसमें ताजगी और प्रकाश भरने का दुःसाध्य कार्य किया। आधुनिक धर्म के नए एवं क्रांतिकारी स्वरूप को प्रकट करने का श्रेय नानकदेवजी को जाता है। गुरुनानकजी का धर्म जड़ नहीं, सतत जागृति और चैतन्य की अभिक्रिया है। जागृत चेतना का निर्मल प्रवाह है। उनकी शिक्षाएं एवं धार्मिक उपदेश अनंत ऊर्जा के स्रोत हैं। शोषण, अन्याय, अलगाव और संवेदनशून्यता पर टिकी आज की समाज व्यवस्था को बदलने वाला शक्तिस्रोत वही है। धर्म के धनात्मक एवं गतिशील तत्व ही सभी धर्म क्रांतियों के नाभि केन्द्र रहे हैं। वे ही व्यक्ति और समाज के समन्वित विकास की रीढ़ है। ये व्यक्ति के शरीर, मन, प्राण और चेतना को प्रभावित करते हैं। व्यक्ति-व्यक्ति का स्वस्थ तन, स्वस्थ मन और स्वस्थ जीवन ही स्वस्थ समाज की आधारशिला है और ऐसी ही स्वस्थ जीवन पद्धति एवं धर्म का निरुपण गुरुनानक देव न किया है। गुरु नानकदेव एक महान पवित्र आत्मा थे, वे ईश्वर के सच्चे प्रतिनिधि थे। आपने 'गुरुग्रंथ साहब' नामक ग्रंथ की रचना की। यह ग्रंथ पंजाबी भाषा और गुरुमुखी लिपि में है। इसमें कबीर, रैदास व मलूकदास जैसे भक्त कवियों की वाणियाँ सम्मिलित हैं। 70 वर्षीय गुरुनानक सन्-1539 ई० में अमरत्व को प्राप्त कर गए। परन्तु उनकी मृत्यु के पश्चात्भी उनके उपदेश और उनकी शिक्षा अमरवाणी बनकर हमारे बीच उपलब्ध हैं जो आज भी हमें जीवन में उच्च आदर्शों हेतु प्रेरित करती रहती हैं। सतगुरु नानक प्रगटिया, मिटी धुन्ध जग चानण होया" सिख धर्म के महाकवि भाई गुरदासजी ने गुरु नानक के आगमन को अंधकार में ज्ञान के प्रकाश समान बताया। निश्चित ही वे असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक पुरुष हैं। गुरुनानक देवजी ने स्वयं किसी धर्म की स्थापना नहीं की। उनके बाद आये गुरुओं से अपने समय की स्थितियों को देखकर सिख पंथ की स्थापना की। उनका उद्देश्य भी भारतीय धर्म और संस्कृति की रक्षा करना ही था। श्री गुरुनानक देव जी का जीवन सदैव समाज के उत्थान में बीता। उस समय का समाज अंधविश्वासों और कर्मकांडों के मकड़जाल में फंसा हुआ था। कहने को लोग भले ही समाज की रीतियां निभा रहे थे पर अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिये उनके पास कोई ठोस योजना नहीं थी। इधर सामान्य लोग भी अपने कर्मकांडों में ऐसे लिप्त रहे कि उनके लिये 'कोई नृप हो हमें का हानि' की नीति ही सदाबहार थी। ऐसे जटिल दौर में गुरुनानक देवजी ने प्रकट होकर समाज में आध्यात्मिक चेतना जगाने का जो काम किया, वह अनुकरणीय है। वैसे महान संत कबीर भी इसी श्रेणी में आते हैं। हम इन दोनों महापुरुषों का जीवन देखें तो न वह केवल रोचक, प्रेरणादायक और समाज के लिये कल्याणकारी है बल्कि संन्यास के नाम पर समाज से बाहर रहने का ढोंग करते हुए उसकी भावनाओं का दोहन करने वाले ढोंगियों के लिये एक आईना भी है।

दृष्टि कोण

## डिजिटल इंडिया मिशन का किस तरह चुनावी फायदा मिलेगा मोदी को

**चुनाव** के इस माहौल में प्रधानमंत्री मोदी की तमाम सभाओं और कार्यक्रमों के दौरान उनका डिजिटल इंडिया मिशन खासा काम आ रहा है। हाल ही में झारखंड के आदिवासियों के बीच पहुंचे मोदी के कार्यक्रमों और जनजाति गौरव यात्रा के दौरान भी उनके इस मिशन का फायदा नज़र आया। अपनी सरकार की दो पारियों की उपलब्धियां गिनाते हुए मोदी के लिए इन यात्राओं में जो मजबूत जनाधार दिख रहा है, वह है ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में चल रहे सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) के उन ग्रामीण उद्यमियों का, जिनकी संख्या अब बीस लाख से भी ज्यादा हो गई है। देशभर में करीब साढ़े पांच लाख सीएससी चल रहे हैं और हरेक सीएससी से कई लोग जुड़े हैं। इन केंद्रों का मकसद खासकर देश के तमाम गांवों में लोगों को ई-गवर्नेंस की सुविधा देकर सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने डिजिटल इंडिया




कार्यक्रम के तहत सामान्य सेवा केंद्रों (CSC) का एक बड़ा नेटवर्क बनाया है। अगर सरकारी दावे की बात करें, तो संसद में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने एक सवाल के जवाब में बताया था कि 2022 की फरवरी तक देशभर में 4,63,705 सीएससी काम कर रहे हैं, जिनमें करीब 15 लाख लोग काम करते हैं। देश के करीब ढाई लाख ग्राम पंचायतों में से ज्यादातर ग्राम पंचायतें इस सेवा से जुड़ी हैं और इन्हें ग्राम स्तरीय उद्यमी यानी वीएलई चलाते हैं। आम तौर पर देश में लाखों ऐसे लोग हैं, जिन्हें आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति या आवास प्रमाण पत्र जैसे तमाम दस्तावेजों के लिया भटकना पड़ता है। वैसे तो तमाम शहरों में ऐसे कई केंद्र आपको मिल जाएंगे जो मोटी रकम लेकर ये दस्तावेज़ बनवाने का काम करते हैं, लेकिन सरकारी तौर पर सीएससी यह काम करता है और इसके जरिये लोगों को मुफ्त में ये सारी सुविधाएं देता है। और अब तो सरकारी तौर पर मुफ्त कानूनी सहायता देने का काम भी इसके जरिये किया जा रहा है। सामाजिक न्याय मंत्रालय के मुताबिक न्याय विभाग और सीएससी-एसपीवी की ओर से चलाई जा रही टेली लॉ सेवा के तहत अबतक 59 लाख से भी ज्यादा लोगों को मुफ्त कानूनी सलाह का लाभ मिला है। अगर आप दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में जाएंगे, तो वहां एमएसएमई के स्टॉल में आपको सीएससी के वालंटियर्स मिल जाएंगे। उनके मुताबिक इस कार्यक्रम से उन्हें काफी लाभ मिला है और यह मोदी सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। उनका कहना है कि वैसे तो इस योजना की शुरुआत कांग्रेस की सरकार के दौरान 2009 में ही हुई थी, लेकिन 2015 में सीएससी 2.0 के बाद डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत इसमें ज़बरदस्त तेजी आई और इसका गांव-गांव में विस्तार हुआ। खासकर सुदूर आदिवासी इलाकों में महिलाओं और दिव्यांगों में इस योजना का विस्तार हुआ है। ऐसे ही एक लाभार्थी हैं झारखंड के पवन ठाकुर। दिव्यांग होने के बावजूद उन्होंने ग्रामीण उद्यमी यानी वीएलई बनकर अपने साथ अपने गांव वालों की जिंदगी भी संवारी। पवन ठाकुर का रघुनाथपुर गांव आदिवासी बहुल और बेहद पिछड़ा हुआ है। न स्मार्टफोन है और न ही इंटरनेट की सुविधा। लेकिन इस गांव में सीएससी खोलकर वह यहां और आसपास के गांवों के 500 से ज्यादा छात्रों को डिजिटल शिक्षा देने के साथ तमाम सुविधाएं भी दे रहे हैं।

कुछ अलग

## बालिका शिक्षा के प्रति उदासीनता विकास में बाधक है

**हम** वैश्विक स्तर पर सुपर पावर बनने की होड़ में हैं। लेकिन लैंगिक असमानता आज भी हमारे समक्ष चुनौतियों के रूप में मौजूद है। यहां तक कि देश में कामकाजी शहरी महिलाएं भी लैंगिक पूर्वाग्रह व असमानता का शिकार बन रही हैं जबकि देश की प्रगति में महिला श्रमबल का बहुत बड़ा योगदान है। जो नित्य नए अनुसंधान, बौद्धिक कार्य, जोखिम भरा कार्य, राष्ट्रीय नेतृत्व आदि को पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ निभा रही हैं। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र में लड़कियों की शिक्षा को लेकर आजादी के पहले एवं बाद में भी लड़कों की अपेक्षा उदासीनता ही देखी जा रही है। जिसका प्रभाव आज भी कमोबेश ग्रामीण अंचलों में स्पष्ट दिखता है। आज भी गरीब व पिछड़े गांव में लड़कियों की शिक्षा को लेकर सकारात्मक मानसिकता नहीं है। देश में महिला साक्षरता की दर 64।46 प्रतिशत है जो कुल साक्षरता दर से भी कम है। लड़कियों को स्कूल में नामांकन कराया जाता है जो कुछ वर्षों के बाद स्कूल छोड़ देती हैं। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अनुसार वर्ष 2018 में 15-18 आयु वर्ग की लगभग 39।4 प्रतिशत लड़कियां स्कूली शिक्षा हेतु किसी भी संस्थान में पंजीकृत नहीं हैं। इनमें से अधिकतर या तो घरेलू कार्यों में लगी हैं या भीख मांगने जैसा काम कर रही हैं। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की शुरूआत 2015 में महिला बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मानव संसाधन मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से स्कूलों में लड़कियों की संख्या बढ़ाने, भ्रूण हत्या रोकने, स्कूल छोड़ने वाली लड़कियों की संख्या कम करने, शिक्षा के अधिकार कानून को लागू करने आदि के उद्देश्य से की गई है। इसी कड़ी में कस्तूरबा बालिका विद्यालय, कन्या विद्यालय, वुमेन्स कॉलेज, महिला समाख्या आदि संस्थाएं अस्तित्व में आईं। जिसने पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक के अलावा आर्थिक रूप से पिछड़े परिवार के लिए बेहतरीन कार्य किया है। यूनिसेफ भी लड़कियों की गुणवतापूर्ण शिक्षा के वास्ते भारत सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है। इस कड़ी में बिहार और झारखंड सरकार भी बालिका शिक्षा को लेकर कई महत्वकांक्षी योजनाएं चला रही है। इसके बावजूद आज भी ग्रामीण क्षेत्र में अशिक्षा, जागरूकता, गरीबी, पिछड़ेपन, रूढ़ियां आदि की वजह से लड़कियों को शिक्षा के अधिकार से अपने ही परिवार वाले महरूम रखते हैं। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से 65 किमी दूर साहेबगंज प्रखंड अंतर्गत पंचरुखिया गांव की लड़कियों को पहले पढ़ाया नहीं जाता था। यह कहकर टाल दिया जाता था कि लड़कियां पढ़कर क्या करेंगी? आखिर लड़कियों को घर का ही तो कामकाज करना है। शादी के बाद भी और शादी के पहले भी उन्हें चूल्हा ही जलाना है। लेकिन अब बिहार सरकार लड़कियों को पढ़ने के लिए पोशाक, किताबें, छात्रवृति, साइकिल आदि देने लगी है, तो अभिभावकों में लड़कियों को स्कूल भेजने की तत्परता भी दिखने लगी है। पंचरूखिया गांव की चंदा और सुषमा आठवीं कक्षा में पढ़ती है। वे कहती हैं कि पोशाक, किताब और छात्रवृति मिलने के कारण हमारे माता-पिता स्कूल जाने देते हैं। 75 प्रतिशत हाजिरी के बहाने गांव की लड़कियां घर की दहलीज लांघकर स्कूल की कक्षा और खेल के मैदान में सहेलियों के साथ आनंद के साथ पठन-पाठन कर रही हैं। 16 वर्षीय सोनी कहती है कि वह नौवीं कक्षा में पढ़ती है। आठवीं के बाद उसके पिता उसे पढ़ना नहीं चाहते थे, परंतु जब उसने अपने पिता को बताया कि पढ़ने जाने के लिए सरकार की ओर से उसे साइकिल और पोशाक मिलेगी, तो उसके पिता ने उसका स्कूल में दाखिला कराया।

देश दुनीया से

## नोटा के विकल्प को ईवीएम से हटाये जाने पर विचार किया जाना चाहिए




नोटा के प्रावधान को लेकर पक्ष विपक्ष में अनेक तर्क दिए जा सकते हैं पर समय आ गया है कि उस पर बड़ी बहस हो और उसको अधिक प्रभावी या कारगर बनाने के प्रावधान किये जाये। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मतदान को लेकर की गई टिप्पणी भी इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि यदि हम मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं तो फिर सरकार के खिलाफ किसी तरह की शिकायत करना उचित नहीं ठहराया जा सकता। कमोबेश यह सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी की भावना रही है और इससे साफ साफ संदेश हो जाता है कि सजग व जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रत्येक मतदाता का दायित्व हो जाता है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करे।


**पांच** साल में एक बार मिलने वाले अवसर को नकारात्मक सोच या गैरजिम्मेदारी से खो देना किसी भी हालात में उचित नहीं माना जा सकता। लोकतंत्र के महायज्ञ में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करके अपनी आहुति देने का अवसर मिलता है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या फिर लापरवाही के कारण मतदान नहीं करना किसी अक्षम्य अपराध से कम नहीं कहा जा सकता है। वर्तमान परिदृश्य में नोटा प्रयोग भी मंथन का विषय होना चाहिए। नोटा के प्रावधान को लेकर पक्ष विपक्ष में अनेक तर्क दिए जा सकते हैं पर समय आ गया है कि उस पर बड़ी बहस हो और उसको अधिक प्रभावी या कारगर बनाने के प्रावधान किये जाये। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मतदान को लेकर की गई टिप्पणी भी इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि यदि हम मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं तो फिर सरकार के खिलाफ किसी तरह की शिकायत करना उचित नहीं ठहराया जा सकता। कमोबेश यह सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी की भावना रही है और इससे साफ साफ संदेश हो जाता है कि सजग व जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रत्येक मतदाता का दायित्व हो जाता है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करे। अब तो निर्वाचन आयोग ने मतदान सुविधाजनक भी बना दिया है। बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान का अवसर प्रदान कर दिया है वहीं मतदाताओं के लिए जागरूकता अभियान से लेकर निष्पक्ष चुनाव के लिए कारगर कदम उठाये जाने लगे हैं। भले ही सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद ईवीएम में नोटा यानि कि नन ऑफ द अबव का प्रावधान कर दिया गया हो पर एक जागरूक व जिम्मेदार मतदाता के लिए नोटा के प्रयोग को समझदारी भरा निर्णय नहीं माना जा सकता। कारण साफ है नोटा का बटन दबाकर अपनी भावना तो व्यक्त कर सकते हैं पर उसका इस मायने में कोई अर्थ नहीं रहता कि किसी की जीत हार में उसका खास असर नहीं पड़ता। राजस्थान के ही 2013 और 2018 के विधानसभा चुनावों का विश्लेषण किया जाए तो साफ हो जाता है कि 2013 के विधान सभा चुनावों में 4 करोड़ 8 लाख से अधिक मतदाताओं में से 5 लाख 89 हजार से कुछ अधिक यानी कि केवल 1.92 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा का प्रयोग किया। इसी तरह से 2018 के विधान सभा चुनावों का विश्लेषण किया जाए तो 4 करोड़ 77 लाख से कुछ अधिक मतदाताओं में से 4 लाख 67 हजार से कुछ अधिक यानी कि 1.3 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाकर विरोध दर्शाया। अब एक ओर 2018 में नोटा प्रयोग में कमी आई है तो इसके साथ ही नोटा अपने आप में नकारात्मकता को दर्शाता है। हालांकि आपने नोटा का प्रयोग कर यह संदेश दे दिया कि आपकी नजर में कोई भी उम्मीदवार खरा नहीं उतर रहा पर सोचने वाली बात यह भी है कि इनमें से कोई एक उम्मीदवार ही विजयी होगा। आपका नोटा का बटन जीत हार के अंतर को तो कम कर सकता है। नोटा के प्रयोग के स्थान पर उपलब्ध विकल्पों में से ही किसी एक को चुनना ज्यादा बेहतर माना जा सकता है। हालांकि एक समय था जब कई बूथों पर विरोध स्वरूप मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय कर लिया जाता था या फिर लोगों द्वारा उपलब्ध उम्मीदवारों में किसी को भी मत देने योग्य नहीं समझने के कारण विरोध का मत यानि कि नोटा के प्रयोग की मांग की जाती रही। नोटा का परिणाम प्रभावी तरीके से राइट टू रिजेक्ट होता तो अधिक कारगर होता। तस्वीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों में उसकी कारगरता के अभाव के कारण नोटा के प्रावधान को हटाया जा चुका है। यों कहें कि कई देशों में नोटा के प्रावधानों को कारगर नहीं पाने के कारण हटा दिया गया है। अमेरिका की ही बात करें तो वहां नोटा का प्रावधान रहा है पर 2000 आते आते उसे हटा दिया गया। इसी तरह से रूस में 2006 और पाकिस्तान में 2013 में नोटा प्रावधान को हटाया जा चुका है। देश के प्रबुद्ध नागरिकों, बुद्धिजीवियों, राजनीतिक विश्लेषकों, कानूनविदों को नोटा को लेकर गंभीर बहस छेड़नी होगी जिससे नोटा को वास्तव में चुनावों में हथियार के रूप में उपयोग किया जा सके। आज की तारीख में बात करें तो नोटा केवल और केवल आपके विरोध को दर्ज कराने तक ही सीमित माना जा सकता है। एक दूसरी बात और जिस पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। आजादी के 75 साल बाद और दुनिया की सबसे बेहतरीन चुनाव व्यवस्था के बावजूद मतदान प्रतिशत 90 से 100 प्रतिशत के आंकड़े को नहीं छूना चिंता का विषय है। आज हालात बदल चुके हैं। कोई भी किसी को मतदान के अधिकार से जोर जबरदस्ती या अन्य कारण से रोक नहीं सकता। भारतीय चुनाव आयोग की निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था को सारी दुनिया द्वारा सराहा जाता है और लोग इसका लोहा मानते हैं। इस सबके बावजूद मतदान का प्रतिशत कम होना गंभीर है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या मतदान नहीं करना जिम्मेदार मतदाता का काम नहीं हो सकता।

आप का नजरीया

## चार दिनों की शांति

**पिछले** डेढ़ महीने से जारी हमास-इस्राइल जंग में आखिर एक विराम आया, जब इस्राइली संसद ने बुधवार को युद्धविराम के समझौते को मंजूरी दे दी। हालांकि इस बीच इस युद्ध के कारण गाजा में 14,000 से ज्यादा नागरिक मारे जा चुके हैं और 2,700 अन्य लोग लापता हैं। इन लापता लोगों में अधिकांश के मलबों के नीचे आने की बात कही जा रही है, जिसका मतलब यह है कि लाशें भले न मिली हों, लेकिन उनके जिंदा बचे होने की कोई संभावना नहीं रह गई है। इतने बड़े नुकसान की कीमत पर हासिल यह युद्धविराम भी अस्थायी है। इसकी मियाद महज चार दिनों की है। इस दौरान हमास 50 बंधकों को रिहा करेगा जिनमें महिलाएं और बच्चे होंगे। बदले में इस्राइल की जेलों में बंद 150 फलस्तीनी छोड़े जाने हैं। जाहिर है, इस युद्धविराम को संभव बनाने वाला सबसे बड़ा कारक वे 240 लोग हैं, जिन्हें 7 अक्टूबर के आंतकवादी हमले में हमास के हमलावर बंधक बना ले गए थे। इनमें इस्राइल के साथ 40 देशों के नागरिक शामिल हैं। इनकी सुरक्षित रिहाई का दबाव अलग-अलग देशों की सरकारों पर है। खुद इस्राइल में भी नेतन्याहू पर इसका दबाव लगातार बढ़ता जा रहा था। अगर इस समझौते



से जुड़े तमाम पहलुओं पर सही ढंग से अमल हुआ तो न केवल दोनों तरफ से 200 लोग कैद से मुक्त होंगे बल्कि गाजा में चौबीसो घंटे बमों की बारिश झेल रहे लोग भी चार दिनों के लिए ही सही, पर राहत महसूस करेंगे। इस बीच उनके लिए मानवीय सहायता भी पहुंचेगी और ईंधन की कमी के चलते बंद पड़े अस्पताल दोबारा शुरू हो पाएंगे। अफसोस और चिंता की बात यह होगी इन सबके पीछे यह भाव लगातार काम करता रहेगा कि यह राहत सिर्फ चार दिनों के लिए है। इसके ठीक बाद फिर वही हालात बन जाने हैं। क्या इसका मतलब यह है कि हमास और इस्राइल दोनों पक्ष इस अवधि का इस्तेमाल अपनी तैयारियों को मजबूती देने के लिए करेंगे ताकि चार दिन के बाद और विनाशकारी युद्ध को अंजाम दे सकें? सारी संभावनाएं इसी ओर इशारा कर रही हैं। हालांकि ध्यान रहे, 50 बंधकों की रिहाई के बाद भी करीब 190 बंधक हमास के कब्जे में होंगे। इसी बात को ध्यान में रखते हुए इस्राइल ने कहा है कि वह इस अवधि के समाप्त होने के बाद भी हर दस बंधकों की रिहाई के बदले युद्धविराम को एक-एक दिन बढ़ाता रह सकता है। किसी भी उपाय से अगर युद्धविराम लंबा खिंचता है तो यह एक अच्छी बात होगी, लेकिन इसे काफी नहीं माना जा सकता। सवाल है कि 19 दिनों में सभी बंधकों के रिहा होने के बाद क्या होगा? जरूरत सिर्फ अपने लोगों को सुरक्षित निकालने की नहीं, यह समझने की है कि किसी भी तरफ के बेकसूर लोगों की जान जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसलिए हमास के खात्मे के नाम पर गाजा में हो रहे जान-माल के नुकसान पर स्थायी रोक लगनी चाहिए।

**संक्षिप्त खबरें**

### छात्रा के अपहरण मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** शहर के जतराहीबाग मोहल्ले से बीते शुक्रवार की दोपहर एक छात्रा के अपहरण के प्रयास मामले में चतरा पुलिस ने घटना में शामिल मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी सुरेंद्र गंझू कुंदा थाना क्षेत्र के कोजरम गांव का रहने वाला है। यह जानकारी एसडीपीओ अविनाश कुमार ने रविवार को सदर थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि 1 दिसंबर को शहर के कठौतिया की रहने वाली एक छात्रा का अपहरण का प्रयास किया गया था?। अपहरण में असफल होने के बाद आरोपियों ने युवती के साथ मारपीट की घटना को भी अंजाम दिया था। मुख्य आरोपी सुरेंद्र गंझू अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर चतरा कॉलेज से पढ़ाई कर वापस लौट रही छात्रा को जबरन जतराहीबाग इलाके में एक कर में बैठाने का प्रयास किया। छात्र के विरोध के बाद लोगों को जमा होते देख आरोपी कार लेकर फरार हो गए थे।

# प्रेम प्रसंग में महिला की पत्थर से कूचकर हत्या, आरोपी प्रेमी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** अनुमंडल क्षेत्र के लावालौंग पुलिस ने बीते कुकुरवा में हुए महिला की संदेहास्पद स्थिति में हत्या मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए महिला के हत्यारे निरज कुमार वर्मा को पलामू जिले के दारूडीह स्थित घर से गिरफ्तार किया हैं। इस दौरान गिरफ्तार हत्यारे प्रेमी की निशानदेही पर महिला की हत्या में प्रयुक्त खून लगा पत्थर भी बरामद किया है। गिरफ्तार प्रेमी ने पुछताछ के दौरान बताया कि उसका महिला के साथ पिछले दो वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा था इसके साथ ही महिला ने उसके सहयोग के लिए गांव के महिला समूह से 60 हजार रूपया उठा कर भी दी थी। जिसको लेकर महिला के द्वारा उसके ऊपर शादी



के दबाव के साथ पैसे की मांग कर रही थी। जिससे परेशान हत्यारे प्रेमी ने महिला को बीते 29 अक्टूबर को बहला फुसलाकर लावालौंग के कुकुरमरवा जंगल में लाकर पत्थर से कुचकर हत्या की घटना को अंजाम दिया था। घटना में मृतक महिला की पहचान पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र निवासी खामडीह गांव निवासी चिंता देवी के रूप में की गई। मृतक महिला तीन बच्चों की मां थी। घटना के तीन दिनों बाद लावालौग थाना पुलिस ने महिला के शव को बरामद किया। जिसके बाद सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया था। टीम ने घटना घटित होने की एक माह के भीतर उद्बेदन करते हुए मृतिका के मोबाईल फोन बरामद किया जिसके आधार पर दारूडीह गांव निवासी निरज कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया तो प्रेम प्रसंग और हत्या के मामले का खुलासा हुआ। यह जानकारी प्रेस वार्ता कर मामले की जानकारी देते हुए सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के बाद न्यायिक अभीरक्षा के लिए उसे जेल भेज दिया गया है। टीम में लावालौंग थाना प्रभारी अविनाश कुमार के अलावा अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

# प्रभात मंत्र अखबार के लातेहार जिला कार्यालय का हुआ उद्घाटन

## सभी क्षेत्रों के गतिविधियों की मिलेगी जानकारी : बैद्यनाथ राम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** लातेहार में प्रभात मंत्र अखबार के जिला कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार विधायक बैद्धनाथ राम व संपादक रविन्द्र उपाध्याय ने सामूहिक रूप से फीता काट कर किया। इस अवसर पर विधायक श्री राम ने कहा कि अखबार समाज का आईना होता है। प्रभात मंत्र एक ऐसा अखबार है जिसमें राज्य के सभी क्षेत्रों की गतिविधियों की जानकारी मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अखबार के माध्यम से भी प्रशासन को सुधार करने का मौका मिलता है। आशा है कि अखबार अपने उद्देश्यों पर खरा उतरें। आगे कहा कि इस अखबार में राज्य भर के खबरें पढ़ने को मिलेंगी और राज्य के विभिन्न हिस्सों में हो



रही गतिविधियों की जानकारी मिलेगी।यह अखबार प्रशासन के साथ-साथ आम लोगों के लिए भी बेहतरीन साबित होगी। संपादक रविन्द्र उपाध्याय ने कहा कि यह अखबार सम्पूर्ण क्षेत्र की खबरों से रूबरू कराएगा। इस अवसर पर प्रभात मंत्र के संपादक रविन्द्र उपाध्याय, ब्यूरो चीफ संजय प्रजापति समेत प्रभात मंत्र के प्रतिनिधिगण पत्रकार मनोज दत्त देव, रामकुमार विश्वकर्मा, राजेश प्रसाद, पत्रकारों की टीम, आजसू जिला अध्यक्ष अमित पांडेय एवं आजसू के कार्यकर्तागण समाजसेवी राकेश सिंह, मजदूर संघ का नेता श्रवण पासवान समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन एसोसिएशन द्वारा नोनगांव में रखा गया बैठक, लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन द्वारा दिनाक 03/12/2023 को ग्राम पंचायत नोनगांव में अंतर्राष्ट्रीय मनवाधिकार एसोसियन, कि बैठक रखी गई जिसकी अध्यक्षता दुर्गेश कुमार द्वारा की गई, दुर्गेश कुमार आज के बैठक में सभी पदाधिकारी और सदस्य गण द्वारा मिलकर यह निर्णय लिया गया कि अत्यंत गरीबों को हक दिलाना है किसी प्रकार से शोषण नहीं होने देना है इस बैठक में काई बिन्दुओं पर बात की गई साथ में बूढ़े बुजुर्ग को सरकार द्वारा पेंशन सम्धित लाभ नहीं मिल पा रही है उनको पेंशन दिलवाने का काम मानवाधिकार द्वारा किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की इस बैठक में प्रखण्ड अध्यक्ष बिमल राणा, प्रखण्ड कार्यक्रम सचिव मो.अमजद, हुसैन, प्रखण्ड कल्याण सचिव कविता देवी, प्रखण्ड प्रवक्ता राजेश रविदास, नोनगांव पंचायत अध्यक्ष मीना देवी, सिंघानी पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद सलाउदीन, नोनगांव पंचायत उपाध्यक्ष मुकेश यादव, नोनगांव पंचायत सचिव पवन कुमार, सिंघानी पंचायत सचिव चंपा देवी, प्रखण्ड उपाध्यक्ष मुकेश राणा, मीरा देवी, महावीर साव नोनगांव उपस्थित थे।

# आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर तीन दिसंबर रविवार को परिसदन में जिलाध्यक्ष अमित यादव की अध्यक्षता में युवा कांग्रेस कमिटी के द्वारा बैठक की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए लातेहार के प्रभारी निशा भगत ने कमिटी की मजबूती और लोकसभा चुनाव में युवा कांग्रेस मजबूत स्तंभ बनकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया साथ ही युवा कांग्रेस के द्वारा होने वाले लोकसभा कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भी चर्चा और सफल बनाने के लिए परिचर्चा हुई। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र उरांव, जिला महासचिव मो़ इमरान, विधानसभा अध्यक्ष मिथलेश पासवान, प्रखंड अध्यक्ष मो़ साजिद, मनिका प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, वाजिद, फुलचंद यादव, रंजीत यादव, धनंजय यादव, बिजेंद्र उरांव, सोहेल अंसारी, सकेनदर उरांव, सकलदीप उरांव, मोती उरांव, कुलदीप, ललीत, राजीव आदि लोग मौजुद रहे।

### चतरा जिला क्रिकेट एसोसिएशन लीग मैच चतरा इलेवन बनाम पिपरवार लीग के बीच खेला गया, विजेता बना चतरा इलेवन



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत जवाहरलाल फुटबॉल मैदान स्टेडियम में रविवार को चतरा जिला क्रिकेट एसोसिएशन जिला क्रिकेट लीग मैच का पांचवा दिन मैच खेला गया। जहां पिपरवार ने टॉस जीतकर कर पहले बालेबाज़ी करते हुए। निर्धारित तीस ओवर में नौ विकेट खोकर 164 बनाया। जिसमें नरेश ने 38 और नैतिक 28 रन का योगदान दिया। चतरा इलेवन के तरफ से आशुतोष भारती ने 3, पवन 2, मोनल 1 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी चतरा इलेवन ने 21.2 ओवर में 4 विकेट खोकर मैच जीत लिया। चतरा के तरफ से रोनी कुमार ने नॉटआउट 66 रन, र तन कुमार ने 42 रन की पारी खेली। पिपरवार के तरफ से विकाश ने 2 विकेट लिया । इस तरह से चतरा इलेवन ने पिपरवार को 6 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रोनी कुमार को दिया गया। अंपायर की भूमिका में सुमित कुमार और चंदन ने निभाई। मौके पर चतरा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय सिंह, सचिव मनोज सहाय, सह सचिव आशुतोष भारती, कोषाध्यक्ष सरोज सिन्हा, जिला क्रिकेट लीग के अध्यक्ष प्रेम राणा, कोषाध्यक्ष मिथलेश कुमार, सदस्य राहुल वर्धन, अमित, राजू, सुजीत, आदि मौजूद थे।

# मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत संचालित समवेशी सप्ताह के तहत दिनांक 03 दिसंबर रविवार को आयोजित दिव्यांग मतदाताओं के जागरूकता एवं निबंधन हेतु लातेहार जिला के चंदवा एवं लातेहार प्रखंड मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में देवदास दत्ता, अवर सचिव मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग झारखण्ड सम्मिलित हुए। श्री दत्ता ने कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांग मतदाताओं को माला पहनाकर उनका अभिनन्दन किया तथा उन्हें अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इसके उपरांत बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक के साथ समीक्षा बैठक की एवं लक्ष्य के अनुरूप मतदाताओं का निबंधन करने का निदेश दिया। उनके द्वारा बताया गया की आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में 80 प्रतिशत से ज़्यादा मतदान का लक्ष्य है जिसे हम सभी को सामूहिक प्रयास से हासिल करना है। कार्यक्रम में विजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, चंदवा, मनोज कुमार तिवारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार, अतहर रजा, मनोज कुमार, चंदन कुमार पाण्डेय, साकेत कुमार, लव कुमार, किशन कुमार गुप्ता एवं बीएलओ तथा बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

# 12 दिसंबर को पीएचडी कार्यालय का घेराव करेगी आजसू : अमित पाण्डेय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** आजसू पार्टी कि बैठक रविवार को नेवाड़ी पंचायत के सोहदाग कैमा विश्रामपुर आदि गांव में हुई उक्त बैठक में विभिन्न विषयों पे चर्चा हुई। आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल योजना में पूरे जिले में कार्य कि गुणवत्ता पर सवाल ग्रामीण उठा रहे हैं कही पर बोरिंग कम कर के ढांचा खड़ा है पर पानी नही है कहीं पुराने बोरिंग में मोटर लगा है कहीं व्यक्ति विशेष को फायदा पहुचने के लिए बोरिंग कर दिया जा रहा है कही 7, 8 महीने से बोरिंग कर के छोड़ दिया गया है काम के नाम पर खानापूर्ति कर बहुत बड़ा घोटाला किया जा रहा है कार्यपालक अभियंता को टेलीफोनिक सूचना के बावजूद भी कोई असर ठेकेदारों पर नहीं है। जनभावनाओं को देखते हुए आजसू पार्टी 12 दिसंबर 2023 को पीएचडी ऑफिस का घेराव करेगी और जिले में चल रहे इस घोटाले के विरुद्ध प्रदर्शन करेगी। मौके पर जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र दास जिला प्रवक्ता नितेश पाण्डेय प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव दीपक कुमार अंकित दुबे मधु गंझू नंदलाल भगत रमजान अंसारी धर्मेंद्र भगत बृजमोहन भुइया मंजूर सिंह बाबूलाल टाना भगत संजय सिंह अनिल उरांव सहित सैकड़ों कि संख्या में महिला पुरूष उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने बैठक कर किया फरमान जारी, बिजली सड़क, स्वास्थ सुविधा नहीं तो वोट नहीं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** जिले के लावालौंग प्रखण्ड के सिलदाग पंचायत के ग्रामीणों ने रविवार को एक बैठक आहूत की । यह बैठक जन कल्याण संघर्ष समिति के बैनर तले की गई। जहां बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि हम ग्रामीण आने वाले लोक सभा चुनाव 2024 में किसी भी सासंद प्रत्याशी को वोट नहीं करेंगे। साथ ही हम लोग वोट बहिस्कार करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के 76 वां वर्ष बीत चुका है और आजादी के बाद लोक प्रणाली के तहत कितने सासंद ,विधायक यहां से चुनाव लड़ कर चले गए। चुनाव के वक्त सभी प्रत्याशी कई वायदे इरादे हम ग्रामीणों को झांसा देते रहे। हम ग्रामीण विश्वास में वोट करते रहे। लेकिन आज तक हम लोग आजाद देश के गुलाम नागरिक के तरह जीने पर मजबूर हैं। अब हम ग्रामीण ठान लिए हैं कि जब तक हमारे यहां सड़क, बिलजी, पानी, स्वास्थ की सुविधा नहीं होगी तब तक हम लोग वोट को बहिस्कार करेंगे। आगे कहा कि लावालौंग मुख्यालय से महज 12 से 14 किलोमीटर सिलदाग पंचायत पड़ता है। जहां आज तक सड़क बनी नहीं है हम लोग वनविभाग के पग डंडीयों के रास्ते आज तक आवागमन करते आ रहे हैं। आज तक बजिली कैसा होता है वो हम ग्रामीण नहीं देख पाए हैं जबकि आजादी के 77 वां वर्ष होने चला है। वैसे में केवल हम लोगों को वोट देने का मशीन समझा जा रहा हकी। जबकि हम लोग सरकार को जीएसटी, टैक्स किसी ना किसी रूप में देते आ रहे हैं फिर भी हम लोग ढिबरी युग में जी रहे हैं। एक तरह केंद्र सरकार विकासशील देश होने का दम भरते हैं और हम लोग विकास से कोषों दूर है।

### तीन राज्यों में भाजपा ने लहराया परचम, भाजपा का चतरा जिला इकाई ने मनाया जश्न



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत से उत्साहित कार्यकर्ताओं। ने चतरा शहर मे जश्न मनाया है। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा के नेतृत्व में तीन राज्यों में मिली प्रचंड जीत को लेकर के खुशी मनाई गई।चतरा चौक में मिठाई एवं आतिशबाजी कर कर जीत की खुशी मनाई गई। इसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में बहुत उत्साह देखा गया और भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया गया।गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश और राजस्थान में चतरा ही नहीं पूरे प्रदेश के नेताओं को चुनाव में लगाया गया था। सभी कार्यकर्ताओं का मेहनत भारतीय जनता पार्टी की नीति और सिद्धांत गरीब महिलाओं और युवाओं के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए अपार सफलता मिली है। प्रदेश की जनता ने फिर से एक बार मोदी जी के गारंटी पर विश्वास किया है और मोदी जी के नेतृत्व को माना है। यह जीत यह साबित करती है कि 2024 के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड जीत के साथ मोदी जी के नेतृत्व में पुनः सरकार बनेगी। पुनः एक बार सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और सभी मतदाताओं को कोटि-कोटि आभार है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, पूर्व जिला अध्यक्ष नवीन शाह, जिला उपाध्यक्ष सुजीत जायसवाल, धर्मेंद्र साहू, जिला मंत्री शिव बालक सिंह, सांसद प्रतिनिधि राकेश झा नगर अध्यक्ष विद्यासागर आर्य, ग्रामीण अध्यक्ष अनिल सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केशरी, भाजपा नेता गुड्डू राजक, शंकर सोनी, शंकर साहू, मनमीत सिन्हा, जितेंद्र यादव नीरज सोनी, राजकुमार वर्मा, जितेंद्र पांडे, कुंदन कुमार सहित अन्य शामिल हुए।

# बारियातू बीससूत्री अध्यक्ष ने मृतक के परिजनों को उपलब्ध करायी खाद्य सामग्री

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** बीससूत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु ने रविवार को चन्दवा प्रखंड के दामोदर ग्राम स्थित अनगढा टोला पहुँचकर मृतक के परिजनों से मिलकर दशक्रम कार्यक्रम के लिए अनाज सहित कई खाद्य सामग्री देकर मदद किया। इस संबन्ध में बीससूत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझू ने बताया कि बालूमाथ रांची मुखमार्ग एनएच 22 में चितरपुर ग्राम के समीप बीते रविवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसा में एक ही परिवार के तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। जिसमें दामोदर ग्राम स्थित अनगढा टोला निवासी विजय गंझु (27) वर्ष पिता बुधन गंझु एवं उसकी पत्नी देवंती देवी (24 )वर्ष एवं उसका पुत्र अमृत गंझु (8 )वर्ष की मौत हो गई थी। जबकि विजय गंझु की छोटी पुत्री अंकिता कुमारी तीन वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घायल अंकिता कुमारी को बालूमाथ



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। जहां प्रथमिक उपचार के पश्चात चिकित्सक ध्रुव कुमार ने स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिर रांची रिम्स रेफर कर दिया था। विजय गंझू हेरहंज के हूरटांड़ अपने ससुराल से एक पल्सर मोटरसाइ पर सवार होकर अपने घर अनगड़ा,दामोदर थाना चंदवा जा रहा था। इसी दौरान अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट से स्क्रैप लेकर जा रही ट्रेलर पीबी 11 सीक्यू 8573 ने मोटरसाइकिल सवार को रौंदते दिया था .जिससे विजय गंझु, पत्नी देवंती देवी, एवं उसका पुत्र अमृत गंझु तीनो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। जिसका दशक्रम की क्रियाक्रम के लिए चावल, आटा, सहित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराया गया।

# तीन राज्यों में भाजपा की बड़ी जीत कार्यकर्ताओं के बढ़े हौसले

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** विधानसभा की चार राज्यों का चुनाव परिणाम ने भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया है। रविवार को प्रखंड मुख्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा सिंबल के बैनर तले विजयी जुलूस निकाला। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल बना रहा। वहीं कार्यकर्ताओं ने बम पड़ाके फोड़ने के साथ अबीर गुलाल लगाते मिठाईयां वितरण कर खुशी का इजहार किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने कहा कि मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ राजस्थान के विधानसभा में भाजपा को मिली प्रचंड जीत के बाद विपक्ष के गठबंधन आईएनडीआईए का भविष्य अंधेरे में जाता हुआ दिख रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा के हाथ से सत्ता छीनने



के सपने को झटका लग सकता है। कहा कि तीनों राज्यों में जीत का परिणाम झांकी है 2024 लोकसभा में भाजपा की आंधी आने बाकी है। वहीं मंडल उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा के नीति सिद्धांत और देश में हो रहे विकास को लेकर सरकार के द्वारा उठाए जाने वाले सार्थक कदम का परिणाम है। जुलूस के दौरान मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता शिबू प्रसाद, महामंत्री मनोज प्रसाद, मुखिया जितेन्द्र सिंह, विकास सिंह,दीपक तिवारी, संतोष विश्वकर्मा, पवन चौधरी, पारस जयसवाल, प्रदीप राम सुरेश प्रसाद समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर सिमरिया में जश्न



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने सिमरिया चौक पर जमकर जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटी। कार्यकर्ताओं ने संकट मोचन हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की और एक दूसरे को जीत की बधाई दी। पार्टी के वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह, रविन्द्र सिंह, मंडल अध्यक्ष दयानिधि, उप प्रमुख दामोदर गोप ने कहा कि तीनों बड़े राज्यों में भाजपा की जीत से कार्यकर्ता उत्साहित हैं। यह भाजपा के नीति सिद्धांतों और कुशल नेतृत्व की जीत है। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि इस चुनाव में मतदाताओं ने कांग्रेस के तुष्टीकरण की नीति को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि यह जीत लोकसभा चुनाव का काश ट्रेलर है। लोकसभा में भाजपा भारी बहुमत से चुनाव जीतेगी। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के लातेहार प्रभारी लखन प्रसाद साहू, उपप्रमुख उपेंद्र सिंह, परमेश्वर यादव, अक्ष्वट सिंह, लवकुश सिंह, दशरथ महतो, रविंद्र ठाकुर, संजय पांडेय, कृष्णा पांडेय, मारुति नंदन, संतोष सिंह, कौलेश्वर कुशवाहा, मनोज साव सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बसरिया पंचमाधव के वार्ड सदस्य का आकस्मिक निधन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत बसरिया पंचायत के पंचमाधव निवासी वार्ड सदस्य घनश्याम सिंह का बीते रात आकस्मिक निधन हो गया। जिससे पूरे पंचायत में शोक की लहर उत्पन्न हो गई,अचानक यह खबर सुन कर हर कोई हैरत अंगेज है,ज्ञात हो कि घनश्याम सिंह बसरिया पंचायत के वार्ड संख्या 08 के वार्ड सदस्य थे।दिवंगत घनश्याम सिंह अपने शांत स्वभाव व मृदुल भाषा के लिए पुर पंचायत में जाने जाते थे।पंचायत की मुखिया नीलम देवी ने कहा कि अचानक घनश्याम जी के चले जाने से पंचायत के लिए यह अपूर्ण क्षति है,वें अपने शांत स्वभाव के लिए ग्रामीणों के बिच जानें जाते थे।पंचायत में उनकी पूर्ति कभी नहीं हो सकती,वहीं पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप ने भी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हमने अपना एक विशेष साथी खो दिया है।उन्होंने अपने तीन पुत्रों सहित पूरा भरा पड़ा परिवार छोड़ गये,उनके अंतिम दर्शन में मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप,समाज सेवी नागेश्वर रजक,उप मुखिया प्रतिनिधि विनोद यादव,पंचायत समिति प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, वार्ड सदस्य मनीष कुमार शर्मा, नजमा खातून, देवंती देवी,समाजसेवी वीरेंद्र यादव, वीरेंद्र सिंह,धीरेंद्र कुमार यादव,लतीफ अंसारी, प्रकाश ठाकुर, लक्ष्मण ठाकुर, नरेश यादव, सिकंदर कुमार, संतोष यादव, राजेश यादव,सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### बरही प्रखंड मैदान में विराट शिव-गुरु महोत्सव का भव्य आयोजन संपन्न

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मैदान में विराट शिव गुरु महोत्सव का एक दिवसीय आयोजन बरही थाना के निवर्तमान सहायक अवर निरीक्षक कामेश्वर सिंह के द्वारा सेवा निवृत होने के अवसर पर किया गया।

इस महोत्सव में हजारीबाग, चतरा, गिरिडीह, कोडरमा,धनबाद एवं बरही अनुमंडल क्षेत्र विभिन्न पंचायत से भारी संख्या शिव श्रद्धालु महलाएं शामिल हुई।वहीं मौके पर आयोजनकर्ता के परिजन बेटा, बेटी, दामाद और उनकी पत्नी समेत पुरे परिवार के लोग उपस्थित थे।शिव गुरु चर्चा में महिलाओं ने भक्ति भजन में बढ़चढ़ कर भाग ली और एक से एक भजन प्रस्तुत की। वहीं भजन में महादानी की जटवा से बहे गंगा की धार पर श्रद्धालुओं खूब झूमे। शिव गुरु महोत्सव में मुख्य अतिथि रांची के शिव शिष्य रांची के विकासचंद्र सिंह ने उपस्थित हजारों लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिव नाम के नहीं, काम के गुरु है। जिसका प्रमाण आप लोग अपनी आंखों से शिव परिचर्चा में उमड़ी जैन सैलाब को देख कर लगा सकते है।

आखिर क्यों लोग बगैर स्वार्थ के शिव चर्चा में आते हैं। कहीं न कहीं तो इन लोगों पर गुरु शिव की दया उतर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि शिव को गुरु बनाने की बात इस काल खंड में शिव के प्रथम शिष्य वरेण्य गुरु भ्राता साहब श्री हरीन्द्रानंद जी एवं शक्ति स्वरुपा दीदी निलम आनंद ने लोगों से कहा था कि शिव तो जगत गुरु है इसलिए इस जगत में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को यहां पुरा अधिकार है कि वे शिव का शिष्य बन कर उनकी दया का पात्र बन सकता है। शिव का शिष्य बनने के लिए जाति, पाति, ऊंच-नीच, धर्म सम्प्रदाय खान-पान को कोई वर्जणा नही है। केवल शिव का शिष्य बनने के लिए तीन सूत्र अनिवार्य है। जिसमें प्रथम सूत्र में अपने गुरु शिव से दया मांगना है, दूसरा सूत्र में अपने गुरु शिव की चर्चा करना है एवं तीसरा सूत्र में अपने गुरु को नमः शिवाय से प्रणाम निवेदित करना है। इस अवसर पर मंच का संचालन जिला चतरा के सुनील कुमार वर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अवधेस तिवारी, रामाकांत सिंह, अशोक कुमार चौधरी, रेणु वर्मा,सुनील कुमार ने सहित दर्जनों लोगों ने शिव को गुरु बनाने पर बल दिया। सहित कई लोग शिव गुरु का शिष्य बने।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पार्टी नेतृत्व का का मेरे प्रति विश्वास रंग लाया : मनीष जायसवाल

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिंदुस्तान के चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के परिणाम रविवार को घोषित हुए। जिसमें तीन राज्यों में भाजपा को बहुमत मिलने पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने खुशी का इजहार किया। विधायक मनीष जायसवाल ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने इस चुनाव के परिणाम की आकलन करने वाले राजनीतिक पंडितों और एग्जिट पोल को भी फेल कर दिया। ज्ञात होगी विधायक मनीष जायसवाल को छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा शीर्ष नेतृत्व के द्वारा बड़ी जिम्मेवारी सौंप गई थी। उन्हें इस विधानसभा चुनाव में दो तरीके का प्रभार मिला था। जिसमें छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले का उन्हें प्रभारी बनाया गया था और इस जिले के एक विधानसभा क्षेत्र का भी उन्हें दायित्व सौंपा गया था। महासमुंद जिले में कुल चार विधानसभा सीटें थी जिसमें चारों सीटों पर कांग्रेस का कब्जा था। वर्तमान चुनाव परिणाम आने के बाद यहां की दो विधानसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशी की प्रचंड जीत हुई है। जिसमें से बसना विधानसभा क्षेत्र और महासमुंद विधानसभा क्षेत्र शामिल है। बसा के भाजपा प्रत्याशी 27,500 वोट से और महासमुंद के भाजपा प्रत्याशी 12,605 वोट के बड़े अंतर से जीते हैं ।

हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल को दायित्व मिलने के बाद हुए लगातार 22 दिनों तक छत्तीसगढ़ के प्रवास पर रहे और चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत और क्षमता झोंक दी। चारों विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव और घर-घर तक विधायक मनीष जायसवाल ने अपनी पहुंच बनाई और पार्टी के आईडियोलॉजी को पहुंचते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने का जनता से अपील किया। विधायक मनीष जायसवाल का उत्कृष्ट चुनाव प्रबंधन और चुनाव प्रचार की कार्यशैली से प्रभावित होकर दो विधानसभा क्षेत्र की जनता ने भाजपा प्रत्याशी को प्रचंड मतों से जिताया। इससे पूर्व भी विधायक मनीष जायसवाल को बिहार विधानसभा और कर्नाटक विधानसभा के चुनाव में भाजपा के सिर्फ नेतृत्व द्वारा बड़ी जिम्मेवारी सौंप गई थी और उनका प्रदर्शन बेहद अच्छा रहा था ।

छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम के बाद विधायक मनीष जायसवाल ने खुशी जताते हुए छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक जीत के लिए संपूर्ण छत्तीसगढ़ की जनता के साथ सभी प्रत्याशियों और भाजपा के कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। विधायक मनीष जायसवाल ने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ की जनता चुनावी घोषणा पत्र का बेसब्री से इंतजार करती रही और जिस राजनीतिक दल के घोषणा पत्र में उन्हें भविष्य दिखा उसे खुलकर अपना मतदान किया। विधायक मनीष जायसवाल नया भी कहा कि झारखंड की जनता भी वर्तमान- झामुमो- कांग्रेस और राजद की सरकार से ऊब चुकी है और अब बदलाव का मन बना चुकी है । मौके पर विशेष रूप से हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, विधायक कार्यालय प्रभारी विशेषांक वर्मा, भाजयुमो नेता राजकरण पांडेय, राजेश कुमार राणा, राजेंद्र प्रसाद, पंकज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, आकाश कुमार और नुनु कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहें ।

## विष्णुगढ़ नागी में माण्डू विधायक ने विद्यालय उन्नयन कार्य का किया शिलान्यास




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़,चानो में माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के द्वारा डीएमएफटी मद से करीब एक करोड़ चौहत्तर लाख की लागत से विधालय भवन का निर्माण,चारदीवारी समेत अन्य कार्यो के लिए शिलान्यास किया गया।बताते है,कि विद्यालय भवन की कमी एवं चारदीवारी नही होने से विद्यार्थियों एवं शिक्षको को आये दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिसको देखते हुए ग्रामीणों की मांग पर माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने अनुसंशा करते हुए प्राथमिकता के आधर पर इस कार्य को पूरा करते हुए आज 03 दिसम्बर 2023 को विद्यालय विकास के लिए शिलान्यास किया।

इस बाबत जानकारी देते हुए जयप्रकाश भाई पटेल ने बताया कि आगे भी अपनी विधानसभा के क्षेत्रों में पूर्व की भाँति इसी तरह से विकास के कार्य अनवरत जारी रहेंगे।

### ज्ञान केंद्र खुल जाने से विद्यार्थियों को होगा लाभ : मनोज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर पंचायत में ज्ञान केंद्र का खुलना अपने आप में गर्व की बात है।इससे पंचायत मे पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों में जागरूकता विकसित होगी।

और वे इस पुस्तकालय के माध्यम से ज्ञान अर्जित कर कठिन से कठिन परीक्षा पास कर देश व समाज का नाम रोशन करेंगे।उक्त बातें मुखिया मनोज कुमार ने कही,पढ़ाई के महत्व को बताते हुए मुखिया मनोज कुमार ने आगे कहा कि आज के बच्चे इस तकनीकी दौर में इस कदर घुल मिल गए हैं। कि उनमें किताबें पढ़ने की आदत में कमी देखी जा रही हैं।वें सोशल मीडिया पर अधिक समय व्यतीत करने लगे हैं,जो वाकई बेहद चिंता का विषय है।यह पुस्तकालय व ज्ञान केंद्र के खुल जाने से माता-पिता, शिक्षक,सहित समाजिक तबके के लोग व अन्य लोगों को इसमें शामिल करते हुए उनके सहयोग से यह बहु-हितधारक दृष्टिकोण के साथ किताब पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने में सहूलियत होंगी।जिससे विद्यार्थी अधिक से अधिक इसका लाभ उठा पाएंगे।

## तीन राज्यों में प्रचंड जीत की खुशी में भाजपाइयों ने बरही चौक पर की आतिशबाजी, बांटी मिठाइयां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** देश की तीन राज्यों में भारी बहुमत एवं प्रचंड जीत की खुशी मनाते हुए भाजपाइयो ने बरही चौक पर पटाखे जलाए गए तथा मिठाइयां बांटी। सभी ने नारा दिया मोदी है तो मुमकिन है, सिर्फ देश में मोदी की ही जादू और गारंटी चल रही है। मोदीजी लोगों के दिल में बसे हुए हैं। जिसका प्रमाण आज मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में हुए चुनाव से साबित हो गया है। इस कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, पश्चिम मंडल अध्यक्ष अमित साहू, पूर्वी मंडल अध्यक्ष बंधन यादव, मंडल महामंत्री प्रमोद कुमार, मंडल उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह, मिथिलेश सिंह, गोपाल राणा, प्रकाश यादव, देलाल यादव, रमेश यादव, जयंत केसरी, टिंकू कुमार, शंभू माली, शशि कुमार, लक्ष्मी सिंह, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मनोज साहू, मनीष कुमार एवं भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 10 दिसंबर को होगा झामुमो का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** पार्टी संगठन की मजबूती को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड स्तरीय बैठक पश्चिम पंचायत भवन की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य संयोजक संजय कुमार सिंह एवं संचालन दिनेश रवि उर्फ गुड्डु ने किया। इस बैठक में 23 पंचायत के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष संगठन सचिव उपसचिव एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित हुए। मुख्य संयोजक संजय कुमार सिंह ने कहा कि बड़कागांव प्रखंड में आगामी 10 दिसंबर को जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय में प्रखंड स्तरीय, झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन किया जाएगा। जिसमें झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य सह झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया के अलावा कई विशिष्ट झामुमो नेता व सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। मौके पर मुख्य रूप से मोहन सोरेन, रश्मि टुडू, सफीउल्लाह अंसारी, दिनेश कुमार रवि उर्फ गुड्डु, संजय भुईयां, नंदकीशोर भुईयां, पवन तुरी, सरोज मेहता, राजेंद्र भुईयां, राजेंद्र मुंडा, रविकांत महतो, राजेंद्र हसदा, गणेशा राम, सुनील राम, रामसागर महतो, जय सरण महतो, रघुवीर महतो, मुंद्रिका सिंह, सोहन यादव, मो हेशाम, विजय भुईयां, विजय भुईयां, करमदेव भुईयां, प्रभु भुईयां, उगनी देवी, गीता देवी, सूरज वर्मा, कृष्ण प्रजापति, रघुवीर पासवान, विनोद यादव, रामब्रिज राम, मो अयूब, संदीप कुमार, फलेंद्रर गंझु, मिथुन कुमार, मो करामात, मो हुसैन, प्रयाग महतो, नरेंद्र कुमार, गणेश रिक्याशन, मो अख्तर अंसारी सहित सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

## एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना ने परियोजना प्रभावित महिलाओं को लाह की चूड़ियां बनाने का प्रशिक्षण दिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने परियोजना प्रभावित ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लाह की चूड़ियां बनाने का प्रशिक्षण दिया।

32 ग्रामीण महिलाओं के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाकर उनके कौशल विकास में बढ़ोतरी करना है ताकि वे अपनी आजीविका बेहतर ढंग से चला सकें। 13 अक्टूबर से 30 नवंबर, 2023 तक आयोजित यह प्रशिक्षण, लाह चूड़ी बनाने की कला पर केंद्रित था और एनटीपीसी माइनिंग एंड आईटीआई (MAITI), ढेंगा के परिसर में आयोजित किया गया। महिलाओं को प्रशिक्षण रांची के अनुभवी कारीगरों के एक समूह के नेतृत्व में दिया गया जिनमें उन्हें लाह की चूड़ियां बनाने की बारीकियां सिखाई गई। बेहतर प्रशिक्षण के लिए महिलाओं को छह अलग-अलग स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में विभाजित किया गया था।

## चित्रांश परिवार ने मनायी डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 139वीं जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** चित्रांश परिवार बरही की ओर से न्यू कॉलोनी स्थित चंदन कुमार कर्ण के आवास पर भारत के पहले राष्ट्रपति और चित्रांशों के सिरमौर डॉ राजेंद्र प्रसाद की 139वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत आराध्य देव चित्रगुप्त की स्तुति के साथ हुई इसके बाद उपस्थित सभी चित्रांशों ने बारी-बारी से प्रथम राष्ट्रपति के चित्र पर पुष्पांजलि किया।पुष्पांजलि सभा के बाद उपस्थित चित्रांशों ने डॉ प्रसाद की जीवनी और उनके कार्यों का पर चर्चा किया। खेद प्रकट करते हुए वरिष्ठ चित्रांश उपेंद्र प्रसाद ने कहा कि समाज की अग्रणी पंक्ति में रहने वाला कायस्थ समाज मतभिन्नता के कारण बिखरता नजर आ रहा है।शब्दों को एक और संगठित होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को अन्य चित्रांशों ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष मनोज घोष एवं संचालन सचिव आशुतोष कुमार सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में राजेंद्र रुखरियार, विनय कुमार सिन्हा, अधिवक्ता पूर्णेन्दु सिन्हा, कृष्ण मुरारी सिन्हा, चंदन कुमार सिन्हा, राजेश कुमार सिन्हा, जयदीप कुमार सिन्हा, चंदन कुमार कर्ण, लक्की कुमार सिन्हा आदि शामिल थे।

## अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** समाहरणालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के मौके पर मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत दिव्यांगजनो को लोकतंत्र में भागीदारी, शतप्रतिशत मतदाता सूची में शामिल करने सहित आगामी चुनावों में अपने पसंद के उम्मीदवार को वोट करने की अपील मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने की।

मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रवि कुमार हजारीबाग समाहरणालय भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय भी मौजूद रहीं। इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य हर मतदाताओ को मतदान प्रक्रिया से जोड़कर उन्हे मतदान के लिए प्रेरित करना था।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रवि कुमार ने अंतराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर शामिल होते हुए कहा कि लोकतंत्र में हर नागरिक को समान अधिकार प्राप्त है। उन्होंने कहा कि इस बार चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने के लिए दिव्यांजनों के लिए विशेष ध्यान रखा गया है, साथ ही शत प्रतिशत चुनावी प्रक्रिया में हर नागरिको की भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए इस बार दिव्यांगजनों तथा 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओ के लिए विशेष सुविधा का ध्यान रखते हुए उन्हें उनके घरों में ही मतदान देने के व्यापक इंतजाम किए जायेंगे। उन्होंने कहा ऐसे प्रावधान वोटिंग प्रतिशत में इजाफा होने के साथ साथ शत प्रतिशत चुनावी लोकभागीदारी भी सुनिश्चित होगी। उन्होने कोई कोई मतदाता छूटे नहीं एवं मतदान है सबका अधिकार के तर्ज पर गंभीरता पूर्वक कार्य करने की नसीहत दी।

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांग मतदाता शामिल हुए एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी से अपनी समस्याओ को भी रखा। मौके पर मौजूद दिव्यांजनो एवं अतिवृद्ध जनों ने चुनाव के दौरान पोलिंग बूथ पर आने वाली दिक्कतों से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से अवगत कराया।

इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं उपायुक्त ने उपस्थित सभी वृद्ध एवं दिव्यांगजन को कंबल, मफलर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया एवं चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित भी किया।

ज़िला निर्वाचन अधिकारी सह उपायुक्त नैन्सी सहाय ने आगामी चुनावों में दिव्यांग मतदाताओं को अवश्य मताधिकार का प्रयोग करने की अपील करते हुए कहा कि चुनाव आयोग वृद्ध सहित दिव्यांग मतदाताओं की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए हर मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम किया जा रहा है।

इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी के आलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, सहायक समाहर्ता सुलोचना मीणा, एसडीएम विधा भूषण कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया व अन्य उपस्थित रहें।

## क्षेत्र के विकास के लिए लोकहित अधिकार पार्टी ही एकमात्र विकल्प : कुंज बिहारी साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** लोकहित अधिकार पार्टी की बैठक बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत पकरी बरवाडीह में की गई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साहू व संचालन रोहन साव ने किया।

मुख्य अतिथि लोकहित अधिकार पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रभारी कुंज बिहारी साहू ने कहा की कम समय में लोकहित अधिकार पार्टी की लोकप्रियता बढ़ी है। क्षेत्र के विकास के लिए लोकहित अधिकार पार्टी ही एकमात्र विकल्प है। मैं डोर टू डोर घर-घर जाकर अपना अधिकार, आरक्षण, संविधान को लेकर लोगों को जागरुक कर रहा हूं। संगठन मजबूत करने को लेकर लोकहित अधिकार पार्टी के ग्राम स्तरीय चुनाव कराया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष डुमन साव, उपाध्यक्ष राजकुमार साव, सचिव धनेश्वर प्रसाद, कोषाध्यक्ष रोहन साव को बनाया गया। मौके पर जिला प्रभारी रामविलाश साव, यमुना प्रसाद साव, खेमलाल प्रसाद साव, तिलानाथ साव, करम कुमार साव, उमेश साव, धनेश्वर प्रसाद, मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

## क्षेत्र में सरकारी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर पंचायत स्तरीय बैठक आयोजित की गयी, भारी संख्या में ग्रामीण हुए उपस्थित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बरकट्ठा प्रखंड़,के पंचायत तुइयो में पंचायत स्तरीय बैठक उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, लेवडा के प्रांगण में क्षेत्र में सरकारी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर संपन्न की गयी,जिसमें भारी संख्या में पंचायत वासी शामिल हुये। बैठक में बतौर मुख्यातिथि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव और पूर्व जिला परिसद उपाध्यक्ष हजारीबाग चन्दन देवी ने सम्मिलित होकर कार्यक्रम को संयुक्त रूप से उद्घाटन फीता काटकर किया।बैठक की अध्यक्षता पंसस प्रतिनिधि सन्तोष शर्मा ने की जबकि संचालन काली यादव ने किया. बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि पिछले चार वर्ष में विकास कार्य ठप पडा हुआ है,जो भी छोटे कार्य की जा रही हैं उसमें भारी अनियमितता की जाती है,अधिकारी और पदाधिकारी बेलगाम हो चुके हैं,लोगों को आज कोई देखने वाला नहीं, भ्रष्टाचार इस कदर फैला हुआ है कि आप अंचल कार्यालय, प्रखंड कार्यालय कहीं भी जायें लोगों को कोई नहीं सुनता, सिर्फ पैसा जो देता है उसी का काम होता है।

पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि जनता वर्तमान विधायक की कार्यशैली से परेशान हैं,उन्हें आज सहयोग करने वाला कोई नहीं है, अंचल कार्यालय,प्रखंड़ कार्यालय और थाना, राशन-किराशन सभी जगह दलाल फ़ीट हैं।

जो उन दलालों के माध्यम से काम कराएंगे उसका ही काम होगा बाकी काम नहीं हो पायेगा।इसी तरह आज चार साल बीतने को है, लेकिन विकास कार्य ज्यों का त्यों रुका हुआ है।पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में विधानसभा क्षेत्र का सर्वागीण विकास करने का काम किया। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज,गोहाल,जयनगर का भवन और डिग्री कॉलेज, सूर्यकुण्ड, बरकट्ठा का भवन बनकर तैयार है लेकिन बरकट्ठा विधायक के ईशारा पर पठन-पाठन नहीं शुरू हो रहा है,मैंने जो भी विकास कार्य किया उसका फलाफल जनता को न मिले उसी कार्य में ये लगे रहते हैं।

## तीन विधानसभा में पूर्व विधायक मनोज यादव ने किया चुनाव प्रचार, भाजपा प्रत्याशियों की हुई प्रचंड जीत, खुशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** राजस्थान विधानसभा चुनाव के नतीजा भाजपा के पक्ष में आया। प्रचंड बहुमत से भाजपा राजस्थान में वापसी कर रही है। बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आदेशानुसार राजस्थान विधानसभा चुनाव क्षेत्र के यादव बहुल तीजारा, झोटवाड़ा, बहरोड़, विधानसभा चुनाव में प्रचार प्रसार किया था। पार्टी के आदेश पर चुनाव प्रचार के लिए पूर्व विधायक पाँच दिनों तक राजस्थान में रहकर लगातार भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी जनसभाओं को सबोधित किया और उम्मीदवार के पक्ष में जनसम्पर्क अभियान चलाया। पूर्व विधायक ने कहा कि पूरे राजस्थान में भाजपा के प्रति माहौल था। पूरे प्रदेश की जनता ने आदरणीय मोदी जी के गारंटियों पर मुहर लगाकर भाजपा को स्पस्ट बहुमत दिया। राष्टीय व राजस्थान प्रदेश नेतृत्व को पूर्व विधायक ने बधाई दिया। पूर्व विधायक ने जिस क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया उसमे तीजारा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सह अलवर सांसद महंत बाबा बालकनाथ योगी, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सह सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौर व बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याक्षी डॉ जसवंत यादव ने जीत दर्ज किया।

# तीनों राज्यों में भाजपा की जीत मोदी के गुड गवर्नेंस का नतीजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़ और राजस्थान में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत ये दर्शाता है की मोदी जी के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे गरीबी उन्मूलन योजनाओं से जनता को फायदा हुआ है। और वो भाजपा की भ्रष्टाचार रहित योजनाओं पर भरोसा करते हैं जिससे केंद्र अथवा राज्य सरकारों द्वारा भेजी गई योजनाओं से आम जनता सीधे लाभान्वित होते हैं।उक्त बातें तीनों राज्यों से आए विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलने के बाद एक विज्ञप्ति जारी कर भाजपा रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने मीडिया को बताया। उन्होंने कहा की तीनों राज्यों में मिली भाजपा की जीत आने वाले आम चुनाव में भाजपा को चार सौ से ज्यादा सीटें दिलवाकर पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र में एनडीए सरकार बनाने की पटकथा लिख चुका है जो भाजपा के जमीनी कार्यकर्ताओं की मेहनत और मोदी जी के गुड गवर्नेंस का नतीजा है। उन्होंने कहा की भाजपा हीं देश में एकमात्र ऐसी पार्टी है जो समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए न सिर्फ योजनाएं बनती है अपितु उन योजनाओं को कार्यान्वित कर समाज के अंतिम पायदान में जीवन यापन कर रहे ।

# भाजपा की जीत पर उरीमारी चेकपोस्ट में भाजपाइयों ने आतिशबाजी व मिठाई बांटी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के चेकपोस्ट में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को तीन राज्यों में चुनाव के नतीजे घोषित होने पर व भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीत मिलने की खुशी में उरीमारी के भाजपा नेताओं ने जमकर आतिशबाजी की और मिठाई बांटी।वही राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के नतीजे का उरीमारी के लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे लोग सुबह से ही टीवी के न्यूज चैनलों पर निगाह गड़ाए हुए थे। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं में मेघन यादव,जुशील सोरेन,विजय सिंह, अवधेश यादव, तापेश्वर सिंह,खिरू गोप, अरूण राम,इसुफ खान,फलेन्द्र पांडे आदि लोग मौजूद थे।

# अरगड्डा में ठेकेदार के घर के बाहर रखे चार ट्रांसफार्मर से 23 लाख के कलपुर्जो की हुई चोरी,

## मामला रामगढ़ थाना क्षेत्र का, मरम्मत के बाद रखा था बिजली ट्रांसफार्मर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** थाना रामगढ़ क्षेत्र के अरगड्डा इंदिरा चौक के पास ठेकेदार के रुम के बाहर रखे बिजली ट्रांसफार्मर, कांपर केबल करीब 2630 केजी चोरी का मामला रविवार को प्रकाश में आया हैं। इस सबंध में ठेकेदार संजय कुमार द्वारा रामगढ़ पुलिस को आवेदन देकर आवश्यक कारवाई के बारे में कहां हैं। बताया गया कि नईसराय वर्कशॉप में ट्रांसफर्मर मरम्मत के बाद डिलेवरी के लिए ठेकेदार के रुम के सामने रखे थे। बीते मध्य रात्रि शनिवार को अज्ञात 10 से 15 बदमाशों द्वारा तीन ट्रांसफर्मा 3.3केवी व एक 11केवी ट्रांसफर्मा से कलपुर्जो और कांपर तार 2630 केजी निकाल कर फरार हो गये। इसकी अनुमानित कीमत ठेकेदार ने 23 लाख 67 हजार रुपये लगाया हैं। वहीं चोरी कांड के बाद से क्षेत्र में हड़कंप व्याप्त हैं। सूत्र बताते है कि बिजली ट्रांसफर्मा सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र समेत आस पास के कोलयरीयो में भेजने के लिए कुछ महीने से अरगड्डा ट्रेकर पड़ाव के पास रखना आरंभ किया गया था। जिसका लाभ अपराधियों ने वारदात को अंजाम देकर उठाया हैं।

# आईआईएफएल समस्ता बॉन्ड्स की मदद से 1,000 करोड़ रु. तक की पूंजी जुटाएगा, प्रतिवर्ष 10.50 प्रतिशत तक का रिटर्न पेश किया



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग माईक्रोफाईनेंस कंपनियों (एनबीएफसी-एमएफआई) में से एक, आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस सिक्योर्ड बॉन्ड्स के अपने पहले पब्लिक इश्यू की मदद से 1,000 करोड़ रु. तक की पूंजी जुटाएगा, जिसका उद्देश्य व्यावसायिक वृद्धि और पूंजी निर्माण के लिए किया जाएगा। ये बॉन्ड अत्यधिक सुरक्षा के साथ 10.50 प्रतिशत तक का रिटर्न प्रदान करेंगे। ये इश्यू सोमवार, 4 दिसंबर, 2023 से मिलना शुरू होंगे, और शुक्रवार, 15 दिसंबर, 2023 तक मिलेंगे। आईआईएफएल समस्ता आईआईएफएल फाईनेंस का अंग है, जो भारत के सबसे बड़े रिटेल केंद्रित एनबीएफसी समूहों में से एक है, जिसके पास 73,066 करोड़ रु. के लोन एस्सेट अंडर मैनेजमेंट हैं आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस 200 करोड़ रु. के बॉन्ड्स जारी करेगा, और उसके पास 800 करोड़ रु. तक के ओवर-सब्सक्रिप्शन (कुल मिलाकर 1,000 करोड़ रु.) बनाए रखने के लिए ग्रीन-शू का विकल्प भी होगा। आईआईएफएल समस्ता बॉन्ड 60 महीने की अवधि के लिए 10.50 प्रतिशत प्रतिवर्ष की सर्वाधिक कूपन दर प्रदान करते हैं। ये एनसीडी 24 महीने, 36 महीने और 60 महीने की अवधि के लिए उपलब्ध हैं।

# भाजपा नेता दिनेश करमाली के मां का निधन,शोक

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के भाजपा नेता दिनेश करमाली की माता प्यासो देवी का 82 वर्ष के उम्र में शनिवार की रात्रि में निधन हो गया। वहीं प्यासो देवी अपने पिछे तीन पुत्र एवं तीन पुत्री व सभी शादी सुदा सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गयी। पुत्र दिनेश करमाली ने बताया कि वे काफी दिनों से बीमार चल रहे थी और उनका इलाज गांधी नगर हास्पीटल रांची में चल रहा था। वहीं परिवार में बड़े पुत्र दिनेश करमाली, मंझले पुत्र जलेश करमाली, छोटे पुत्र बालेश्वर करमाली पुत्री शांति देवी,मांती देवी,देवंती देवी है।वहीं उनका दाह-संस्कार दामोदर नदी घाट में रविवार को किया गया मुखाग्नि छोटे पुत्र बालेश्वर करमाली ने दिया। वहीं शोक व्यक्त करने में बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवादास, मैनेजर रामेश्वर मुंडा, विस्थापित नेता दशई मांझी, कार्तिक मांझी, सुखू मांझी, रैना मांझी, जुगल करमाली, शभादो करमाली,तालो हांसदा, शिकारी टुडू, परमेश्वर सोरेन, सोलेन हांसदा, राजू पावरिया,टुला करमाली,मनीकलाल करमाली, टिंकू करमाली, अर्जुन प्रजापति, महावीर साव, सोहन साव, जयपाल टुडू,मनेश्वर प्रजापति, जगरनाथ करमाली,देवचरण करमाली, बालेश्वर प्रजापति, सुरेश प्रजापति, सुरेंद्र करमाली,बुधन करमाली, नागेश्वर करमाली शामिल हैं।

# गोला में विधिक सेवा की जानकारी दी गई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के निर्देशानुसार गोला ब्लॉक गोला में विधिक सेवा जानकारी दिया गया और लोगों को लोक अदालत के कार्यो तथा महत्व के बारे में जानकारी दी गई, ओर साथ ही निशुल्क विधिक सहायता विधिक सेवा के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सेवाए के बारे में जानकारी दिए और लोगों को कन्याभूर्ण हत्या के बारे में और बलात्कार एक बहुत बड़ी अपराध है तथा बंधुआ मजदूरी और ठेका श्रम से संबंधित कानून के बारे में जानकारी देकर जागरूक करते हैं।

# झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक को वेतनमान से संबंधित सौंपा मांग पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत रविवार को संगठन के निर्देशानुसार उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अध्यक्ष भागवत तिवारी ,सुनील प्रसाद ,मोहित मुंडा सिलोन भारती,के अगुवाई में वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक को वेतनमान से संबंधित मांग पत्र सौंपा गया। वर्तमान हेमंत की सरकार अपने चुनावी घोषणा के अनुसार अविलंब वेतनमान लागू करें, साथ ही नियमावली के अनुसार ईपीएफ ,कल्याण कोष ,अनुकंपा,का लाभ अविलंब लागू करें।आज राज्य सरकार का 4 साल बीतने को है पांचवा साल पर कदम रखे हुए हैं किंतु अब तक अपने वादे के अनुसार ना ही वेतनमान को लागू किया गया और ना ही अनुकंपा, ईपीएफ,कल्याण कोष को लागू किया गया जो दुर्भाग्य पूर्ण है। वर्तमान समय में झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा चरण बंद आंदोलन करने के लिए बाध्य है जिसकी शुरुआत आज से शुरू की जा रही है।सबसे पहले मांग पत्र पूर्व विधायक ममता देवी के कार्यालय में मांग पत्र सोपा गया, उनके द्वारा कहा गया कि आपका मांग जायज है आप सबको वर्षो पुरानी मांग पूरी होनी चाहिए वर्तमान समय में विधायक नहीं हूं फिर भी आपकी आवाज अपने सहयोगी साथियों जो विधानसभा में मंत्री विधायक हैं उनके द्वारा बातों को शीतकालीन सत्र में उठाने का कार्य करूंगी तथा हर संभव सहयोग करूंगी ,उन्हें सभी सहायक अध्यापक इस बात को लेकर धन्यवाद दिया।

# यह जीत भाजपा कार्यकर्ताओं के देवतुल्य कार्यकर्ताओं के निष्ठा पूर्ण मेहनत की जीत है : पुरुषोत्तम पाण्डेय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्दी :** भाजपा के तीन राज्यों में पूर्ण बहुमत के साथ शानदार जीत दर्ज करने पर भाजपा नेता पुरुषोत्तम पाण्डेय ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा की यह जीत भाजपा कार्यकर्ताओं के देवतुल्य कार्यकर्ताओं के निष्ठा पूर्ण मेहनत की जीत है, प्रधानमंत्री पर जनता के अपार विश्वास की और मोदी जी के करिश्माई बेयक्तित्व की जीत है, अमित शाह के कुशल चुनावी प्रबंधन की जीत है और नड्डा जी और प्रदेश नेतृत्व के कुशल सांगठनिक नेतृत्व की जीत है और मोदी जी के जनउपयोगी योजनाओं की जीत है। साथ कांग्रेस के तुष्टिकरण नीतियों पर जनता का तमाचा है, सनातन धर्म विरोधी आचरण पर प्रहार है, कांग्रेस के भ्रष्ट सरकारों के किलाफ, हिंदू विरोधी नीतियों के खिलाफ, चोरों के गठबंधन के खिलाफ, और राष्ट विरोधी आचरण के खिलाफ जनता का करारा जवाब है।भाजपा की जीत सनातन की जीत है, राष्ट्रीयता की जीत है, विकाश की गंगा बहाने की जीत है, दुनिया में भारत का मस्तकऊंचा करने वाले मोदी की जीत है, इस जीत ने बता दिया की अबकी बार 400 पार से भाजपा लोकसभा जितने जा रही है।

# अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश के दर्शन मात्र से मिलती है शांति : सिंधु झा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** श्रीराम मंदिर अयोध्या से झारखंड के रांची स्थित विश्व हिंदू परिषद कार्यालय लाए गए पूजित अक्षत कलश को शनिवार संध्या विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार एवं जिला मंत्री छोटू वर्मा के द्वारा रामगढ़ लाया गया जिसे वर्तमान में बस स्टैंड स्थित महावीर मंदिर में रखा गया है जिसका आज मुझे भी दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। रविवार को सुबह मंदिर पहुंच कर पुजारी की उपस्थिति में पूरे विधि विधान के साथ पवित्र अक्षत कलश पूजन के बाद उक्त बातें एक विज्ञप्ति जारी कर प्राचार्य सह जिला प्रमुख मातृशक्ति सिंधु झा ने मीडिया को बताई । उन्होंने कहा की अयोध्या में पूजित इस अक्षत कलश को लेकर पूरे माह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ताओं सहित मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी की बहनें रामगढ़ जिले के सभी प्रखंडों में भ्रमण करेंगे और पांच सौ वर्षो बाद आगामी 22 जनवरी को हमारे अराध्य भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होने की जानकारी जन जागरण कर देंगे।तत्पश्चात प्रांत के निर्देशानुसार एक जनवरी से 14 जनवरी तक पूजित अक्षत और श्रीराम भगवान के चित्र छपी आमंत्रण पत्रिका को घर घर जाकर कार्यकर्ताओं द्वारा वितरित कर 22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में उपस्थित होने के लिए आमंत्रमित किया ।

# पर्यावरण मंच के प्रदेश झारखंड संयोजक प्रशांत ने दूसरे दिन अभ्यास वर्ग पुणे में रखी अपनी बेबाक बातें

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा निवासी सह पर्यावरण मंच (बीएमएस) के झारखंड प्रदेश संयोजक प्रशांत बेल्थरिया ने राष्ट्रीय अभ्यास वर्ग महाराष्ट्र पुणे में अपने राज्य झारखंड की ओर से मंच के माध्यम से अपनी बेबाक बातें रखीं। यहां पूरे देश समेत विश्व में बढ़ रहे प्रदूषण के दुष्प्रभाव, प्लास्टिक से होने वाले हानिकारक प्रभाव, पृथ्वी में इसके असर, भौगोलिक दशाओं का लगातार बदलाव और इसे रोकने के लिए पर्यावरण मंच के कार्यकर्ताओं के द्वारा रणनीति बनाकर अपने क्षेत्र राज्य में सकारात्मक सोच के साथ मैदान में उतारने का निर्णय लिया गया। दूसरे दिन के अभ्यास वर्ग में सम्मानित शशांक कोर्ट साहब के द्वारा भी अनुभवी कोरडे ने रखा। जिसका लाभ लेकर पर्यावरण मंच बीएमएस के कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर देश, राज्य व समाज हित में कार्य कर सकेंगे। अवसर पर पूरे देश के 16 से भी अधिक राज्यों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार व उपस्थित दर्ज कराई।

# प्रदेश के प्रतिबद्ध संस्था दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन की ओर से दिव्यांग टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता का हूआ आगाज

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर सिद्धू कानू स्टेडियम में रविवार से प्रदेश के प्रतिबद्ध संस्था दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन की ओर से आयोजन दो दिवसीय ञ्च20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। उद्घाटन मैच में मेजबान झारखंड की को टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मेहमान टीम राजस्थान टीम को 106 रन से पराजित कर के जीत हासील की। झारखण्ड पहले बल्लेबाजी करते हुए 148 रन बनाये जिसमें राजस्थान की टीम जवाबी दूसरी पारी खेलते हुए 42 रन बनाकर ऑल आउट हो गई । जिसमें झारखंड के बल्लेबाज झारखंड टीम के कप्तान मुदस्सर खान ने सर्वाधिक 47 रन बनाया। दूसरे मैच का आयोजन भी हूआ झारखंड बनाम तमिलनाडु के बीच क्रिकेट मैंच खेला गया जिसमें तमिलनाडु टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए, पंद्रह ओवर 146 रन बना पाया, समाचार लिखे जाने तक दूसरे मैच में झारखंड बल्लेबाजी कर रहे थे। मुख्य अथिति टाटा स्टील वेस्ट बोकारो घाटों टांड के महाप्रबंधक अनुराग दिक्षित हुए इससे पूर्व अतिथियों को पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया। टाटा स्टील वेस्ट बोकारो घाटों टांड महाप्रबंधक अनुराग दिक्षित का स्वागत प्रतिबद्ध संस्था दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के सचिव अतहर अली ने किया। खिलाड़ियों ने भी महा प्रबंधक सहित सम्मानित अतिथि विजय मेवाड़ का स्वागत किया। महाप्रबंधक वा संयुक्त रूप से मुख्य संरक्षक विजय मेवाड़, अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके विधिवत उद्घाटन किया गया मुख्य अतिथि अनुराग दीक्षित ने संबोधित करते हुए कहा कि टूर्नामेंट का उद्घाटन करने के बाद दिव्यांगों को हौसला बढ़ाते हुए कहा की यह दिव्यांग भाई बहन हमारे समाज का अभिन्न अंग है।दिव्यांग जनों की सक्रियता हमारे सभय समाज को एक ऊर्जा प्रदान करती है। समाज में उनकी भूमिका उल्लेखनीय हैं। रामगढ़ के धरती में खेल जगत के इतिहास में सुनहरे अक्षरों से लिखा जाएगा खेल के माध्यम से शारीरिक बौद्धिक एवं मानसिक विकास होता है। हम सभी को खेल के क्षेत्र में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। अतिथियों के द्वारा बैटिंग और बॉलिंग कर खिलाड़ियों के हौसले की अफजाई की गई. मुख्य संरक्षक विजय मेवाड ने कहा की दिव्यांगजनो को सेवा करना मेरे लिए सौभाग्य है। मुख्य रूप से संरक्षक शाहिद सिद्दीकी, प्रसिद्ध व्यवसाय सह समाजसेवी अनिल जैन, गिरीश शर्मा सिक्योरिटी टाटा स्टील वेस्ट बोकारो घाटो, छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अनमोल सिंह, गुरु नानक स्कूल प्रबंधन समिति के पूर्व डिप्टी चेयरमैन मनमोहन सिंह लांबा, लघु उद्योग भारती के कार्यकारिणी सदस्य उमेश राजगदिया, विजय जायसवाल, वा प्रदेश के प्रतिबद्ध संस्था दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के महासचिव डॉक्टर लालदेव प्रसाद, कोषाध्याय संदीप करमाली जितेंद्र कुमार पटेल, मीडिया प्रभारी अलाउद्दीन अंसारी, उद्घाटन मैच का संचालन दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के डायरेक्टर सह सचिव अतहर अली ने किया।

# सयाल डी परियोजना के लोकल सेल में शनिवार से गाड़ियों का लगना शुरु, हजारों लोग रहे मौजूद

प्रभात मंत्र संवाददाता



**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के सयाल डी परियोजना मे लोकल सेल में गाड़ियों का लगना शुरू हो गया है वहीं रोड सेल में पहले ही दिन चार गाड़ियो में कोयले की लोडिंग की गई। वहीं ट्रकों में कोयला लोडिंग होने से पहले सयाल डी परियोजना के मुख्य द्वार पर स्थित मां काली के मंदिर में सेल संचालन समिति के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया। इसके तत्पशचात हजारो ग्रामीणो ने पैदल ही चलकर कोयला डिपो के पास पहुंचे उसके बाद ही ट्रकों में कोयला लोडिंग का काम शूरू किया गया। वहीं इस रोड सेल में लगने वाली 16 चक्का ट्रक में 25 से 30 टन कोयला भरा गया।वहीं बता दें कि सयाल डी परियोजना में 1982 के बाद 2023 में लगभग 41साल बाद लोकल सेल चालू होने से ग्रामीणों को रोजगार का अवसर मिला। सयाल डी परियोजना में लोकल सेल खुलने से सौंदा बस्ती व सरैया टोला सहित ट्रकों में कोयला लोड करने वाले मजदूरो के चेहरे पर खुशी साफ साफ झलक रही थी। वहीं सयाल डी परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार ने कहा कि सयाल डी परियोजना में लोकल सेल में गाड़ियों के लगने से क्षेत्र के बेरोजगार ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ा गया है। वहीं बिनोद कुमार ने यह भी कहा कि लोकल सेल चालू करने में ग्रामीणों सहित सौंदा बस्ती व सरैया टोला के लोगों का शूरू से अंत तक भरपूर सहयोग मिला,सौंदा बस्ती व सरैया टोला के ग्रामीणो की चट्टानी एकता का परिणाम है कि सयाल डी परियोजना में लंबे अरसे के बाद लोकल सेल का खुलना। वहीं सेल समिति अध्यक्ष नितिश कुमार ने कहा कि जिस अरमान को हम सभी सौंदा बस्ती व सरैया टोला के ग्रामीणो ने संजोया था वो अब पुरा होता दिखाई दे रहा है। वहीं इस मौके पर सयाल डी परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार,अध्यक्ष नितिश कुमार,सचिव रामविलास करमाली,अखिलेश प्रसाद, ललन प्रसाद साहू, दयानंद प्रसाद,अमित कुमार,शशिकांत गुप्ता,अंबर कुमार, नरेंद्र प्रसाद, राजदीप प्रसाद,दीपक प्रसाद, विनोद साव, सोहन प्रसाद, सुरेश गिरी, चतुर्भुज प्रसाद, विक्रांत साहू, डब्लू प्रसाद, धनेश साहू, भोला, गुप्तेश्वर, राजेश, बबलू, सुमित, दिलीप, सुबोध, छोटू, बबलू, सोहन, सुरेश गिरी, चंदन एवं हजारों की संख्या मे महिलाएं व पुरुष मौजूद थे।

# डीएवी उरीमारी में दो दिवसीय क्लस्टर लेवल खो खो एवं स्केटिंग प्रतियोगिता धूमधाम से संपन्न

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के दयानंद एंग्लोवैदिक पब्लिक स्कूल में चल रहे दो दिवसीय खो-खो एवं स्केटिंग प्रतियोगिता का रविवार को समापन किया गया वहीं इस दो दिवसीय टूर्नामेंट में विभिन्न जिलों से आए डीएवी स्कूल के कुल 150 बच्चे प्रतियोगिता में शामिल हुए। सभी ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ खेल के विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपना जौहर दिखाया। इस टूर्नामेंट में डीएवी विद्यालयों के लड़कों और लड़कियों की कुल 7 टीमों ने भाग लिया। वही इस समापन समारोह के मुख्य अतिथि उरीमारी पंचायत की मुखिया कमला देवी रही और विशिष्ट अतिथियों में उरीमारी ओपी के एएसआई पावेल सोरेन,तनु उपाध्याय रिपोर्टर प्रभात मंत्र एवं समाजसेवी सुषमा श्रीवास्तव रही तथा क्षेत्र के गणमान्य अभिभावक भी शामिल रहे। वहीं डीएवी स्कूल उरीमारी में रविवार को आयोजित खेल प्रतियोगिता में खो -खो खेल मे बालक वर्ग अंडर 17 के विजेता डीएवी उरीमारी रहा और उपविजेता डीएवी बरही रहा तथा खो-खो बालक वर्ग अंडर 19 विजेता डीएवी कोडरमा और उपविजेता डीएवी भरेचनगर नगर रहा।खो-खो बालिका वर्ग अंडर 19 विजेता डीएवी उरीमारी और उपविजेता डीएवी भरेचनगर रहा तथा स्केटिंग प्रतियोगिता में बालक वर्ग कोयड्स आर्यन कुमार और डीएवी उरीमारी स्केटिंग मे बालक वर्ग इन-लाइन वंश कुमार रहे,वही डीएवी उरीमारी अमन कुमार और डीएवी हजारीबाग डीएवी से स्केटिंग बालिका वर्ग कोयड्स अविशा गुप्ता डीएवी हजारीबाग एव ममता कुमारी व डीएवी उरीमारी स्केटिंग बालिका वर्ग इन-लाइन शमन एवं डीएवी उरीमारी व समृद्धि डीएवी कोडरमा, इन-लाइन बालक वर्ग तथा कोयड्स बालिका वर्ग में डीएवी स्कूल उरीमारी ओवर आल चैम्पियन बना इन-लाइन बालिका वर्ग तथा कोयड्स बालक वर्ग में डीएवी हजारीबाग दुसरे स्थान पर रहा।

# जिला स्तरीय संत रामपाल जी के सत्संग में तत्व ज्ञान का बखान, जूटे सैकड़ो श्रोतागण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** दुलमी प्रखण्ड के ढुठुवा गांव में जिला स्तरीय एक दिवसीय सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संत रामपाल जी महाराज का सत्संग प्रोजेक्टर के माध्यम से चलाया गया जिले से आए हुए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सत्संग प्रवचनों को सुनकर कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। सत्संग में संत जी ने बताया कि मानव को प्राप्त होने वाले सुख और दुःख का कारण उसके द्वारा किए हुए पूर्व के कर्म है जो प्रारब्ध कहलाते हैं। पुण्य कर्मो से हमें सुख की प्राप्ति होती है और पाप कर्मो से हमें दुखों का भुगतना करना पड़ता है। परमात्मा साधक के सभी पापों का नाश करके सुख प्रदान करता है। यजुर्वेद अध्याय 8 मंत्र 13 में स्पष्ट है कि (केवल हिंदी अनुवाद) हे परमेश्वर! आप दान देने वाले के अपराध का विनाश करने वाले हो। साधारण मनुष्य के किए हुए अपराध का नाश करने वाले हो। किए हुए पाप को दूर करने वाले हो। अधर्म के अधर्म अर्थात घोर से घोर पाप का नाश करने वाले हो। जानबूझकर जीव जो कुछ भी अधर्म आचरण करता है अथवा अनजाने में किया करता है उन सब पाप कर्मो का नाश करने वाले हैं। यजुर्वेद अध्याय 19 मंत्र 30 में लिखा है (केवल हिंदी अनुवाद) जो श्रद्धालु दुर्व्यसनों का व्रत करके पूर्ण संत की दीक्षा को प्राप्त होता है। पूर्ण संत से दीक्षित शिष्य दान को प्राप्त होता है। दान-धर्म से साधक श्रद्धा को प्राप्त होता है। श्रद्धा से भक्ति करने से वह सदा रहने वाले सुख और अविनाशी परमात्मा को प्राप्त होता है।

# दिव्यांग समर्थ समाज की दिशा में प्रेरणा है : उपमुखिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** डेली मार्केट डीभीसी चौक के समीप रविवार को डिजिटल एंपॉरमेंट फाउंडेशन के तत्वाधान व एकिवल एवल के सौजन्य से विश्व विकलांग दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कुम्हारदगा पंचायत के उपमुखिया गोबिंद मुंडा शिक्षक मिथलेश कुमार ,डिजिटल सार्थक सह बीएलओ सीता देवी एवं दुलमी प्रखंड के बीएलओ सुपरवाइजर पिंकू कुमार के संयुक्त करकमलों से उत्कृष्ट सामर्थ सूचना पेनियोर बसंत बिहारी,सुदामा महतो,पूनम कुमारी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित अतिथियो ने संबोधित करते हुए कहा कि विश्व विकलांग दिवस का मुख्य उद्देश्य विश्वभर में विकलांगता और विकलांग लोगों के साथ सामाजिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। इस दिन का आयोजन उनके अधिकारों, समर्थन, और समाज में उनके साथ सौहार्द्र बनाए रखने के लिए होता है। यह विभिन्न तरीकों से किया जाता है, जो इस दिन को एक विशेष और महत्वपूर्ण रूप से यादगार बनाते हैं। जागरूकता और शिक्षा- इस दौरान लोगों को विकलांगता के विभिन्न पहलुओं से जागरूक किया जाता है ताकि समाज में सौहार्द्र और समर्थन बढ़ सके।समर्थन और समाज में भागीदारी- इस दिन के माध्यम से, लोग विकलांग लोगों के साथ समर्थन में भाग लेने के लिए प्रेरित किए जाते हैं और उन्हें समाज में भागीदारी मिले।अधिकारों की रक्षा- इस दिन का मौका होता है लोगों को विकलांग लोगों के अधिकारों की रक्षा करने और सुनिश्चित करने के लिए कि वे समाज में पूरी तरह से शामिल हों और समर्थ हों। समाज में बदलाव- इस दिन के माध्यम से, समाज को विकलांगता के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने और समाज में सामाजिक समाहिति बढ़ाने की दिशा में प्रेरित किया जाता है।

# खेल सीखाता है जीवन जीने के गुर : राजेश महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 27 पारडीह के सीनियर टीम और जूनियर टीम खिलाड़ियों के बीच आजसू पार्टी के रामगढ़ नगर परिषद कमिटी अध्यक्ष राजेश महतो ने रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी के निर्देश पर सीनियर और जूनियर टीम के खिलाड़ियों के बीच जर्सी वितरण किया। इस अवसर पर दोनों टीमें के बीच आयोजित क्रिकेट मैच में राजेश महतो ने बतौर मुख्य अतिथि खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबले का उद्घाटन किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए राजेश महतो ने कहा कि खेल जीवन के गुर सीखाता है जीवन में आनेवाली कठिन परिस्थितियों में भी स्थिर रहकर परस्थितियों को अनुकूल बनाना, संघर्ष करना और सफल होना हम खेल से सीखते हैं। खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ तो रहता ही है साथ ही व्यक्ति अनुशासित भी होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को पूरे लगन से खेल को खेलने और खेल जगत में भी को संवारने की बात कही। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों का भविष्य उज्जवल हो, उन्हें आधारभूत सुविधाएं मिले इसके लिए आजसू पार्टी, गिरिडीह सांसद आदरणीय चंद्रप्रकाश चौधरी और रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी तत्पर हैं।इस अवसर पर मुख्य रूप से सीनियर टीम के (कप्तान) करण कुमार महतो घनश्याम महतो आदि थे ।

# भाजपा पतरातू मंडल द्वारा जीत का जश्न मनाया गया

**पतरातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजस्थान,मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा का प्रचंड जीत पर जनता को भाजपा पतरातू मंडल के द्वारा धन्यवाद दिया गया तथा तीनों राज्यों के कार्यकर्ताओं ने भाजपा पर अटूट भरोसा दिखा कर देश को मजबूत करने में अपना योगदान दिया है।, उक्त बातें भाजपा पतरातू मंडल के अध्यक्ष का जिला पार्षद राजाराम प्रजापति तथा युवा नेता किशोर कुमार महतो ने कहा इसके साथ ही भाजपा पतरातू मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा कटिया चौक न्यू मार्केट में फटाका छोड़कर और लड्डू बांटकर जीत का इजहार किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि महेंद्र महतो,अनिल राय, प्रोफेसर शैलेंद्र सिंहा,महामंत्री पंकज कुमार सिंह,गणेश कुमार ठाकुर,वारिस खान,दिनेश कुमार रंजन भगत,ऋषिराज भंडारी,अवधेश सिंह,नंदकिशोर महतो,अनिकेत आनंद,धर्मचंद सिंह,रामेश्वर महतो राहुल सिंह,विजय राय इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# स्कूल कॉलेज और इंस्टिट्यूशन में मोटिवेशनल काउंसलिंग की मांग

**पतरातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीते कुछ दिनों से पतरातू क्षेत्र में ब्राउन शुगर कि बढती लत ने युवाओं में पैसे के लिए चोरी चमारी ,चैन स्नैचिंग की घटनाओ में युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है. फ्रस्ट्रेशन के कारण बाद आत्महत्या तक पहुंच जा रही है । इस पर सिविल सोसाइटी वं पुलिस प्रशासन को आगे बढ़कर कुछ ठोस उपाय निकालने कि आवश्यकता है जिससे कि क्षेत्र को नशा मुक्त बनाया जा सके. क्षेत्र में नशे की लत के कारण कई ऐसी घटनाएं हो रही हैं । जो प्रशासन तक नहीं पहुंच पाती है । हमारी प्रशासन से यह मांग है कि इस पर कोई ठोस पहल करते हुए सभी स्कूल कॉलेज और इंस्टिट्यूशन में मोटिवेशनल काउंसलिंग की व्यवस्था की जाए साथ ही कड़ाई से इसे विक्रय करने वाले स्थलों को चिन्हित करते हुए उस पर भी कार्रवाई होनी चाहिए ।अन्यथा वह दिन दूर नहीं है की लोगों का सड़क पर चलना भी दुर्लभ हो जाएगा और इसकी गर्त में एक दिन हर एक व्यक्ति इसका शिकार होगा कोई अछुता नही रहेगा क्या पुलिस क्या प्रशासन ।

## विश्व दिव्यांगता दिवस समारोह का आयोजन



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में आज रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एव टाटा स्टील फाउंडेशन के सौजन्य से विश्व दिव्यांगता दिवस के शुभ अवसर पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें टाटा फाउंडेशन के मैनेजर अमित कुमार ने दिवांग लोगों को बचाव एवं सरकार द्वारा मिलने वाला अधिकार के बारे में विस्तार से बताया बताया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दिव्यांग जानो के द्वारा केक काट कर किया गया, टुंडी स्वस्थ केंद्र प्रभारी डॉक्टर श्रवण कुमार के दिव्यांग लोगों का स्वागत माला पहना कर किया। कार्यक्रम में अमित कुमार के द्वारा दिव्यांगता के 21 प्रकार और उसको पहचानने के तरीके को विस्तृत रूप से समझाया गया, कार्यक्रम के दौरान सभी लोगों ने शपथ लिया की टुंडी प्रखंड के सभी दिव्यांग लोगों को चिन्हित कर उनको सरकारी योजना से जोड़ने का काम हमलोग करेंगे। मौके पर टाटा स्टील फाउंडेशन के अमित कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमार,बी ए एम अशोक कुमार,बी टी टी तारणी कुमारी,सी एच ओ राजु यादव,बी पी एम सतीश कुमार सुमन,बीटीटी सरिता कुमारी समेत कई सहिया साथी उपस्थित थीं।

## चित्रगुप्त महापरिवार ने जामडीहा में मनाई डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चित्रगुप्त महापरिवार की ओर से महुदा के जामडीहा में देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 139 वां जयंती मनाई गयी. कार्यक्रम की अध्यक्षता चित्रगुप्त महापरिवार बाघमारा अंचल सिनीडीह के अध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव ने किया। उपस्थित महापरिवार के महासचिव सह बांसजोडा पंचायत के मुखिया समीर कुमार लाला व समाज सेवी सह पूर्व मुखिया धनेश्वर महतो ने राजेन्द्र बाबु के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया. संचालन महापरिवार के सचिव सुजीत सिन्हा ने किया. मौके पर अधिवक्ता प्रशांत दयाल ने डा. राजेंद्र प्रसाद के जीवनी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला. मौके पर अशोक लाल, संजू लाला, नीरज कुमार सिन्हा, अजय लाला, गौरव सिन्हा, अजय कुमार लाला, वरूण कुमार कर्ण, राहुल कुमार बक्शी, प्रमोद बिहारी लाल, चमटु प्रसाद लाला, संतोष कुमार लाला, राजेश कुमार लाला, रूपेश कुमार लाला, प्रभात रंजन सिन्हा, चंद्रशेखर लाला, गौरव कुमार सिन्हा, अमित कुमार सिन्हा, रमेश कुमार सिन्हा, शंभु श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन के टक्कर से मोटरसाइकिल सवार घायल

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी के धधकीटांड जोरिया के पास बने पुल में आज रविवार को अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मारा जिससे मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी के धधकीटांड जोरिया के पास बने पुल के पास अज्ञात वाहन ने लोयाबाद निवासी दामोदर मिस्त्री उम्र 58 वर्ष आज रविवार अपने आवास से गिरिडीह साडू के घर जा रहे थे तभी टुंडी थाना क्षेत्र के धधकीटांड जोरिया में बने पुल के पास अज्ञात वाहन के द्वारा जोरदार टक्कर मारने से गंभीर रूप से घायल हो गए ।बताया जाता है की धधकीटांड जोरिया में बने पुल के पास खतरनाक गड्ढा हो गया है जिससे आये दिन दुर्घटना बना रहता है।आज उसी गड्ढे के कारण इतनी बड़ी दुर्घटना घटी। दुर्घटना की खबर मिलते ही टुंडी के ए एस आई सीताराम जी अपने सदलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर घायल को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टुंडी लाया जहां रविवार होते हुए भी स्वयं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमार ने घायल को प्राथमिक उपचार किया एवं गंभीर स्थिति को देखते हुए एस एन एम एम सी एच धनबाद रेफ़र कर दिया ।

## डीएवी राष्ट्रीय स्तर खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी राष्ट्रीय स्तर खेलकूद प्रतियोगिता (क्लस्टर लेवल-8) का रविवार को बॉक्सिंग, वुसु एवं रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता के साथ समापन हो गया। समापन भाषण में डीएवी झारखंड प्रक्षेत्र-सी के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी सह डीएवी कोयलानगर के प्राचार्य एन एन श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि डीएवी क्लस्टर-8 के जो भी टीमें उत्कृष्ट प्रदर्शन किये उन्हें भविष्य में और बेहत्तर प्रदर्शन की शुभकामना देता हूँ। वहीं आगे उन्होंने कहा कि इस प्रकार के खेलों मे भाग लेने से खिलाड़ियों में सहिष्णुता, धैर्य और साहस का विकास होता है तथा सामूहिक सदभाव और भाईचारे की भावना बढ़ती है। एक अच्छा खिलाड़ी खेल में आई हुई कठिनाईयों से उभरकर जीत का वरण करता है और ऐसे ही जीवन में खेलों जैसी जीवटता रखने वाला व्यक्ति कभी हारता नहीं। खेल के अभ्यास से मनुष्य का चारित्रिक और आध्यात्मिक विकास भी होता है।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर मानव सेवा केन्द्र खटैया में कंबल का किया वितरण



**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर बगोदर प्रखंड के कुसमरजा पंचायत अंतर्गत मानव सेवा केंद्र खटैया में दिव्यांगों के बीच बगोदर प्रमुख आशा राज ने कंबल का वितरण किया। बताया जाता है की मानव सेवा केन्द्र के संचालक संतोष स्वंय दिव्यांग रहने के बावजूद भी दिव्यांगों की सेवा मे लगा रहता है । और दिव्यांग जनों के लिए स्कूली कीट व्यौहार में कपड़ा सहित समय समय अन्य सामग्री व्यवस्था करते रहते है । वहीं संतोष ने कम्प्यूटर शिक्षा से लेकर अन्य शिक्षा दिव्यांग जनो को देते रहते है। इसमें संतोष की पत्नी की अहम भूमिका निभाती है।

# धनबाद : गैंगस्टर प्रिंस खान गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

### 2 लाख 25 हजार नगद, 2 हथियार, 4 गोली और 7 मोबाईल बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गैंगेस्टर प्रिंस खान के नेटवर्क को समाप्त करने की कोशिश में पुलिस लगातार काम कर रही है।

इस कड़ी में पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। इस बार पुलिस ने प्रिंस खान गिरोह के पांच ऐसे अपराधियों को गिरफ्तार किया है जो प्रिंस के लिए रंगदारी का पैसा वसूलते थे।

रविवार को एसएसपी संजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गये अपराधियों में मो. इम्तियाज आलम, मो. कामरान उर्फ गुडडू, मो. तौक़ीर उर्फ राजू, मो. फ़ैयाज अख्तर उर्फ लड्डू और मो. सद्दाम हैदर शामिल है।

इनके पास से रंगदारी की रकम 2 लाख 25 हजार, 2 हथियार, 4 गोली और 7 मोबाईल बरामद की गई है। इन सब की गिरफ्तारी बैंक मोड़ थाना क्षेत्र से हुई। गिरोह में मो. इम्तियाज आलम मुख्य सरगना है। मो. इम्तियाज मूलतः वासेपुर का रहनेवाला है।

पुलिस की दबीश बढ़ने के बाद से वह समस्तीपुर में रहकर गिरोह के लिए काम कर रहा था। मो. तौकीर उर्फ राजू कार सजावट के नाम से पार्ट्स दुकान चलाता है और इसी व्यापार के दौरान ही इसने पार्ट्स व्यवसायियों के नंबर भी अपने गिरोह को उपलब्ध करा रहा था ताकि उनसे रंगदारी के लिए फोन या फिर मेसेज कर सके।

मो. फ़ैयाज अख्तर उर्फ लड्डू बंगाल में ही रह रहा था जिसे रंगदारी का पैसा वसूलने के लिए हाल के दिनों में धनबाद भेजा गया था।

## वर्षों बाद समझ में आया प्रदूषण ने दिव्यांग बनाया



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** समावेशी शिक्षा के झरिया रिसोर्स सेंटर के तत्वावधान में विश्व दिव्यांगता दिवस पर बोर्ड उर्दू मध्य विद्यालय के बच्चों के बीच दिव्यांगता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कई दिव्यांगजनों ने विद्यालय के बच्चों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया। बच्चों के हाथ मे दिव्यांगता एवं पर्यावरण संरक्षण के स्लोगन लिखे तख्तियां थी। बर्षो बाद समझ मे आया, प्रदूषण ने दिव्यांग बनाया। हम दिव्यांगों को प्यार चाहिए, शुद्ध सांसो का अधिकार चाहिए। प्रदूषण के खिलाफ बोलिए अंकल, नही तो आपके बच्चे भी मेरी तरह दिव्यांग हो जाएंगे। मूक बधिर हमें है आशा, हम पढेंगे सांकेतिक भाषा। नेत्रहीन स्कूल चलेंगे, खेल खेल में ब्रेल पढ़ेंगे। हम अपनी किस्मत खुद गढ़ेंगे, उच्च शिखर की ओर बढेंगे, जैसे नारे लगा रहे थे। कार्यक्रम में फ़िज़ियोथेरेपिस्ट डॉ मनोज सिंह, स्पेशल एडुकेटर अखलाक अहमद, शिक्षक मो शरीफ रजा, कैलाश प्रसाद, मो महताब, मो आफताब, मो इक़बाल, फुरकान अंसारी, आशिफ अंसारी सहित सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

*झरिया रिसोर्स सेंटर ने किया दिव्यांगता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन*

## एससी-एसटी-ओबीसी अल्पसंख्यकों के हित में बैठक आयोजित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को धैया स्थित ललिता मैरिज हॉल में एससी एसटी ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग के प्रबुद्धजनों की सामूहिक बैठक आर एन सिंह यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन गोपाल यादव ने किया। इस बैठक में एससी,एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक वर्ग की विकराल समस्याओं पर चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने बहुजन समाज के वृहद इतिहास और संबंधों पर चर्चा करते हुए चिंता जताया। वक्ताओं ने बताया प्राचीन काल में समाज में हमारे कुशल नेतृत्व एवं आत्मीयता के कारण पूरे विश्व पर राज किया। वहीं हमारी विफलता रही कि हमने पुराने पुरखो के संघर्षो को धारण नहीं किया। नतीजा हम उचित प्रतिनिधित्व से ही नहीं विकास से भी वंचित है। इसे पुनः स्थापित करने की जरूरतों पर जोर दिया गया। बैठक में हूब्बान मल्लिक, आर एन सिंह यादव, दामोदर प्रसाद, गोपाल यादव, प्रेम बच्चन, कृष्णा कुमार, प्रकाश प्रसाद सिंह, अरुण प्रसाद, रामप्रवेश यादव, मोतीलाल हेंब्रम, नारायण महतो, निरंजन गोप, अशोक यादव, मिथिलेश प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, नवल प्रसाद, दिनेश पासवान, शिबू गोप, विकास गोप, आर के प्रसाद, हरे राम पंडित, धर्मवीर पासवान, पप्पू विश्वकर्मा, अमित भगत शशि भूषण महाराज, जय हिंद भगत, राम जन्म यादव, तुलसी महतो, छोटन रजक, जितेंद्र बौद्ध, उचित महतो, एस एन तांती समेत अन्य मौजूद थे।

### कतरास की लाइफ लाइन कतरी नदी का सीना चीरकर कोयला निकाल रहे हैं तस्कर

# गजलीटांड कतरी नदी में सीआईएसएफ ने की छापेमारी, कई मुहानों को कराया बंद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** जिले के बाघमारा अनुमंडल स्थित अंगारपथरा ओपी मे इन दिनो कोयले का अवैध कारोबार चरम पर है। बताते चले कि कतरास की लाइफ लाइन कतरी नदी का सीना चीरकर अवैध कारोबारी के द्वारा कोयले की निकासी की जा रही है। बताते चले कि यह वही कतरी नदी है जो 26 सिंतबर, 1995 को प्रलयंकारी बारिश के कारण काल बनकर आई थी, कोल इंडिया की अनुषंगी इकाई बीसीसीएल की गजलीटांड कोलियरी के छ नम्बर पीट में पानी भर गया था और इस हादसे में 79 खनिकों ने जलसमाधि ली थी। लेकिन आज अंगारपथरा ओपी प्रभारी जिला टास्क फोर्स की बैठक की धज्जियां उड़ाते हुए नदी के



बीचो-बीच कई अवैध माइंस खोलने का आदेश दे दिए हैं। जिसके कारण तस्कर नदी के बीचों बीच माइंस खोलकर कोयले की निकासी कर रहे हैं। बीसीसीएल के महाप्रबंधक, क्राइम विभाग एवं स्थानीय पुलिस खनन, विभाग आंख में पट्टी बांधे हुए हैं। शायद कोई बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं। प्रखंड स्तर पर जिला टास्क फोर्स का वरीय अधिकारी अंचल के सीओ होते हैं और किसी भी प्रकार के प्राकृतिक संपदा से छेड़छाड़ करना कानूनी अपराध है। इसके बावजूद भी बाघमारा प्रखंड के अंचलाधिकारी द्वारा कार्रवाई नहीं करना कई सवालों को खड़ा करता है। पी सिंह का सिंडिकेट एस रजवार के साथ मिलकर बाहर से मजदूर बुलाए हैं। प्रत्येक रात में दर्जनों ट्रक कोयला यहां से निकाल कर अंतराज्यीय स्तर पर बेचा जा रहा है। हालांकि शनिवार को सीआईएसएफ ने गुप्त सूचना के आधार पर गजलीटांड स्थित कतरी नदी में छापेमारी कर कई अवैध मुहानो को बंद कराया है और कोयला को जप्त किया है। हालांकि स्थानीय लोगों को कहना है कि सीआईएसएफ के द्वारा कोरम पूरा किया गया है। लोगों का आईवाश के लिए छापेमारी की गई है। दो-चार दिनों के बाद फिर से मुहाना खोल दिया जाएगा और कोयला का काला साम्राज्य फिर से चालू हो जाएगा।

## पुलिस प्रशासन के द्वारा चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान, वाहन चालक को किया गया जागरुक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गावां थाना पुलिस प्रशासन के द्वारावाहन चेकिंग अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया गया बता दे की 4 दिसंबर को गिरिडीह के झंडा मैदान में मुख्यमंत्री के आगमन का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसे लेकर जिले भर में प्रशासन अलर्ट है सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जा रहा है वहीं गावां थाना पुलिस प्रशासन सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार चौबे के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें बिना हेलमेट पहने वाहन चालकों से हेलमेट पहनने का आदेश दिया गया वही नाबालिक वाहन चालकों को कड़ी फटकार लगाई गई वाहन एवं सड़क सुरक्षा नियम का पालन करने का लोगों से अपील किया गया मौके पर गावां थाना के पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## सिलक्यारा सुरंग से सकुशल निकलने के बाद प्रवासी श्रमिक घर पहुंचे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** उत्तरकाशी टनल में फंसे गिरिडीह जिले के बिरनी प्रखंड सिमराढाब के युवक सुबोध कुमार, एवं केशोडीह के विश्वजीत वर्मा 17 दिन बाद घर वापस पहुंचने से उनके घर परिवार, रिश्तेदार व गांववासियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है. इस मौके पर बगोदर पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो उनके घर पहुंचकर परिजनों के साथ सुबोध एवं विश्वजीत को मिठाई शॉल ओढ़ाकर एवं बुके,फूल माला पहनाकर स्वागत किया. उन्हें ढेर सारे शुभकामनाएं व बधाई दी। साथ ही पूर्व विधायक नेकहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व उत्तराखंड मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी विशेष रूप से बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने विषम परिस्थिति होने के बावजूद समन्वय बनाकर अपने देश के कर्मवीरों को बचाने के लिए सारे आवश्यक संसाधन ससमय उपलब्ध कराए।



एवं बचाव दल में लगे सभी सदस्यों के अथक प्रयासों से श्रमिकों बाहर निकालने में अहम योगदान रहा। झारखंड राज्य सरकार टनल से बाहर आए प्रवासी श्रमिकों नौकरी देने की मांग करते है।

### अवैध कोयला लदे 7 व अवैध बालू लदे 6 वाहन जब्त

# जब्त वाहनों से लगभग 100 टन व अवैध रुप से स्टॉक किया 200 टन कोयला जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर कोयला व बालू के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बीती रात जिला खनन टास्क फोर्स ने राजगंज, बाघमारा, पूर्वी टुंडी, गोविंदपुर, पुटकी में सघन अभियान चलाकर अवैध कोयला और अवैध बालू लदे वाहनों के साथ-साथ स्टॉक किया हुआ अवैध कोयला जब्त किया।

बीती रात अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक एवं जिला खनन पदाधिकारी श्री मिहिर सालकर ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर राजगंज से अवैध कोयला लदे चार ट्रक और बैंक मोड़ थाना क्षेत्र से अवैध कोयला लदे एक ट्रक को जब्त किया।



साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी बाघमारा ने बरोरा एरिया में भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड के पुराने माइंस के पास से स्टॉक किया हुआ लगभग 200 टन अवैध कोयला जब्त किया। जब्त कोयला को बीसीसीएल एवं सीआइएसएफ द्वारा सुरक्षित स्थान पर ले जाने की प्रक्रिया जारी है।

इसके अलावा अंचल अधिकारी बाघमारा ने अवैध कोयला लदे एक ट्रक, अंचल अधिकारी पुटकी ने अवैध कोयला लदे एक टाटा मैजिक, अंचल अधिकारी गोविंदपुर ने अवैध बालू लदे 5 वाहन व अंचल अधिकारी पूर्वी टुंडी ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है।

### एफआइआर दर्ज करने की प्रक्रिया जारी

जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि इसमें सम्मिलित लोगों के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 एवं द झारखंड मिनिरल्स प्रिवेंशन ऑफ़ इलीगल माइनिंग ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज रूल्स, 2017 के नियम 13 एवं आईपीसी की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिक दर्ज करने के लिए संबंधित थाना को आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है।

## एनएसयूआई की कार्यकारणी बैठक संपन्न



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एनएसयुआई की कार्यकारणी बैठक हाउसिंग कॉलोनी मे सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी ने किया और संचालन जिला उपाध्यक्ष रवि पासवान ने किया। बैठक में कॉलेज कमेटी के सदस्य उपसथित रहे। बैठक में मुख्य रूप से सदस्यता अभियान कराए जाने की बात रखी गई। जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी ने सदस्यता अभियान चलाए जाने की बात कहते हुए कहा कि आज के छात्र छात्राएं कल के देश के भविष्य है जो आगे चलकर राजनेता आईपीएस आईएएस जैसे पद पर आसीन होंगे और देश की सेवा करेंगे। अगर वह आज छात्र राजनीति से जुड़कर अपने दिल और दिमाग में राष्ट्र सेवा की भावना जागृत कर अनुभव लेते हैं तो आगे चल कर कुशलता पूर्वक राष्ट्रहित मे अपना कार्य करेंगे। यही कारण रहा है कि सदस्यता अभियान अति आवश्यक है। इसके साथ ही जिला कमेटी में बदलाव एवं कॉलेज की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उन समस्याओं के समाधान पर मशवरा लेते हुए आगे की रणनीति तैयार की गई। मौके पर जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रवि पासवान, जिला मीडिया प्रभारी रवि शर्मा, जिला सचिव आकाश प्रमाणिक, जिला महासचिव सनी सिंह, पीके रॉय कॉलेज अध्यक्ष राज रंजन सिंह, आरएस मोर अध्यक्ष मोइन अंसारी, आरएसपी कॉलेज अध्यक्ष सुधीर सिंह, मोहित कुमार, महताब आलम, अनिकेत कुमार, जय प्रकाश यादव, अमन प्रसाद, सुंदर कुमार, प्रिया गुप्ता, सोहेल, अमित, रोशन, सोमुदिप, सोहेल, पीयूष कुमार, फिरोज कुमार समेत दर्जनों नेतागण शामिल थे।

तीन राज्यों में प्रचंड बहुमत से जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश ने गारंटी के रूप में माना, हुई विकास की जीत : सुदर्शन भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** चार राज्यों के विधानसभा चुनाव की मतगणना हुई। जिसमें तीन राज्यों में छत्तीसगढ़, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ जीत की खुशी में भारतीय जनता पार्टी, लोहरदगा आज शाम 4:30 बजे स्थानीय पावरगंज चौक में विजय उत्सव मिठाई खिलाकर और युवाओं के द्वारा पटाखे की आतीसबाजी, भारत माता की जय, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भाजपा के नारे लगाकर खुशियां मनाई। भारतीय जनता पार्टी विकास की राजनीति करती है। अपने किए गए वादे एवं घोषणाओं को पूरा करती है महिलाएं भाजपा के शासन में सुरक्षित समझती हैं साथ ही स्वालंबी होने का मार्ग प्रशस्त करती हैं उन्हें समग्र क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। यही कारण है कि आज तीन-तीन राज्यों में प्रचंड बहुमत से विजय का परचम लहराया है। देश की जनता समझदार है वह जानती है की किस प्रकार से सत्ता पाने के बाद कांग्रेस गुमराह की राजनीति करती है भ्रष्टाचार की बड़ी सीमाएं उनके नेता, मंत्री अपने परिवार अर्थव्यवस्था को शुद्ध करने में लगे रहते हैं। जनता की बदहाली जिंदगी व्यतीत करने के लिए छोड़ दिया जाता है। भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि तीन राज्यों में चुनाव परिणाम स्पष्ट बहुमत साबित किया कि भाजपा विकास की राजनीति करती है। और आने वाले दिनों में झारखंड में भी जनता इसी प्रकार से कांग्रेस के द्वारा की गई छल का जवाब देगी। जिस प्रकार से राज्य के मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के नेता विधायक, प्रधानमंत्री झूठे आरोप गठन कर जनता को गुमराह करना चाहती है इससे समझदार जनता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाले। आज छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश में जनजाति समाज के लोगों का भरपूर समर्थन प्राप्त हुए हैं। उसका मूल कारण विकास एवं मूलभूत सुविधाएं जो भाजपा सरकार में मिली है यह सबसे बड़ा कारण रहा ठीक इसी प्रकार झारखंड में तुष्टिकरण का जवाब देने के लिए जनता तैयार बैठी है। और सत्ता का परिवर्तन होना तय है। अब जनता ढकोसले वादों से नहीं फंसने वाले नहीं है। मौके में ओमप्रकाश सिंह, श्री चंद प्रजापति, ब्रजबिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, प्रदेश मंत्री भाजयुमो अजातशत्रु सिंह, नीरज कुमार नलीन, राजकुमार वर्मा, बालकृष्णा सिंह, जगनंदन पौराणिक, भारती सिन्हा, ओम गुप्ता, अजय कुमार पंकज, पशुपति नाथ पारस, सजल कुमार, अमरेश भारती, अनुप वर्मा, लाल अविनाश नाथ शाहदेव, शुभम शाहदेव, सचिन सिंह, टीपू खान, प्रेम प्रजापति, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गरीबों एवं असहाय लोगों में भी बांटें अन्न का कुछ हिस्सा : विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा बुधराटोली जीईएल चर्च में रविवार को नवाखानी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मौके पर आराधना विधि पादरी जेम्स जोजो, पादरी जातोम टेटे की अगुवाई में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भूषण बाड़ा भी शामिल हुए। विधायक ने सभी को नवाखानी पर्व की बधाई दी। साथ अपने खेतों में उपज फसल का थोड़ा सा हिस्सा गरीबों एवं असहाय लोगों के लिए निकालें। उनके बीच दान करें। गरीबों एवं असहाय लोगों में किया गया दान सीधे ईश्वर को प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि नवाखानी का यह पर्व अच्छी फसल की उपज के लिए ईश्वर को धन्यवाद देने का दिन है। हम सभी पर्व के माध्यम से ईश्वर के प्रति आभार प्रकट करें। साथ ही यह प्रार्थना करें कि आने वाले वर्षों में भी परम पिता परमेश्वर अच्छी फसल की उपज कराए। मौके पर कंडीदात अभय डुंगडुंग, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, एलिसा सोरेंग आदि उपस्थित थे।

**परमेश्वर की कृपा के बिना संसार मे कुछ भी सम्भव नहीं : जोसिमा खाखा जिप सदस्य**

जोसिमा खाखा ने भी पर्व के महत्व की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज खुशी का दिन है कि हम सभी अन्न का पहला दाना प्रभु यीशु के चरणों मे समर्पित करने के लिए एकत्र हुए हैं। परमेश्वर की कृपा के बिना इस संसार मे कुछ भी हासिल नहीं हो सकता। ईश्वर की ही योजना से हमारे द्वारा अपने खेतों में लगाये गए फसलों की अच्छी उपज होती है। हम सभी अपने अन्न का कुछ दाना गरीबों के लिए भी निकाल कर रखें।

## अम्बेरा हाटी के खलिहान में लगी आग पुआल जलकर राख, किसानो को हजारों का नुकसान



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के उदरंगी पंचायत की हाटी कुम्बटोली गांव में रविवार की दोपहर एक खलिहान में अचानक आग लगने से गांव के किसान कर्मा महतो व रामपति उरांव का करीब 15 हजार के पशु चारा पुवाल जलकर राख हो गया। पारा शिक्षक सोहराई उरांव, शनीचरिया उरांव ने ग्रामीणों की मदद से पंप सेट का सहयोग लेकर घंटो मशकत के बाद आग को बुझाया। सूचना के बाद अग्नि शामक की गाड़ी एक घंटे देर से पहुंची। अग्नि शामक के आने तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था । ग्रामीणों के पहल से पास रखे कई अन्य किसानो के धान व पुवाल को जलने से बचा लिया गया। अगजनी मे गांव के कर्मा महतो का 8 हजार के पुवाल, रामपति उरांव के करीब सात हजार पुवाल जल कर रख गया है। इधर ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से गरीब मजदूर किसान को क्षतिपूर्ति देने की मांग कह है। बताते चलें कि क्षेत्र में अब तक करीब आधा दर्जन किसानों की पुवाल जलने से पशुओ का साल भर का भोजन छीन गया है। लेकिन अब तक एक भी किसान को राहत कोष से मुआवजा नहीं मिला है। जिससे पीड़ित किसानों में रोष व्याप्त है।

## सड़क दुर्घटना में ए एस आई जख्मी, पहुंचे स्वास्थ्य केंद्र, रेफर किया गया सदर अस्पताल



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सड़क दुर्घटना में कंडरा के समीप ए एस आई घायल ग्रामीणों ने इलाज के लिये अस्पताल में कराया भर्ती। सेन्हा थाना अंतर्गत कंडरा के समीप अर्धनिर्मित पुल के पास अहले सुबह मोटरसाकिल चालक असंतुलन खोने के कारण गिर कर जख्मी हो गया। जिसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों को मिलते ही मानवता का परिचय देते हुए अस्पताल में घायल अवस्था मे व्यक्ति को भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। वही घायल का पहचान मंतोष कुमार सिंह के रूप में किया गया जो सेरेंगदाग पिकेट ने ए एस आई के पद पर फिलहाल कार्यरत है जो छुटी लेकर घर जा रहे थे। उसी दौरान कंडरा पुल के समीप सामने से आ रही भारी वाहन के लाइट से सामने कुछ दिखा नही और मोटरसाइकिल गढ़े में जा गिरा जिससे हाथ तथा चेहरे पर गम्भीर चोटें आई है। चिकित्सकों ने इलाज के उपरांत बताया कि गम्भीर चोट आने के कारण हाथ टूट गया है। और चेहरे पर कई जगह जख्म का निशान है। फिलहाल चिंता की कोई बात नही है।

तीनो राज्यों की जनता ने मोदी पर जताया भरोसा : लक्ष्मण बड़ाईक

## भाजपा एक दल नही विचारधारा बन चुकी है : सुशील श्रीवास्तव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** मध्यप्रदेश राजस्थान छत्तीसगढ़ तीनो राज्यो में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपा सिमडेगा ने जश्न मनाया,कार्यकर्ता एक दूसरे के गाल पर अबीर गुलाल लगा कर लड्डू बांट कर जश्न मनाया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि देश की जनता को मोदी जी पर भरोसा है मोदी जी की गारंटी पर तीनों राज्य की जनता ने भरोसा जताया। तीनों राज्यो के चुनाव परिणाम आने वाले 2024 के चुनाव का ट्रेलर है लोग कांग्रेस को घोटालेबाज साशन से त्रस्त हो चुके थे इसीलिए जनता ने मोदी जी पर भरोसा जताया है केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में जीत ऐतिहासिक है जिस तरह से जनता ने कांग्रेस को चुनाव में आईना दिखाया है ये बताने के लिए काफी है कि 2024 में पुनः देश और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी साथ ही उन्होंने कहा कि देश की जनता जिस तरह से भाजपा को अपना मत देकर पूरे देश मे केसरिया लहरा रही है ये गर्व की अनुभूति कराता है, भारतीय जनता पार्टी आज सिर्फ एक दल नहीं बल्कि विचारधारा बन चुकी है यह जनमानस के विश्वास का प्रतीक बन चुकी है तीन राज्यो के परिणाम से कार्यकर्ता उत्साहित हैं और दो गुने जोश के साथ 2024 के चुनाव में उतरेंगे। यस मनाते हुए जिला महामंत्री दीपक पुरी ने कहा की तीन राज्यों के ऐतिहासिक जीत मोदी जी के नीति और काम पर जनता की मोहर है जनता पुनः मन बन चुकी है की 2024 में भी मोदी जी को गद्दी में बैठना है, मौके पर सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

जिले में क्रिकेट खेल को बढ़ाया जाएगा आगे : विधायक भूषण बाड़ा

## पत्रकार स्वर्गीय हारून रशीद क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर आयोजित बैठक में शामिल हुए विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ईदगाह मुहल्ला सिमडेगा में क्रिकेट कमिटी आजाद हिंद क्लब के तत्वावधान में पत्रकार स्वर्गीय हारून रशीद क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। विधायक ने प्रतियोगिता को आगे बढ़ाने एवं प्रतियोगिता को सफल बनाने में हर सम्भव सहयोग करने का भरोसा जताया। विधायक ने कहा कि क्रिक्रेट खेल का लोकप्रिय दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। ऐसे में जिले में भी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन जरूरी है। कमेटी द्वारा जिले में क्रिकेट खेल को एवं क्रिकेट खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने की दिशा में किया गया प्रयास सराहनीय है। ऐसे आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को मंच मिलेगा। साथ ही उनकी खेल प्रतिभा में भी निखार आएगा। हमारे जिले के खिलाड़ी किसी भी खेल में पीछे नहीं है। अगर क्रिकेट खेल के लिए भी सुविधाएं उपलब्ध करा दिया जाए तो हमारे जिले के खिलाड़ी क्रिकेट खेल के माध्यम से दुनिया मे डंका बजा सकते हैं। मौके पर नगर विधायक प्रतिनिधि मो शकील अहमद, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, अख्तर खान, जिला व्यापार संघ अध्यक्ष शहजाद अंसारी, कैथोलिक यूथ के समीर कुल्लू, जयवंत बारला, नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन (अक्षण), डॉक्टर इम्तियाज हुसैन, मो फिरोज,मो यासिर, मो रिजवान, मो इरफान, पंकज, मो अरमान के अलावे आयोजनकर्ता मो हारीश मो इरफान, पंकज, मो ज़ाकिर आदि उपस्थित थे।

## पत्नी के लापता होने पर पति ने कराथा सनहा दर्ज



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महिला के लापता की सूचना सेन्हा थाना में देते हुए पति ने सनहा दर्ज करते हुए सकुशल बरामद करने का गुहार लगया है। सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत बक्सीडीपा ढ़ोडां टोली से पत्नी के लापता की सूचना पति परमेश्वर उराँव को मिलते ही अपने स्तर से सगे सम्बंधीयों में छान बिन किया परंतु कहीं उसका पता नही चला तो सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए बताया कि 1 दिसंबर को शाम लगभग 5 बजे गाड़ी लेकर घर पहुंचा तो पत्नी को घर में नही देखने पर आसपास के लोगो से पूछताछ किया परंतु कोई जानकारी नही मिला उसके बाद सगे सम्बंधी में भी पूछताछ किया जिसे किसी प्रकार से कोई सुराग नही मिलने पर सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए बताया कि मेरी पत्नी के पास मोबाइल फोन है जो बन्द बता रहा है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि लापता की सूचना पर मामला को संज्ञान में लेते हुए प्राथमिक दर्ज कर प्रशासनिक कारवाई आरम्भ कर दिया गया।

## विहिप द्वारा आयोजित बैठक में समिति विस्तार सहती विभिन्न बिंदुओं पर किया गया चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड स्तरीय विश्व हिंदू परिषद की बैठक देर शाम विहिप प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार साहु की अध्यक्षता में विश्व हिंदू परिषद लोहरदगा तथा प्रांत के पदाधिकारी की उपस्थिति में सेन्हा दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। आयोजित बैठक के दौरान समिति विस्तार को लेकर चर्चा करते हुए सभी पंचायत ग्राम से सदस्यों का चयन करने पर जोर दिया गया। साथ ही अयोध्या से आ रहे अक्षत का वितरण 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक सेन्हा के सभी पंचायत ग्राम में डोर टू डोर संपर्क अभियान चलाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। साथ ही आगामी 22 जनवरी 2024 को सेन्हा दुर्गा मंदिर में अखंड हरि कीर्तन का आयोजन करने पर विचार विमर्श किया गया। वही सेन्हा के सभी मंदिरों का सीमांकन एवं चार दिवारी निर्माण को लेकर भी चर्चा किया गया। बैठक के दौरान विहिप जिला अध्यक्ष राम लखन प्रसाद, प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद पूर्व उपाध्यक्ष सतीश जैसवाल, बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख उमेश सिंह और बजरंग दल संयोजक सचिन कुमार गौ रक्षा प्रमुख चांदन गोप, नगर पर्यावरण प्रमुख सत्यम कुमार, बजरंग दल नगर सहसंयोजक अनुभव कसकर, दीपक कुमार सहित स्थानीय विहिप कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## आनन्द मार्ग प्रचारक संघ के द्वारा कैरो में कीर्तन प्रवचन, व जरूरतमंद के बीच कम्बल वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** आनन्द मार्ग प्रचारक संघ के द्वारा प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा मे 03 दिसंबर रविवार दुर्गा बाडी भवन कैरो मुख्यालय मे कीर्तन, प्रवचन व कम्बल का किया गया वितरण। इस अवसर पर कैरो ग्रामीणो ने भी संघ के साथ बड़ी संख्या मे हाथ उपर कर कीर्तन मे भाग लिया तो वही आनन्द मार्ग प्रचारक संघ मे आचार्य सम्पूर्णानन्द अवधुत ने कहा कि संघ की स्थापना सन्न 1955 के बाद भगवान शिव तो सतयुग मे विद्यमान थे परंतु कलियुग मे भगवान के प्राप्ति का मार्ग केवल और केवल बाबा नाम केवलंम है। आचार्य सम्पूर्णानन्द ने अपने प्रवचन मे आनन्द मार्ग क्या है, आत्म मोक्षार्थम, जगत हिताय, नवीन समाजिक आर्थिक व्यवस्था, योग क्या है, बाबा नाम केवलंम, भावजड़ता क्या है, धर्म क्या है, मैं कौन हूँ, साधना क्या है, संसार का कर्ज, दुविधा और असमंजस,मृत्यु के बाद क्या है, कर्म और फल, बच्चो के प्रति दायित्व, भगवान या ब्रम्ह या परमपुरुष परमात्मा कौन है, ईश्वर शृषटी के कण-कण मे कैसे व्याप्त है, ईश्वर मनुष्य से क्या चाहते हैं, मुर्ति पुजा क्या है इत्यादि विषयों पर आचार्य ने अपने प्रवचन में विस्तार पुर्वक बताया। तत्पश्चात आनन्द मार्ग प्रचारक संघ महिला कल्याण विभाग हेसाग राँची के द्वारा सैकड़ो महिला-पुरुष जरूरतमंदो के बीच कम्बल का वितरण किया गया।

## उपायुक्त ने दिव्यांग मतदाता को मतदाता सूची में नाम जुड़ने पर किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 अंतर्गत आज दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष कैम्प आयोजित किये गए। इस मौके पर उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण नगर परिषद क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में आयोजित कैम्प में शामिल हुए और दिव्यांग मतदाता को मतदाता सूची में नाम जुड़ने पर सम्मानित किया। कैम्प में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा भी दिव्यांग मतदाता को सम्मानित किया गया। पूरे जिला भर में दिव्यांगों के लिए कैम्प आयोजित किये गए जिसमें नाम जोड़ना, त्रुटि सुधार, विलोपन आदि के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त हुए। आज इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी-सह-निर्वाचक निबंधन पधाधिकारी अमित कुमार, संबंधित बीएलओ व दिव्यांग मतदाता उपस्थित थे।

## तीन राज्यों में जीत के रुझान से उत्साहित भाजपा नेता बोले-भारत के मन में मोदी



**भंडरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भाजपा की जीत से उत्साहित भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने कहा है कि इन नतीजों से साफ है कि भारत के मन में मोदी है। मोदी के मन में भारत है। उन्होंने कहा कि कमल खिलने का मतलब सुशासन और विकास की गारंटी है। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व का पूरे देश की राजनीति में डंका बज रहा है आज पूरे आत्मविश्वास से हम कह सकते हैं कि भारत के मन में मोदी जी हैं और मोदी जी के मन में भारत है।मध्य प्रदेश में हमारी सरकार प्रचंड बहुमत के साथ फिर वापस आ रही है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कमल खिल गया है। कमल खिलने का मतलब है सुशासन और विकास की गांरटी। अभी तक आए रुझानों में कांग्रेस को सिर्फ तेलंगाना में ही जीत मिली है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में हार के साथ ही छत्तीसगढ़ उसके हाथों से निकल गया है।

## तीन राज्यों की प्रचंड जीत का असर झारखंड पर भी : रवि गुप्ता



**केरसइ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजस्थान मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ तीनो राज्यों में भारतीय जनता पार्टी के प्रचंड जीत पर जिला मीडिया प्रभारी सह केरसई प्रखंड सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने कहा कि तीन राज्यों के परिणाम ने यह साबित कर दिया है की जनता लूट और भ्रष्टाचार वाले कांग्रेस सरकार से त्रस्त है और उनका बिस्वास सिर्फ भाजपा और मोदी जी पर है,कांग्रेस जहाँ जहाँ अकेले या गठबंधन में सत्ता में है वहाँ लूट हत्या घोटाले और भ्रष्टाचार का बोलबाला है गरीबो को लूटा जा रहा है ये परिणाम आने वाले समय के लिए सुभ है साथ ही छत्तीसगढ़ में जिस तरह से जीत हुई है यह झारखंड के लिए शुभ संकेत है इसका असर झारखंड पर जरुर पड़ेगा और आने वाले 2024 लोकसभा एवं झारखंड विधानसभा चुनाव के साथ साथ सिमडेगा जिला की दोनो सीट कोलेबिरा एवं सिमडेगा में जीत कर भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी,और पूर्व की तरह विकास करने वाली सरकार बनाएगी साथ ही रवि गुप्ता ने बताया कि संगठन द्वारा उन्हें भी सूरजपुर जिले के भटगांव विधानसभा क्षेत्र में विस्तारक के रूप में कार्य करने हेतु भेजा गया था उस सीट पर भी भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी की जीत हुई है, तीनो राज्य की जनता एवं कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक परिणाम के लिए बधाई के पात्र हैं।

## सरकार द्वारा संचालित योजना का लाभ लें और खेती कर आत्मनिर्भर बने किसान : राधा तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत जमीरा ग्राम में बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत जिला कृषि कार्यालय आत्मा द्वारा जिप सदस्य राधा तिर्की तथा सहायक तकनीकी प्रबंधक सुमन कुमार की मौजूदगी में गाँव के इन्दु उराँव, चमरू उराँव, सरोज उराँव, गंगा महली, सुरजी उराईन, मनोज उराँव, लालमुनी उराइन, सुशील उराँव, सुमन्ती उराइन, सहोदरी देवी, विश्राम लोहरा सहित अन्य 22 किसानों के बीच दो दो किलोग्राम सरसो बीज का वितरण किया गया। यह योजना तेलहन खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कम बारिश में और कम मेहनत से रवि फसल का खेती करने के लिये किसानों को बिरसा फसल विस्तार योजना के अन्तर्गत पूर्ण अनुदान पर बीज दिया जा रहा है। वही जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र के किसानों का आय वृद्धि कर आत्मनिर्भर बनाने के लिये अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएँ चला रही है। साथ ही कृषि से सम्बंधित विभिन्न तरह की योजनाएँ भी चलाई जा रही है। किसान अधिक दामों पर बीज नही खरीद पाते हैं जिसके लिये किसानों को मौसम के अनुसार खेती करने के लिये सरकार द्वारा बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसे लगातार प्रखंड क्षेत्र सभी अलग अलग गाँवों में किसानों के लिये बीज वितरण का कार्य किया जा रहा है। उसी क्रम में जमीरा में भी किसानों के बीच सरसों बीज वितरण किया गया। जिसे किसान कम मेहनत व कम बारिश में तेलहन की खेती कर अच्छी पैदावार कर सकते हैं। और अपनी आय में वृद्धि कर समृद्ध हो सकते हैं? मौके पर कृषक मित्र संगीता कुमारी के अलावे परमेश्वर उराँव, पेतो देवी, कलावती उराइन, चन्दरु उराँव, सुरजमुनी उराइन, रुनिया उराँव सहित अन्य ग्रामीण महिला पुरुष और किसान उपस्थित थे।

## सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 77 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए, सभी ने वंदे मातरम, भारत माता की जय का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 45 लोगों ने अपना स्वास्थ्य की जांच एवं चेकअप कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की जरूरतमंदों एवं असहयों की सेवा करना ही हम सभी का पहला धर्म है, इनकी जितनी सेवा की जाए कम ही है,डॉ कुमुद ने कहा की इस बढ़ते ठंड पर अपने स्वास्थ्य के प्रति खास ध्यान रखना चाहिए, खास करके बच्चों एवं बुजुर्गो को ठंड से बचने की अति आवश्यकता है। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल एवं शशि भूषण सिंह ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में काफी दूर-दूर से लोग शिविर में चेकअप करा कर संतुष्ट हैं, और कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है। आज लोगों ने अपना शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से चेकअप कराकर परामर्श भी लिए, आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ. कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, शशि भूषण सिंह, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, सुबोध महतो, गोपाल सिंह, अतुल सर्राफ, बजरंग अग्रवाल, अंजलि सर्राफ, गीता देवी, अमना खातून कलीम अंसारी गंगोत्री देवी, अनिल वर्मा, सुरेंद्र प्रसाद, चंपा देवी, प्रेमलता देवी, कृष्णा प्रसाद, भूषण माहली, सविता देवी, शिमला देवी, डोमचंद्र कर्मकार, किशोर अग्रवाल, हृदया देवी, सोनिया पोद्दार,सुंदर देवी, प्रभु दयाल साहू, मनोज अग्रवाल, उदय कास्यंकार, रामचंद्र गिरी, नवल प्रसाद कास्यंकार, रुपेश चौधरी, राजू अग्रवाल, शांति देवी, रामजतन साहू, अनूप महतो आदि थे।

## भाजपा के प्रचंड जीत के बाद जिले में जश्न का माहौल

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में 4 राज्यो के विधानसभा चुनाव नतीजे के बाद 4 राज्यों में से 3 पर चुनाव में भाजपा की प्रचण्ड जीत से साबित हो गया है कि जनता मोदी जी के साथ है।इस मौके पर जिले के विभिन्न भागों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मिठाइयां तथा गाजा बाजा के साथ जश्न मनाते दिखे,इस दौरान भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सूरज कुमार दसौंधी ने कहा की अब जनता जागरूक हो चुकी है अवसरवादी नेताओं के बात में नही आने वाली है।कांग्रेस की हालत इतनी खराब हो गई है कि उससे 2 राज्य बीजेपी ने और छीन ली तो एक मे सूपड़ा साफ करने जैसा शिकस्त दिया है।तेलंगाना में जिस भाजपा का पिछली चुनाव में कैंडिडेट नही मिल रहा था,बहुत मुश्किल से एक सीट मिला था उस तेलंगाना में भी 8 सीट जीत ली। छत्तीसगढ़ में झारखंड के मुख्यमंत्री ने भी प्रचार प्रसार किया था तो वहां से भी कांग्रेस की करारी हार हुई, इससे आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में इससे भी प्रचण्ड जीत मोदी जी की होगी।

### चलते चलते एक नजर

## जेवियर्स कॉलेज एनसीसी रांची ने अल्बर्ट एक्का को किया याद

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लांस नायक अल्बर्ट एक्का बलिदान दिवस (03 दिसंबर, 2023) आईक्यूएसी के तहत, 1/3 कंपनी संत जेवियर्स कॉलेज एनसीसी रांची ने 1971 के भारत-पाक युद्ध में गंगासागर की लड़ाई में लांस नायक अल्बर्ट एक्का, पीवीसी को सम्मानित करने के लिए अल्बर्ट एक्का चौक पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। बाद में प्राचार्य डॉ. फादर नाबोर लकडा द्वारा अलबर्ट एक्का की प्रतिमा के पास पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया। आयोजनों में कुल 86 कैडेट उपस्थित थे। एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. प्रिया श्रीवास्तव की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन से कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

## दिव्यांगजनों के बीच किया गया उपकरण का वितरण

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर रविवार को समाहरणालय परिसर में समाज कल्याण विभाग व इलेक्शन डिपार्टमेंट की ओर से विशेष दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया गया.इस दौरान दिव्यांगजनों के बीच वाकिंग स्टीक,हियरिंग ऐड,फल व मिठाइयां वितरण किया गया.इसके साथ ही उन सभी से आवश्यकतानुसार प्रपत्र छः भी लिया गया साथ ही नये मतदाताओं को भी जोड़ने के साथ-साथ हटाने व वोटर कार्ड में त्रुटियों को दूर करने का भी कार्य किया गया.यह कार्य जिले के सभी बूथों पर कैंप लगाकर किया गया.इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह पांकी के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रिति किस्कु ने कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज का महत्वपूर्ण अंग है,जिन्हें उचित सम्मान दिए जाने की जरूरत है.आज पूरे जिले के बूथों में विशेष कैंप के जरिए सभी दिव्यांग मतदाताओं का विभिन्न तरह का निर्वाचन से जुड़े कार्य संपादित किया जा रहे हैं.मौके पर उपरोक्त के अलावे सदर सीओ उपस्थित रहे.



# छत्तीसगढ़ महतारी की जय : जेपी नड्डा



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी की जीत पर कहा, छत्तीसगढ़ महतारी की जय। भारतीय जनता पार्टी को मिला यह जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व पर जनता के विश्वास की मुहर है. यह परिणाम दर्शाता है कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार, अराजकता, वादाखिलाफी और तुष्टिकरण के खिलाफ प्रदेश की जनता ने भाजपा के सबका-साथ, सबका-विकास, सबका-विश्वास, सबका-प्रयास के मंत्र को समर्थन दिया है. भाजपा के 15 वर्ष के विकास रथ को प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने रोक रखा था, अब हम मोदी जी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ को और गति के साथ विकास के पथ पर अग्रसर करेंगे. इस जीत के लिए छत्तीसगढ़ भाजपा के नेतृत्व और समस्त कर्मठ कार्यकर्ताओं को हृदय से बधाई देता हूँ और प्रदेश की जनता को शुभकामनाएं.

## मध्य प्रदेश परिवार, सबका स्नेह मिलाः शिवराज सिंह



एमपी के सीएम शिवराज सिंह चौहान ने आजतक से बात करते हुए कहा कि हमें पता था कि बहुमत से जीतेंगे. मध्य प्रदेश परिवार है. सबका स्नेह मिला. हमने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिया है. मुस्लिम बहनों ने भी हमें वोट दिया है. जनता ने स्नेह से रिश्ता बनाया है. मध्य प्रदेश की जनता मेरी भगवान है. जनता का अभूतपूर्व विकास हुआ है. पीएम के नेतृत्व पर जनता को भरोसा है.

## अमित शाह ने दी जीत की बधाई



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीनों राज्यों में भाजपा की जीत के लिए जनता का अभिनंदन किया और कहा कि यह जीत मोदी जी के नेतृत्व पर जनता के अटूट विश्वास की जीत है. इस शानदार जीत के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा को बधाई और सभी कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत बधाई.

## जनता की जीत, जिसने कांग्रेस को नकार कर बीजेपी को अपनाया वसुंधरा राजे



राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता वसुंधरा राजे ने कहा, राजस्थान की यह जो शानदार जीत है, यह प्रधानमंत्री मोदी जिनका मंत्र था- सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास, यह उसकी जीत है। उनकी दी हुई गारंटी की जीत है, यह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति की जीत है और यह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के कुशल नेतृत्व की जीत है.यह जीत जनता की है जिसने कांग्रेस को नकारते हुए भाजपा को अपनाने का काम किया है।

## जनादेश को स्वीकार करते हैं : राहुल गांधी

नयी दिल्ली : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तीन राज्यों की हार के बाद ट्वीट किया,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का जनादेश हम विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं. विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी. तेलंगाना के लोगों को मेरा बहुत धन्यवाद. प्रजालु तेलंगाना बनाने का वादा हम ज़रूर पूरा करेंगे.सभी कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत और समर्थन के लिए दिल से शुक्रिया.



## राजस्थान हारने के बाद बोले गहलोत- स्वीकार है हार



राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने अपनी हार स्वीकारते हुए ट्वीट किया, राजस्थान की जनता द्वारा दिए गए जनादेश को हम विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं. यह सभी के लिए एक अप्रत्याशित परिणाम है. यह हार दिखाती है कि हम अपनी योजनाओं, कानूनों और नवाचारों को जनता तक पहुंचाने में पूरी तरह कामयाब नहीं रहे. मैं नई सरकार को शुभकामनाएं देता हूं. मेरी उनको सलाह है कि हम काम करने के बावजूद कामयाब नहीं हुए इसका मतलब ये नहीं कि वो सरकार में आने के बाद काम ही ना करें. ओपस, चिरंजीवी सहित तमाम योजनाएं एवं जो विकास की रफ्तार इन पांच सालों में राजस्थान को हमने दी है वो इसे आगे बढ़ाएं. मैं सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने इस चुनाव में पूरी मेहनत की एवं सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने हमारे ऊपर विश्वास किया.

## राजस्थान में कांग्रेस के कई मंत्री हारे

राजस्थान चुनाव में अब तक के रुझानों में कांग्रेस के कई मंत्रियों को हार का सामना करना पड़ा है. हार का सामना करने वाले मंत्रियों में गोविंद राम मेघवाल से लेकर भंवर सिंह भाटी और प्रसादीलाल मीणा तक शामिल हैं. इनके अलावे रमेश मीणा, विश्वेन्द्र सिंह,प्रताप सिंह खाचरियावास,ममता भूपेश एल, शकुंतला रावत, राजेंद्र यादव, भंवर सिंह भाटी, बीडी कल्ला व प्रमोद जैन भाया हारने वाले मंत्रियों में शामिल हैं।

# 22 वी गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता 16 से



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** 22 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर रविवार को आरकेपीएस स्कूल सोनपुरवा में संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में 22वी गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता 16 दिसंबर से शुरु करने का निर्णय लिया गया।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता तीन ग्रुप में आयोजित किया जायेगा। जूनियर वर्ग में वर्ग आठ तक के छात्र भाग ले सकते है।

वही सीनियर वर्ग में दसवीं के छात्र शामिल हो सकते है। बालिका वर्ग में दसवीं तक की छात्रा शामिल हो सकती है। प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि 12 दिसंबर रखा गया है। प्रवेश शुल्क 3500 रखा गया है। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले टीम अपने पंद्रह सदस्यीय टीम के खिलाड़ियों का दो फोटो, आधार कार्ड ,विद्यालय का बोनाफाइड प्रमाण पत्र, यूडायश कोड की छाया प्रति के साथ प्रतियोगिता के कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी और ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में जमा कर सकते है। प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों की प्रतिभा को आगे लाने और खेल का विकास करने के उद्देश्य से वर्ष 2000 में प्रतियोगिता शुरू किया गया। आज यह प्रतियोगिता बाईस वर्ष में राज्य का सबसे बड़ा प्रतियोगिता हो गया है। प्रतियोगिता की शुरुआत 16 दिसंबर से शुरू होगा और समापन 14 जनवरी को होगा। अध्यक्ष मदन केशरी ने कहा कि इस प्रतियोगिता के खिलाड़ी जिला का प्रतिनिधित्व लगातार कर रहे हैं। पलामू प्रमंडल में लड़कियों का क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सिर्फ गढवा में ही होता है। सचिव आनंद सिन्हा ने कहा कि प्रतियोगिता के बारे में विशेष जानकारी देते हुए कहा कि प्रतियोगिता तीन ग्रुप में आयोजित की जाएगी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले वाली टीम 12 दिसंबर तक अपना निबंधन करा ले। बैठक के अंत में उपाध्यक्ष सिस्टर रोशना की मां के निधन पर शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। बैठक में संघ के उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता ,सुशील केशरी, धनंजय सिंह, चंद्र भूषण सिन्हा, पीके दुबे, चन्द्रभुषण सिन्हा, सोनू, मनोज तिवारी, आशुतोष सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी,प्राचार्य प्रमोद झा,चंदन कश्यप , धर्मेंद्र सिंह,राजा, नवनीत कमलापुरी, अभिषेक द्विवेदी, विकास कुमार ,दीपक कुमार, सोनू कुमार सिंघानिया शामिल थे।

## गुरु नानक सेवक जत्था ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण

**रांची :** गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा 2 नवंबर,शनिवार को रिम्स और रेलवे स्टेशन में ठंड से ठिठुर रहे लोगों को कंबल उपलब्ध कराया गया.जत्था के सदस्यों ने रात 11:00 बजे से मध्य रात्रि 2:00 बजे तक ठंड से सिकुड़ रहे रिम्स में मरीज के परिजनों एवं रांची रेलवे स्टेशन में जरूरतमंद कुल पचास लोगों को स्वयं कंबल ओढ़ाया. कंबल वितरण में जत्था के सूरज झंडई,कशिश नागपाल,जीत सिंह मुंजाल,पुनीत अरोड़ा,वरुण गेरा,वंश डावरा,रोनित मुंजाल समेत अन्य शामिल थे. संस्था के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि गुरु नानक सेवक जत्था का कंबल वितरण का कार्यक्रम अभी पूरी ठंड चलेगा और इस कंबल के लिए राशि समाज के लोगों के सहयोग से इक्कठी की जा रही है.



# लालू यादव ने गरीब व दलितों को हक दिलाने का काम किया : सुभाष यादव

### * राजद का जनता के पांव पूजाई कार्यक्रम आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** झारखंड में जातिगत आरक्षण जरूरी है। जब तक आरक्षण जातिगत आरक्षण नहीं होगा, भागीदारी के अनुसार हिस्सेदारी सुनिश्चित नहीं हो पाएगा। उक्त बातें राजद के द्वारा गोविंद हाई स्कूल के मैदान में आयोजित जनता के पांव पूजाई कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुभाष यादव ने कही।

उन्होंने कहा कि 2024 का समय आने वाला है। राम रहीम के नाम पर कुछ लोग देश को बांटने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने देश के अत्यंत पिछड़े गरीब असहाय दलित लोगों को उनका हक दिलाने का काम किया है। एक समय था कि लोगों को चारपाई पर बैठने का अधिकार नहीं था।

लेकिन दलित के नेता लालू प्रसाद यादव ने उन्हें हक और अधिकार दिलाया। कहा कि आने वाले दिनों में राजद का गढ़ कहे जाने वाला



पलामू चतरा और कोडरमा के सीट पर लोकसभा में अपनी उम्मीदवार उतारेंगे। उन्होंने कहा कि आज हम लोग झारखंड में बिछड़े हुए लोगों को एक साथ एक मंच पर लाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में जनता मालिक है। लेकिन आज कुछ ऐसे नेता है जो जनता के वोट से जीत कर खुद को घमंड में चूर हो जाते हैं।

राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि अब तक जनता की पांव पुजाई कार्यक्रम चतरा और कोडरमा में हो चुका है। रविवार को गढ़वा में किया गया है। उन्होंने कहा कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने वंचितों दलित एवं स्वर्ण समुदाय के लोगों के लिए पंचायत में विद्यालय खुलवाने का काम किया है। उन्होंने उपस्थित जनमानसों से कहा कि हम सभी एकजुट हो और आने वाले दिन पुनः राजद का होगा।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद घूरन राम ने कहा कि राजद के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव जन-जन के विचार हैं। आज भी हर वर्ग के लोगों के दिलों पर राज करते हैं। इंजीनियर श्याम दास सिंह यादव ने कहा कि पलामू राजद का गढ़ रहा है। और यहां के लोग हमेशा से आशीर्वाद राजद को देते रहे हैं। आने वाला दिन राजद का होगा। मौके पर राजद जिला अध्यक्ष सूरज सिंह, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, प्रदेश महासचिव फैजल हक, पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनीता यादव, विजय राम, जमरूद्दीन अंसारी, फरीद खान, डॉक्टर मकबूल आलम, युवा राजद के सोनू यादव, धर्मराज राम, वीरेंद्र यादव, पारसनाथ विश्वकर्मा, मुजीबु रहमान, मुनेश्वर सिंह, कामेश्वर यादव, सीमा यादव सहित बड़ी संख्या मे राजद के नेता उपस्थित थे।

# पलामू का विकास नहीं चाहते भाजपाई : राजेंद्र सिन्हा

### * झामुमो की सरकार में सबों को दिया जाता है सम्मान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगरः** झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने भाजपा द्वारा दिए गए बयान के बाद स्थानीय जिला कार्यालय में प्रेस कान्फ्रेस कर कड़ा हमला किया है। राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा,अगर भाजपा की ओर से कोई रोक नहीं, तो फिर भाजपा के डाल्टनगंज से विधायक आलोक चौरसिया,पांकी से विधायक शशिभूषण मेहता, विश्रामपुर से विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी और स्वयं पुष्पा देवी आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में क्यों नहीं जाते ? झामुमो की सरकार में सबों को सम्मान दिया जाता है। जबकि सभी भाजपा विधायकों और सांसद के नाम की लगी कुर्सी खाली रह गई। इन्हें बताना चाहिए कि क्या ये लोग नहीं चाहते कि जनता को सीधे लाभ मिले? सच्चाई ये है कि भाजपाई



बिचौलियावाद के पोषक और संरक्षक रहे हैं। इन लोगों की हमेशा से चाहत है कि ब्लॉक में बिचौलिया हावी रहें और इन्हे इनके हिस्से का लाभ मिलता रहे। आज जब जनता को पदाधिकारी सीधा उनके द्वार तक पहुंच लाभ पहुंचा रहे हैं, तो इनसे ये सब जनहित के काम बर्दास्त नहीं हो पा रहा है। इन्हें मुख्यमंत्री से राजनीतिक सुचिता सीखना चाहिए कि कैसे वो प्रधानमंत्री जी का अभिवादन करते हैं, कैसे स्वागत करते हैं। जबकि भाजपाई विधायकगण सीएम के कार्यक्रमों से भाग जाते हैं। विकास होता देख इन लोगों को घबराहट होती है, अपनी राजनीतिक जमीन खिसकती दिख रही है। महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा ने कहा, भाजपा विधायक पुष्पा देवी सहित सभी भाजपाइयों की अंतरात्मा मर चुकी है। भाजपा के लोगों को याद करना चाहिए था की पूर्व के रघुबर सरकार में सहिया महिलाओं और पारा टीचरों पर लाठी चार्ज होता था, जनता पर अत्याचार होता था, पलामू की बेटी के पिता को कैसे रघुबर दास ने अपमानित किया था, ये पूरे पलामू को याद है। मुख्यमंत्री ने सम्मान के साथ चाय पिलाकर, विधायक पुष्पा देवी की पूरी बात सुनी और उनका ज्ञापन भी लिया, और सभी समस्याओं का निवारण का भरोसा दिलाया। अचानक से तकलीफ होते देख लग रहा है की भाजपा आलाकमान ने जैसे उन्हें कार्यक्रम में जाने को माना किया है, वैसे ही इनसे प्रेस कांफ्रेंस भी कराया गया है। काश भाजपा इन्हें विकास करने की बात कहती, नकारात्मक राजनीति की नहीं। राजेंद्र सिन्हा ने आगे कहा कि रघुबर दास ने जब 5000 स्कूलों को हमेशा के लिए बंद कर दिया था, तब तो ये लोग सोए हुए थे। आज इनके दुख के कारण को जनता अच्छे से समझ रही है, जब स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खुल रहा है, ये घड़ियाली आंसू बहाते दिख रहे हैं। अबुआ आवास मिलता देख, छात्रों को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड मिलता देख ये लोग पूरी तरह से हिल गए हैं। भाजपा के नेताओं से अनुरोध है कि अखबारों में बयानवीर बनने से अच्छा है कि क्षेत्र में जाएं और आम आदमी को योजनाओं का लाभ दिलाएं। खैर आयातित भाजपाई विधायक-सांसद भाजपा के लोगों से ही नहीं मिलते, तो आम जनता से क्या ही मिलेंगे। इस कांफ्रेंस में सचिव सन्नू सिद्धिकी, उपाध्यक्ष रंजन चंद्रवंशी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, संयुक्त सचिव उमा सिंह उपस्थित थे।

## लाइट हाउस आवंटन में हो रही देरी को लेकर लाभुकों ने की बैठक

**रांची।** लाइट हाउस आवंटन में हो रही देरी के संबंध में लाभूकों द्वारा एक आवश्यक बैठक की गई। यह बैठक पंचमुखी हनुमान मंदिर के प्रांगण में रखी गई थी। जिसमें लाइफ हाउस। के लगभग सभी लाभूको ने अपनी अपनी बातें रखी और यह बात कही गई , कि हम लोगों को दोहरी मार देखना पड़ रहा है। जिसके कारण उन लोगों को विभिन्न तरह की परेशानी हो रही है। नगर निगम के द्वारा 2000 होल्डिंग टैक्स के नाम पर फाइन लिया जा रहा है ,जो सरासर गलत है। इस बैठक में लाभुक सरकार से मांग करती है कि उन्हें फ्लैट जल्द से जल्द आवंटित हो। इस बैठक में अध्यक्षता सुदर्शन लाल ने की।



# विधानसभा चुनावों की जीत भाजपा के नेता नीति और नीयत की जीत है : बाबूलाल मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ,राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष सहित केंद्रीय एवम प्रदेशों के नेतृत्व को बधाई देते हुए चुनाव परिणामों पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़,राजस्थान एवम तेलंगाना की जनता का आभार प्रकट किया। कहा कि तीन राज्यों में भाजपा को मिला स्पष्ट और मजबूत जनादेश ने भारत की राजनीति को नई दिशा दी है। मरांडी ने कहा कि यह भाजपा के नेता, नीति और नीयत की जीत है। विश्व के सर्वमान्य नेता एवम भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में जनता का भरोसा दिन प्रतिदिन बढ़ा है। जनता ने मोदी की गारंटी पर विश्वास किया है। उन्होंने कहा कि यह जीत विकास के राजनीति की जीत है। उन्होंने कहा कि जनता ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जनादेश दिया है,सनातन विरोधियों को सबक सिखाई है। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पार्टी के समर्पित और सेवाभावी करोड़ों कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों कार्यक्रमों को जनता के बीच ले जाने में अथक परिश्रम किया। मोदी की गारंटी को जन जन तक पहुंचाया। जीत की बधाई एवम शुभकामनाएं देने वालों में निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित प्रदेश पदाधिकारी गण शामिल हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री



आशा लकड़ा, रविन्द्र राय, गंगोत्री कुजूर, सीपी सिंह,राकेश प्रसाद ,सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, हेमन्त दास, सूरज चौरसिया, शिवपूजन पाठक, प्रेम मित्तल, अशोक बड़ाईक, तारिक इमरान, प्रदीप सिन्हा, प्रतुल शाहदेव, सरोज सिंह, अविनेश सिंह, आरती कुजूर, किसलय तिवारी, अनवर हयात, नीरज पासवान,अजय मारू, उमा शंकर केडिया, सीमा शर्मा, उषा पांडेय, पुनीता राय, सत्यनारायण सिंह, अरविंद सिंह, सुनील साहू, कृपा शंकर सिंह, संजय जायसवाल, प्रमोद मिश्रा, सांवरमल अग्रवाल, रविनाथ किशोर, मुकेश मुक्ता, अरुण झा, चंद्रप्रकाश, संदीप वर्मा, सुरेश वर्मा, वरुण साहू, बलराम सिंह,ललित ओझा, रमाकांत महतो, गुनानंद महतो, रोमित नारायण सिंह, सिमा सिंह, मंजू लता दुबे, सरिता पांडेय, भूपेंद्र सिंह, सूर्या प्रभात,अमिताभ धीरज, अमन जायसवाल, नीतू सिंह, संजय पोद्दार, सतीश सिन्हा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हैं।